धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शनिवार

06.01.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 174



12 इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर रिलीज

न्यूज डायरी

### झारखंड कैबिनेट की बैठक नौ को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 9 जनवरी को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, समन्वय द्वारा इसकी सूचना दी गयी है। मंत्रिपरिषद् की बैठक मंगलवार को अपराह्न 4 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### चार हजार रिश्वत लेते लिपिक गिरफ्तार

**धनबाद।** रणधीर वर्मा चौक स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के लिपिक उमेश सिंह को एसीबी ने रंगेहाथ 4000 घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। एसीबी टीम ने आरोपी को एसीबी कार्यालय ले गयी। लिपिक ने विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर 4000 रिश्वत मांगी थी।

### अच्छे कर्मों का फल है निमंत्रण : कड़िया मुंडा

**खूंटी/रांची।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत और निमंत्रण को लेकर पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष और विहिप के केंद्रीय न्यासी कड़िया मुंडा ने कहा कि अच्छे कर्मों का फल है कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण हमें मिला। जीवन में यह सुखद पल पूर्व एवं वर्तमान जन्म के अच्छे कर्मों के कारण ही संभव हुआ होगा।

### जेपीसी उग्रवादी लालू को पांच वर्ष की सजा

**पलामू।** व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नंबर-दो की अदालत ने शुक्रवार को उग्रवादी संगठन जेपीसी के सक्रिय सदस्य लालू यादव उर्फ रोशन यादव को धारा 25 (1) 26, 27 और 35 आर्म्स एक्ट में पांच वर्ष कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। लालू पांकी थाना के केकरगढ़ का है।

### पुल निर्माण में लगे तीन वाहनों को जलाया

**लातेहार।** बारियातू थाना क्षेत्र के बालूभांग गांव के निकट शुक्रवार की शाम भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने पुल निर्माण कार्य स्थल पर जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने कार्यस्थल पर खड़े तीन वाहनों में आग लगा दी।

### धमकी मामले में जेलर समेत तीन सस्पेंड

**रांची।** एक अखबार के संपादकों को जेल से धमकी देने के मामले में जेलर प्रमोद कुमार समेत तीन लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। जिन्हें सस्पेंड किया गया है, उनमें कंप्यूटर ऑपरेटर पवन कुमार और उच्च कक्षपाल अवधेश सिंह शामिल हैं। शराब माफिया योगेंद्र तिवारी ने पिछले दिनों फोन पर धमकी दी थी।

### पाकिस्तान में टल गया आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** आर्थिक तंगी और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे पाकिस्तान में आम चुनाव टल गया है। शुक्रवार को पाकिस्तानी सीनेट ने आम चुनाव को टालने वाले एक प्रस्तान को मंजूरी दे दी है। बता दें पाकिस्तान में आठ फरवरी से चुनाव होने थे। अब तिथि क्या होगी इसे लेकर कोई बयान नहीं आया है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |


तीसरी आंख




# धोनी संग धोखा, 15 करोड़ लेकर बिजनेस पार्टनर फरार

## मिहिर और सौम्या के खिलाफ केस दर्ज, अगली सुनवाई 20 को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कैप्टन कूल एमएस धोनी के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इसे लेकर धोनी ने पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर के खिलाफ रांची की अदालत में मुकदमा दर्ज कराया है। धोनी ने पूर्व बिजनेस पार्टनर पर 15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। माही के साथ यह धोखाधड़ी उनके करीबी दोस्त और पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर ने की है। कैप्टन कूल ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ रांची की सिविल कोर्ट में आपराधिक केस दर्ज कराया है। शुक्रवार को इसकी सुनवाई भी हुई। अगली सुनवाई की तिथि 20 जनवरी तय की गयी है। (शेष पेज 11 पर)

### क्या है मामला

मिहिर दिवाकर ने 2017 में विश्व स्तर की एक क्रिकेट एकेडमी बनाने के लिए धोनी के साथ एग्रीमेंट किया था। इसमें कुछ नियम और शर्तें भी रखी गयी थी, लेकिन, मिहिर ने इन शर्तों का पालन नहीं किया और प्रॉफिट को भी साझा नहीं किया।



फाइनांशली तौर पर महेंद्र सिंह धोनी ने खुद को ठगा महसूस किया। धोनी को 15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके बाद धोनी के अधिवक्ता दयानंद सिंह ने आर्का स्पोर्ट्स पर 15 करोड़ रुपये से ज्यादा के रकम की हेराफेरी का जिक्र करते हुए क्रिमिनल केस दाखिल किया है। केस दर्ज कराने से पहले, शर्तों का पालन नहीं करने के बाद धोनी ने अरका स्पोर्ट्स को 15 अगस्त 2021 को नोटिस भेजा था। फिर आर्का स्पोर्ट्स को दिए गये अधिकार रद्द कर दिए गये थे। धोनी ने बिजनेस पार्टनर के खिलाफ कई नोटिस भी भेजे थे, लेकिन फिर भी इसका कोई फायदा नहीं हुआ। आर्का स्पोर्ट्स ने धोनी के साथ धोखाधड़ी की है, जिससे धोनी को 15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### धमकी की भी शिकायत

यह भी जानकारी मिल रही है कि धोनी के मित्र सीमांत लोहानी उर्फ चित्तू ने पुलिस में यह कहते हुए शिकायत दर्ज करायी है कि उन्हें मिहिर दिवाकर की ओर से धमकी भी दी गयी है। उनका आरोप है कि मिहिर दिवाकर धमकी दे रहा है कि आर्का स्पोर्ट्स के खिलाफ लीगल एक्शन लेने पर परिणाम भुगतना पड़ेगा। शीर्ष क्रिकेटर के साथ धोखाधड़ी का यह मामला नया नहीं है।

### धोनी ने लोहानी को बनाया था प्रतिनिधि

एमएस धोनी ने अपने प्रतिनिधि सीमांत लोहानी को मुकदमा दर्ज करने का अधिकार दिया था। सीमांत लोहानी ने 27 अक्तूबर 2023 को उक्त मुकदमा दर्ज कराया। इसमें कहा गया है कि मिहिर दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए साल 2017 में एमएस धोनी के साथ एक समझौता के बाद उसे फ्रेंचाइजी दिया गया था। एकरारनामा के तहत प्रॉफिट शेयर का 70-30 का अनुपात तय हुआ था। धोनी को लाभ का 70 फीसदी भुगतान करना था, लेकिन, समझौते के सभी नियम और शर्तों की धज्जियां उड़ा दी। जब धोनी को इसकी जानकारी हुई तो समझौता को अगस्त 2021 में वापस ले लिया। इसके बावजूद आरोपियों ने एमएस धोनी क्रिकेट अकादमी खोले जा रहे थे। इसके बाद धोनी ने उनलोगों को कानूनी नोटिस भेजा। जिसका जवाब भी दिया गया। लेकिन, अकादमी खोलना बंद नहीं हुआ। इससे 15 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। यह और बढ़ भी सकता है।



# टीएमसी नेता के घर रेड करने गयी इडी टीम पर हमला

- तीन घायल, राज्यपाल ने गृह सचिव को किया तलब
- कोलकाता हाइकोर्ट ने कहा ढह रहा संवैधानिक ढांचा

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शुक्रवार को टीएमसी के एक नेता के आवास पर छापेमारी करने गयी प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। उनकी गाड़ियों को तोड़ दिया गया। हमले में इडी के करीब तीन अधिकारी घायल भी हो गये हैं। इडी की टीम उत्तर 24 परगना स्थित संदेशखाली में राशन भ्रष्टाचार मामले की जांच करने पहुंची थी। तभी राशन डीलर और टीएमसी नेता शेख शाहजहां के समर्थकों के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया। अफसरों को भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी। राज्यपाल ने इस घटना को लेकर गृह सचिव व डीजीपी को तलब किया है। उचित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है। वहीं इस मामले पर कलकता हाईकोर्ट के जज ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में संवैधानिक ढांचा ढह रहा है। केंद्रीय मंत्री निशिथ प्रमाणिक ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं।

**अधिकारियों ने भाग कर बचायी जान :** केंद्रीय बलों के वहां मौजूद होने के बावजूद सैकड़ों लोगों के हमले से बचने के लिए इडी अफसरों को वहां से हटना पड़ा। शुक्रवार सुबह से ईडी ने राशन भ्रष्टाचार मामले में उत्तर 24 परगना के कई जगहों पर कार्रवाई शुरू की। बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या के घर और आइसक्रीम फैक्ट्री पर भी छापेमारी की। (शेष पेज 11 पर)

### हाईकोर्ट का बड़ा बयान

इडी टीम पर हमला मामले पर कलकता हाईकोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में संवैधानिक ढांचा ढह रहा है। उन्होंने राज्यपाल पर सवाल उठाते उठाया। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने यह टिप्पणी तब की जब हाईकोर्ट के एक वकील ने उन्हें उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस नेता शेख साजहान के आवास पर छापा मारने की कोशिश के दौरान स्थानीय गुंडों द्वारा ईडी के अधिकारियों और केंद्रीय बलों के जवानों पर हमला किया गया। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने पूछा कि राज्यपाल राज्य में संवैधानिक ढांचे के पतन पर कोई बयान क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में राज्य पुलिस की भूमिका के बारे में भी पूछताछ की। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने सवाल किया, क्या राज्य पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे? अगर जांच अधिकारियों पर ही हमला हो तो उचित जांच कैसे हो सकती है? अदालत में मौजूद डिप्टी सॉलिसिटर जनरल को भी न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के सवाल का सामना करना पड़ा। न्यायमूर्ति ने कहा कि आपके लोगों को पीटा गया। क्या वे हथियार नहीं रखते? क्या वे उनका उपयोग नहीं कर सकते थे? यदि आपके दो अधिकारी घायल हो गये तो, 200 कर्मचारी भेजे। इस तरह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तृणमूल कांग्रेस के राज्य प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ऐसी टिप्पणी करके अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जा रहे हैं।



# झारखंड में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश

## कई जगह ओले भी गिरे, बदला मौसम, कड़ाके की पड़ेगी ठंड

- पश्चिमी विक्षोभ के कारण आठ को देश के कई भागों में पड़ेगी कड़ाके की ठंड
- अगले पांच दिनों के अदंर न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक शुक्रवार को शाम होते ही मौसम ने करवट ली और राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में अचानक तेज बारिश हुई। रांची के कई इलाकों में छोटे-छोटे ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार आठ से पूरे प्रदेश में ठंड और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण आठ जनवरी को झारखंड समेत देश के कई भागों में कड़ाके की ठंड पड़ने की आशंका जतायी है।

शुक्रवार को राज्य के कई हिस्सो में तेज हवा के साथ हल्के दर्जे की बारिश रिकॉर्ड की गयी। राजधानी रांची की बात करें तो दोपहर तीन के बाद मौसम में बदलाव देखा गया। रांची, नामकुम, टाटीसिलवे, मेन रोड, रातू रोड कोकर सहित अन्य इलाकों में तेज हवा के साथ थोड़ी देर जोरदार बारिश हुई। हालांकि रांची में पिछले दो दिनों से आंशिक बादल छाये हुए थे। वहीं शुक्रवार की सुबह से ही बादल और धुंध देखा गया। इसके साथ ही रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा में भी बादल छाये रहे। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य के उत्तर पश्चिमी, मध्य और निकटवर्ती दक्षिणी हिस्से छह जनवरी को भी बारिश की संभावना है। इस दौरान अन्य इलाकों में घना कोहरा और बादल छाये रहने की संभावना है। इसके साथ ही मौसम विज्ञान केंद्र ने मध्यम दर्जे की कोहरा के साथ गर्जन और वज्रपात की जानकारी दी है।

केंद्र ने सात जनवरी से राजधानी समेत राज्य भर में धूप निकलने की जानकारी दी है। हालांकि इस दौरान सुबह और शाम के वक्त कोहरा का असर देखा जायेगा। तापमान की बात करें तो आने वाले पांच दिनों के अदंर न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं जतायी गयी है। इस दौरान राज्य का अधिकतम तापमान 25 डिग्री तक और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक होने की संभावना है।



## पूजा सिंघल ने हाईकोर्ट से याचिका वापस ली

# इडी के अहम गवाह की फिर होगी गवाही

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनरेगा घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से हाइकोर्ट में दायर चुनौती याचिका वापस ले ली गयी। वहीं मनी लॉन्ड्रिंग केस में इडी के अहम गवाह अभयनंद अंबष्ट की दोबारा कोर्ट में गवाही दर्ज होगी। कोर्ट ने दोबारा गवाही के लिए इडी की ओर से दिये गये आवेदन को स्वीकार कर लिया है। दरअसल, खूंटी जिला के तत्कालीन पदाधिकारी अभयनंद अम्बष्ट मनरेगा घोटाला केस में काफी अहम गवाह हैं। पिछले दिनों आरोपियों की ओर से उनका क्रॉस इग्जामिनेशन किया गया था। वहीं, इडी की ओर से भी उनकी गवाही कोर्ट के समक्ष दर्ज करवायी गयी थी। ईडी ने कोर्ट को आवेदन देकर यह आग्रह किया था कि अभयनंद की गवाही दोबारा करवायी जाने की अनुमति दी जाये।



**याचिका वापस ली :** पूजा सिंघल की ओर से निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने को चुनौती देने वाली याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। (शेष पेज 11 पर)

## हाइकोर्ट का निर्देश

### बागेश्वर बाबा कार्यक्रम मामले में एक हफ्ते में निर्णय दें पलामू डीसी

**रांची।** पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) के 10 से 15 फरवरी 2024 के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने उपायुक्त पलामू को निर्देश दिया कि 3 जनवरी को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर दिए गए डिटेल एक्शन प्लान पर एक सप्ताह में समुचित निर्णय लें। कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि पिछले 2 साल में झारखंड में कितने धार्मिक कार्यक्रमों को अनुमति दी गई और कितने के कार्यक्रम को रिजेक्ट किया गया।

## झामुमो ने निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, कहा दिल्ली भी जायेंगे

# गांडेय में जल्द उपचुनाव की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिल कर गांडेय विधानसभा सीट पर शीघ्र उपचुनाव कराने की मांग की। पार्टी नेताओं ने इस संबंध में उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग को इसकी जानकारी दे दी गयी है। झामुमो विधायक डॉ सरफराज अहमद के इस्तीफे से गांडेय विधानसभा सीट खाली है।

अपनी मांग को लेकर झामुमो ने ज्ञापन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 151 ए का हवाला देते हुए कहा है कि विधानसभा सीट खाली होने की स्थिति में छह माह के अंदर उपचुनाव कराने का प्रावधान है, ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग गांडेय में शीघ्र उपचुनाव करायें। बाद में बाद झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि झारखंड विधानसभा का पहला सत्र 06 जनवरी 2020 को बुलाया गया था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 172 के अनुसार, इसका कार्यकाल पांचवी विधानसभा 05 जनवरी 2025 तक है। ज्ञापन के साथ झामुमो ने प्रमोद लक्ष्मण गुडाधे बनाम भारत निर्वाचन आयोग एवं अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रति भी संलग्न की। इसमें कहा गया है कि यदि एक वर्ष से अधिक का कार्यकाल शेष रहता है तो छह माह के भीतर उपचुनाव कराना आवश्यक है।



### आयोग को दी जा चुकी है जानकारी

विनोद पांडे ने कहा कि जरूरत पड़ी तो पार्टी दिल्ली चुनाव आयोग भी जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के मुख्य सचेतक नलिन सोरेन, केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य समेत कई अन्य नेता शामिल थे। वहीं झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने बताया कि रिक्त सीट की जानकारी चुनाव आयोग को पहले ही दी जा चुकी है। पार्टी की ओर दिया गया पत्र भी चुनाव आयोग को भी भेजा जायेगा।

# गर्भगृह में एक नहीं दो मूर्तियों की होगी प्राण प्रतिष्ठा

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 16 से, 22 से अनवरत जलता रहेगा अखंड दीप




रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को पीएम मोदी के हाथों से होगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 16 जनवरी से शुरू हो जायेगा, जो सात दिनों तक चलेगा। राममंदिर के गर्भगृह में दो मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। विराजमान रामलला उत्सव मूर्ति व नवनिर्मित रामलला अचल मूर्ति के रूप में प्राण प्रतिष्ठित होंगे। पद्मिनी वेदी में भगवान को बिठाकर पूजन के संस्कार किये जायेंगे। इस वेदी में विराजमान रामलला की मूर्ति ही रखी जायेगी।

नवनिर्मित मूर्ति आकार में बड़ी है इसलिए उसे बार-बार इधर-उधर नहीं किया जा सकता। इसी के चलते अनुष्ठान की प्रक्रिया छोटी मूर्ति के साथ पूरी की जायेगी। हालांकि प्राण प्रतिष्ठा दोनों मूर्तियों की होगी। पूजन के जो विधिविधान व संस्कार छोटी मूर्ति के होंगे वहीं अचल मूर्ति के भी होंगे। राम मंदिर में एक अखंड दीपक भी जलाया जायेगा, जो अयोध्या पहुंच चुका है। अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 से ही अखंड दीपक भी जलाया जायेगा, जो अनवरत जलता रहेगा, यानी इसकी लौ कभी बुझेगी नहीं। (शेष पेज 11 पर)



**पहली बार 18 को होंगे अचल मूर्ति के दर्शन :** वैदिक आचार्य सुनील लक्ष्मीकांत दीक्षित ने बताया कि नवनिर्मित अचल मूर्ति के दर्शन आचार्यों को 18 जनवरी को पहली बार होंगे। राममंदिर के ईशान कोण में पूजन के लिए यज्ञ मंडप बनाया जा रहा है। नौ हवन कुंड बन रहे हैं। अब तक चार कुंड बन चुके हैं, दस जनवरी तक हवन कुंड निर्माण का काम पूरा हो जायेगा। शुक्रवार को आचार्यों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ बैठक भी की। आचार्य अरुण दीक्षित ने बताया कि हर रोज घंटे भर पूजन की प्रक्रिया चलेगी। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में देश भर के 121 आचार्य शामिल होंगे। यजमान की शुद्धता के लिए प्रायश्चित पूजन किया जाता है। इसी दिन मां सरयू की भी पूजा होगी। पूजन के लिए पांच वेदियां बनायीं जा रही हैं। योगिनी, क्षेत्रपाल, वास्तु वेदी की स्थापना होगा। पद्मिनी वेदी में भगवान को बिठाकर पूजन के संस्कार किये जायेंगे।

# 5 करोड़ कैश, विदेश हथियार और शराब की बोतलें मिली

- हरियाणा में दो नेताओं के यहां इडी की छापामारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगियों के यहां छापेमारी के में विदेशी हथियार, 300 कारतूस, पांच करोड़ नकद और 100 से अधिक शराब की बोतलें बरामद की हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने हरियाणा के यमुनानगर जिले में कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में पूर्व विधायक सिंह और सोनीपत से कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार के खिलाफ छापेमारी शुरू की थी।

सूत्रों ने बताया कि सिंह और उनके सहयोगियों से जुड़े परिसरों से लगभग पांच करोड़ रुपये नकद, कथित अवैध" विदेशी हथियार, लगभग 300 कारतूस, 100 से अधिक शराब की बोतलें, चार-पांच किलोग्राम सोना और भारत और विदेशों में संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

**खबरें अदालत की**



## व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**लैंड स्कैम**

**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ की जमीन खरीदने मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में दायर जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। दरअसल,18 सितंबर को ईडी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई है। बता दें कि 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है।

## नोट फॉर वोट मामला: आरोपी सीता सोरेन ने सीबीआई कोर्ट में जमा किया पासपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नोट फॉर वोट मामले में आरोपी झामुमो की विधायक सीता सोरेन शुक्रवार को सीबीआई कोर्ट पहुंची और उन्होंने अपना पासपोर्ट जमा किया। पिछले दिनों सीता सोरेन ने अपना पासपोर्ट नवीकरण के लिए सीबीआई कोर्ट से प्राप्त की थी। पासपोर्ट का नवीकरण होने के बाद पुनः कोर्ट में जमा करने का निर्देश था। इसके तहत उन्होंने कोर्ट आकर अपना पासपोर्ट जमा किया। मालूम हो कि सीता सोरेन पर साल 2012 में हुए राज्यसभा चुनाव में पैसे लेकर एक प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने का आरोप है। आरोप में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में वर्तमान में सीबीआई की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जा रहा है।

## हाईकोर्ट में गेंदा राम और राजकुमारी की जमानत को लेकर अगली सुनवाई 12 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी एवं वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने प्रार्थी के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले के अगली सुनवाई 12 जनवरी निर्धारित की है। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल हो चुका है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। बता दें कि पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने गेंदा राम और राज कुमारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

## वीरेंद्र राम के सहयोगी ताराचंद की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी हवाला कारोबारी ताराचंद की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया। इनके खिलाफ ईडी ने अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) कोर्ट में दाखिल की है। बता दें कि ताराचंद को ईडी ने 23 जून को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद तीनों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। ताराचंद पर वीरेंद्र राम के पैसों का निवेश में सहायता करने का आरोप है। वीरेंद्र राम की ब्लैक मनी को वह विभिन्न बैंकों में लोगों के अकाउंट खुलवाकर व्हाइट करने का काम करता था। लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाने का काम वह वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल के कहने पर करता था।

## पंकज मिश्रा की जमानत पर हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब, अब सुनवाई 8 फरवरी को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** टेंडर मैनेज करने और साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में ईडी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 8 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले ईडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बता दें पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। तलाशी के दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकद जब्त किया गया था। ईडी ने साइट से अवैध रूप से संचालित पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक और कारतूस भी जब्त किए थे।

**प्रार्थी के समय मांगे जाने पर हाईकोर्ट नाराज**

## हाईकोर्ट की मौखिक टिप्पणी- बहस जल्द पूरी करें अन्यथा कोर्ट अपना आदेश करेगी पारित

**अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की कोर्ट ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से समय में मांगे जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि बहस जल्द पूरी करें अन्यथा कोर्ट अपना आदेश पारित करेगी।

दरअसल, ईडी कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। मामले को लेकर ईडी ने मामला दर्ज किया है।

**राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आयोग के पदाधिकारयों को चुनाव की तैयारी शुरू करने का दिया निर्देश**

# निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग रेस, पर इतने कम समय में चुनाव आसान नहीं

**हाई कोर्ट के आदेश को हकीकत में बदलना सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के लिए बेहद चुनौतिपूण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

| | |
|---|---|
| नगर निकाय | 48 |
| नगर निगम | 9 |
| नगर परिषद | 21 |
| नगर पंचायत | 18 |



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद तीन सप्ताह के भीतर नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने की दिशा में राज्य निर्वाचन आयोग की गतिविधि तेज हो गयी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त डीके तिवारी ने शुक्रवार को आयोग के पदाधिकारी के साथ बैठक कर चुनाव तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट के फैसले की कॉपी आयोग को मिलते ही राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीख से संबंधित अनुशंसा सरकार को भेजेगी। सरकार द्वारा हरी झंडी मिलने के पश्चात राज्यपाल की स्वीकृति ली जाएगी। उसके बाद घोषणा की जाएगी। ये सारी प्रक्रिया तीन सप्ताह में पूरी होनी है, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश को हकीकत में बदलना सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है।

हाईकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव को लेकर तीन सप्ताह के अंदर सरकार को अधिसूचना जारी करने को कहा है। ऐसे में सरकार के समक्ष दो विकल्प हैं या तो सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ जाएं या फिर अधिसूचना जारी कर चुनाव कराने का निर्णय लें। इन सबके बीच इस संबंध में सरकार के स्तर पर मंथन भी शुरू हो गया है। महाधिवक्ता की राय मिलते ही सरकार द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

जानकार बताते हैं कि इतनी जल्दी चुनाव कराना संभव नहीं है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद राज्य निर्वाचन आयोग नगर निकाय चुनाव कराने की तैयारी में जुट गया है, लेकिन प्रशासनिक दृष्टि से जल्दबाजी में इसे पूरा करना संभव होता नहीं दिख रहा है। नगर निकायों में चुनाव कराने के लिए मतदाता सूची से लेकर मतदान केंद्र का निर्धारण और सबसे ज्यादा पेंचिदा मामला आरक्षण रोस्टर को तैयार करना है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा हर साल जारी होने वाले मतदाता सूची के आधार पर ही राज्य निर्वाचन आयोग इसे विखंडित कर निर्वाचन कार्य में प्रयोग करता है। ऐसे में इस साल 22 जनवरी को नए मतदाता सूची का प्रकाशन हो रहा है। यदि इसके बाद चुनाव की घोषणा की जाती है तो राज्य निर्वाचन आयोग को 2024 के मतदाता सूची के आधार पर ही इसे विखंडित कर चुनाव संपन्न कराना होगा। जिसके लिए कम से कम 2 महीने का वक्त लगेगा।

### आरक्षण तय करना चुनौतिपूर्ण

मतदाता सूची के बाद मतदान केंद्रों का निर्धारण और पदों के चक्रीय आरक्षण को तैयार करना एक चुनौतीपूर्ण काम है। इसके लिए संवैधानिक प्रावधान के तहत समय निर्धारित है। चूंकि यह चुनाव ईवीएम के माध्यम से होना है, इस वजह से लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर फिलहाल राज्य निर्वाचन आयोग को मिलना मुश्किल है। इन सबके बीच आगे लोकसभा चुनाव भी राज्य में संपन्न होने हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि 15 मार्च तक इसकी घोषणा हो जाएगी। स्वाभाविक रूप से लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारी के बीच शहर की सरकार बनने में तकनीकी अड़चन सामने आएगी।

**2020 से है लटका नगर निकाय का चुनाव :** सभी नगर निकाय पदाधिकारी के भरोसे चल रहा है। राज्य में एक साथ सभी नगर निकायों का चुनाव कराने की तैयारी फरवरी 2023 में लगभग पूरी हो चुकी थी। ऐन वक्त पर पदों के चक्रीय आरक्षण के मुद्दे पर पेंच फंसने के बाद इसे अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया।

### इन नगर निकायों में होंगे चुनाव

**नगर निगम चुनाव :** रांची, हजारीबाग, मेदिनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो।

**नगर परिषद :** नगर परिषद गढ़वा, बिश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम

**नगर पंचायत :** बरहरवा, बासुकीनाथ, बुंडू, चाकुलिया, छतरपुर, धनवार, डोमचांच, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, जामताड़ा, खूंटी, कोडरमा, लातेहार, महागामा, मझिगांव, नगर उंटारी, राजमहल और सरायकेला

**ऐसा नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट में फिर से याचिका दायर करने की दी चेतावनी**

## ओबीसी आरक्षण तय कर निकाय चुनाव कराये राज्य सरकार : चंद्र प्रकाश चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी का आरक्षण तय करने के बाद निकाय चुनाव करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर वह पुनः उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय ने सरकार को तीन हफ़्ते के भीतर निकाय चुनाव करने का आदेश दिया है। राज्य सरकार को चाहिए कि ट्रिपल टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू करे और निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के पूर्व उच्चतम न्यायालय में ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी को आरक्षण देते हुए पंचायत चुनाव कराने को लेकर रिट याचिका दायर की गयी तब राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में शपथपत्र के जरिए अपने जवाब में कहा था कि चूंकि पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आगे के चुनाव में इसका अनुपालन किया जाएगा। इस बीच पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद जब बगैर ट्रिपल टेस्ट कराए निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार की गतिविधि बढ़ी तब अवमाननावद दायर किया और मुख्य सचिव को प्रतिवादी बनाया तब इसकी सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के द्वारा अडरटेकिंग दिया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है सुप्रीम कोर्ट द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध हैं। बावजूद इसके राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट कराने और ओबीसी को आरक्षण देने पर पूरी तरह से उदासीन है और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह भी है कि अब तक पिछड़ा वर्ग आयोग का पुनर्गठन किया गया है। राज्य सरकार पूर्व में ही पंचायत चुनाव में ओबीसी के 90,77 पद को अनारक्षित कर हक दबाने का काम कर चुकी है।

## झारखंड में अब स्कूली बच्चों को मिलेगा मडुआ का लड्डू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्कूलों में बच्चों को खाने में अब मडुआ लड्डू और मडुआ का हलवा दिया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार राशि देगी। ये लाभ झारखंड के मीडिल स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 92 लाख 27 हजार 740 छात्रों को दिया जाएगा। जिसके लिए कुल 9 करोड़ 72 लाख 968 रूपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें केंद्र सरकार 5 करोड़ 83 लाख 20 हजार 582 रुपए और राज्य सरकार की ओर से 3 करोड़ 88 लाख 80 हजार 386 रुपए दिए जाएंगे। इसे बनाने की पूरी विधि झारखंड शिक्षा परियोजन की ओर से जारी किया गया है। इससे पहले स्कूलों में वोकेशनल कोर्स की शुरूआत भी की गयी है। स्कूलों में बेहतर शिक्षा और बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए किया जा रहा है। प्रति छात्र के लिए 4.15 रुपए दिये जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत झारखंड के स्कूलों में कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जा रहा है। पढ़ाई-लिखाई के साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट की शिक्षा भी बच्चों को दी जा रही है। इसके लिए भी कुल 34 पॉइन्ट बनाए गए हैं। वहीं रुआर योजना के तहत छात्रों का ड्रॉप आउट भी रोका जा रहा है।

## अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे ने दी जमानत अर्जी

**रांची।** 1000 करोड़ रुपये के अवैध खान मामले में दाहू यादव के बेटे ने ईडी कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है। शुक्रवार को उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका की अर्जी दाखिल की है। आपको बता दें कि इससे पहले राहुल यादव ने मंगलवार को हाईकोर्ट के आदेश पर ईडी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। पिछले दिनों राहुल यादव को अवैध खनन के मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुये थे। इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मामले में हाई कोर्ट ने मांगा लोअर कोर्ट का रिकॉर्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में हाई कोर्ट में शुक्रवार को आशिक सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अंबुज नाथ की कोर्ट ने मामले में लोअर कोर्ट रिकॉर्ड एलसीआर की मांग की है। नवीन झा की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने पक्ष रखा। यह मामला साल 2018 का है। उस दौरान दिल्ली में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि एक हत्यारा सिर्फ भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, कांग्रेस में नहीं।

**भाजपा नेता नवीन झा ने की थी शिकायत :** अमित शाह के खिलाफ कथित रूप से राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भाजपा नेता नवीन झा ने निचली अदालत में एक याचिका दायर की थी और बाद में मामला हाई कोर्ट पहुंचा। मालूम हो कि राहुल गांधी की तरफ से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश केस लड़ रहे हैं।

**झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे तीन केस :** गौरतलब है कि झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ इस वक्त तीन केस चल रहे हैं। एक तो नवीन झा ने उन पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में एक और मुकदमा भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में दायर किया था।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य में न्याय यात्रा की दूरी अधिक करने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए दिल्ली में गुरुवार को बुलाई गई बैठक में शामिल होने के बाद शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर रांची वापस लौट आये। रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि आलाकमान से वर्तालाप में राज्य में चल रहे ताजा हालात को लेकर चर्चा हुई साथ ही प्रदेश कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राज्य के सभी जिलों से गुजरने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि झारखंड में जारी राजनीतिक उठा पटक पर कांग्रेस आलाकमान नजर बनाए हुए है। पार्टी झारखंड को लेकर बेहद गंभीर है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने राज्य को तीसरे स्थान पर रखा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह का अन्याय राज्य में हो रहा है उसके समाधान में राहुल गांधी की यह न्याय यात्रा कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्द्धक साबित होगी। यात्रा की सूचना मिलने के बाद से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और हम लोगों ने एक खाका तैयार करके आलाकमान को दिया है। जिसमें इस यात्रा को राज्य में 900 किमी करने की बात की गई है, ताकि राज्य के सभी जिलों से न्याय यात्रा गुजर सके।

ज्ञात हो कि राहुल की यात्रा कोडरमा से झारखंड में प्रवेश करेगी उसके बाद हजारीबाग, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा होते हुए ओड़िशा निकल जायेगी। इस यात्रा का ठहराव धनबाद, रांची और जमशेदपुर होगा।

## साहिबगंज डीसी को निलंबित कर एफआइआर दर्ज हो: प्रतुल

**साहिबगंज उपायुक्त के आवासीय परिसर से प्रतिबंधित बोर की गोलियां मिलने पर भाजपा ने बोला हमला**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के शह पर अधिकारी तमंचे पर डिस्को खेलते नजर आ रहे हैं। इसके पूर्व भी सत्ता के करीबी रहे दलाल प्रेम प्रकाश के घर में मुख्यमंत्री के हाउस गार्ड के दो एक 47 बरामद हुये थे। उन्होंने कहा कि साहिबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव के घर में ईडी को छापेमारी के दौरान .38 बोर की दो गोलियां, 9 एमएम पिस्टल की 19 गोलियां और .45 बोर के 5 खोखे बरामद हुए हैं। ये जिन हथियार की गोलियां हैं, वो सब प्रतिबंधित हथियार के श्रेणी में आते हैं। उन्होंने कहा कि विडंबना देखिये कि जो उपायुक्त आज प्रतिबंधित हथियार की गोलियां रखने के आरोपी हैं। आर्म्स एक्ट की धारा-39 के तहत उन्हें ही इस तरह के मुकदमों में अभियोजन स्वीकृति देने का अधिकार है। यह सोचना भी हास्यास्पद है कि जब मुकदमा दर्ज होगा तो यह खुद पर अभियोजन स्वीकृति की अनुमति देंगे। इसलिए इन्हें तुरंत निलंबित कर पद से हटाना आवश्यक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पद में रहते हुये सबूत के साथ छेड़छाड़ भी कर सकते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि तुरंत साहिबगंज जिले के उपायुक्त को निलंबित कर उन पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा किया जाये।

**पीडीएस डीलरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी**

## सात जनवरी की बैठक में ई-पॉश मशीन लौटाने पर निर्णय लेंगे पीडीएस डीलर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीडीएस डीलर्स का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। जहां एक ओर विभाग और जिला प्रशासन स्तर पर राशन डीलर वार्ता कर अपनी मांगों को रख रहे हैं वहीं, खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से पत्र जारी कर जिला पदाधिकारियों से पीडीएस डीलर्स से ई पॉश मशीन, वेइंग मशीन समेत अन्य चीजों को वापस सौंपने को कहा जा रहा है। पीडीएस डीलर्स को ये सामान जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को सौंपना है। बता दें राज्य के 26 हजार राशन डीलर हड़ताल पर हैं। राशन डीलर्स के हड़ताल से सेंटर्स में खाद्यान्न आपूर्ति हो नहीं की जा रही है।

राज्य में पीडीएस डीलर्स के आंदोलन का आह्वान करने वाली फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन ने इस आदेश के बाद आक्रोश व्यक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने बताया कि सात जनवरी को प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन रामगढ़ में किया गया है। सरकार के निर्णय पर इस बैठक में चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार चाहती है कि डीलर ई पॉश समेत अन्य उपकरण लौटा दे तो डीलर लौटा देंगे। लंबे समय से लंबित मांगों को सरकार पूरी नहीं कर सकती और डीलरों पर दबाव बना रही है।

**अन्य राज्यों में हो रहा राशन वितरण :** विभाग की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि पीडीएस डीलर्स की हड़ताल देशव्यापी है। इसके बावजूद राशन वितरण अन्य राज्यों में किया जा रहा है। जिसमें आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, कर्नाटक, केरल आदि राज्य हैं।

**अलग अलग स्तरों पर वार्ता विफल :** बीते मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव के साथ पीडीएस डीलर्स की बैठक विफल रही। एसोसिएशन को सचिव की ओर से किसी भी मांग पर संतुष्ट जवाब नहीं मिला। वहीं, गुरुवार को भी जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के साथ भी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक की थी। लेकिन ये वार्ता भी विफल रही। जिसके बाद हड़ताल जारी रखा गया। बता दें फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की ओर से हड़ताल का आह्वान किया गया है। इससे राज्य में 2.64 करोड़ राशन कार्डधारी को पीडीएस डीलर्स से राशन लेते हैं।

**क्या है मांग :** डीलर्स की दस सूत्री मांग है। इसमें अनुकंपा पर बहाली व्यवस्था फिर से शुरू करने, 2021 में कोविड के दौरान बांटे गये राशन का कमिशन देने, महंगाई को ध्यान में रखते हुए कमीशन की राशि तीन रूपया करने, ई पॉश मशीन के सिम को 4-जी करने की मांग है। इसके अलावा गुजरात सरकार की तर्ज पर तीस हजार रुपए मानदेय प्रति महीने की मांग है।

## नेहा अरोड़ा और संदीप सिंह को अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार



**रांची।** राज्य सरकार ने दो भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अपने कार्यों के अलावा अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। अपर सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग नेहा अरोड़ा को अपने कार्यों के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नेहा अरोड़ा मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन रांची तथा निदेशक प्राथमिक शिक्षा रांची के भी प्रभार में रहेगी। वहीं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी, जेएसएलपीएस संदीप सिंह को अपने कार्यों के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

**अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड में टीएसपीसी पर आशंका**

# मृतक के भाई ने दो के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी, एसआइटी पल-पल ले रही टोह

## संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी से सटे रातू के पिर्रा आस्थापुरम निवासी और कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड के 24 घंटे बाद भी गुत्थी अनसुलझी है। अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला है। हालांकि एसआईटी पल-पल टोह ले रही है। टीएसपीसी पर हत्या की आशंका है। इरफान अंसारी उर्फ तूफान जी दस्ते का हाथ होने की बात कही जा रही है। हालांकि दस्ते ने अब तक इसकी जिम्मेवारी नहीं ली है। मृतक के भाई विवेक श्रीवास्तव ने संगठन के बलवंत जी और जय मंगल जी के खिलाफ रातू थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस घटना के बाद से आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**कैसे घटी घटना :** मृतक और उसके भाई विवेक श्रीवास्तव 2014 से अशोका कोलियरी में कोयले का लिफ्टिंग करते थे। घटना के दिन विवेक घर पर नहीं था। चार जनवरी की सुबह करीब 10.30 बजे अभिषेक अपनी फार्च्यूनर कार लेकर घर से निकला। दो सौ गज की दूरी पर सफेद स्कार्पियो एमएच 23 बीसी 0711 में सवार अपराधियों ने गाड़ी से उतर कर ताबड़तोड़ फायरिंग की। इससे फार्च्यूनर के शीशे क्षतिग्रस्त हो गये और उनके सीने में 12 गोलियां लगी। मुहल्ले के नागेश्वर महतो और आलोक सिंह तथा चालक जमीरुद्दीन अंसारी उन्हें गंभीर अवस्था में लेकर मेदांता गये।

**मोबाइल पर पार्टी सिस्टम को फॉलो करने की मिली थी धमकी**

इधर अभिषेक कुमार श्रीवास्तव का आई फोन उनकी गाड़ी में ही था, जिसका मोबाइल नंबर 9471727664 है। उसमें 83190 26897 से 29 दिसंबर 2.06 बजे मैसेज है कि टीएसपीसी से मैं बलवंत जी बोल रहा हूं, बैरल घुसेड़ देंगे। अगले दिन 12.52 बजे फिर उसी नंबर से मिस कॉल आया। 12 दिसंबर को 12.59 तथा दिन के एक व 1.01 बजे मिस्ड कॉल है। 1.07 बजे टीएसपीसी के जयमंगल जी का मैसेज आया। इसमें पार्टी सिस्टम को फॉलो करने, नहीं तो फौरी कार्रवाई की धमकी दी थी।

# जमीन कारोबारी की हत्या की योजना थी पुलिस की सतर्कता से टली बड़ी वारदात

**पुलिस अगर हेमंत सिंह को गिरफ्तार नहीं करती तो वह कुछ ही दिनों में जमीन कारोबारी मोहन शर्मा की हत्या कर देता!**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पुलिस की सतर्कता से रांची के एक जमीन कारोबारी की जान बच गयी। पुलिस ने कारोबारी की हत्या की प्लानिंग कर रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, पुलिस ने कोबरा गैंग के नाम पर रांची के चार जमीन कारोबारी से रंगदारी मांगने वाले मामले का पटाक्षेप कर दिया है। जमीन विवाद को लेकर ही चारों जमीन कारोबारी से रंगदारी मांगी गई थी और एक के यहां बम से हमला भी किया गया था। इस मामले में शामिल दो अपराधियों हेमंत सिंह और पंकज उरांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हेमंत के पास से एक देशी पिस्टल भी बरामद किया गया है। पुलिस अगर हेमंत सिंह को गिरफ्तार नहीं करती तो वह कुछ ही दिनों में जमीन कारोबारी मोहन शर्मा की हत्या कर देता। हत्या की प्लानिंग के तहत हेमंत कई दिनों से मोहन शर्मा के घर की रेकी भी कर रहा था।

## चाचा सुनील के इशारे पर कर रहा था काम

हेमंत ने पुलिस को यह बताया है कि वह अपने चाचा सुनील सिंह के इशारे पर मोहन शर्मा को मारने की प्लानिंग बना रहा था। उसके चाचा सुनील सिंह एक जमीन कारोबारी हैं। जमीन को लेकर अपने ही पार्टनर राजेश महतो, हीरालाल साहू और मोहन शर्मा के साथ विवाद चल रहा था। पहले चारों एक साथ काम करते थे, लेकिन एक जमीन की डील के दौरान सुनील सिंह को अलग कर दिया गया। उसके बाद से ही सुनील सिंह ने अपने तीनों पार्टनर के खिलाफ अदावत पाल ली थी। मोहन शर्मा से बदला लेने के लिए उन्होंने भतीजे हेमंत सिंह को बिहार के औरंगाबाद से बुलाया और उसे मोहन सिंह के पीछे लगा दिया।

**हेमंत ने पवन के साथ मिलकर धमकी दी :** हेमंत ने रांची आने के बाद अपने साथ एक और अपराधकर्मी पवन को अपने साथ जोड़ लिया। दोनों ने सुनील सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए फर्जी सिम से तीनों जमीन कारोबारियों को कोबरा गैंग के नाम से धमकी दी और सभी से एक-एक करोड़ रुपये मांगे। जब कारोबारियों ने उन्हें हल्के में लिया, तब पवन ने 30 दिसंबर को मोहन शर्मा के घर पर जाकर बम भी फेंका।

**सुनील ने कहा-जान से मार दो :** घर पर बम से हमला करने के बाद भी जब रंगदारी के पैसे नहीं मिले, तब सुनील ने हेमंत को यह कहा कि मोहन शर्मा की हत्या करना ही ज्यादा जरूरी है। हेमंत ने एक देशी पिस्तौल का जुगाड़ किया और पुंदाग में वह मोहन की हत्या के लिए रेकी करने लगा। उसकी पिस्टल पकड़ी ना जाए इसलिए वह बाइक का इस्तेमाल नहीं किया करता था। वह ऑटो का इस्तेमाल करता था। वहीं दूसरी तरफ एक साथ चार कारोबारी को धमकी मिलने की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया था और टेक्निकल सेल की सहायता से हेमंत और पवन को धर दबोचा गया।

**सुनील की तलाश :** हेमंत और पवन की गिरफ्तारी के बाद मुख्य साजिश करता सुनील सिंह फरार है। रांची पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि पुलिस की सतर्कता की वजह से एक बड़ी वारदात को टाल दिया गया है। सुनील सिंह की तलाश की जा रही है, जल्द ही वह भी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# जैप का रहा है गौरवशाली इतिहास: राजकुमार मल्लिक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप वन) का अपना गौरवशाली इतिहास है। यह बात शुक्रवार को जैप वन के 144वें स्थापना दिवस समारोह में जैप के अपर पुलिस महानिदेशक राज कुमार मल्लिक ने कही। डोरंडा स्थित जैप वन परिसर में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि सिर्फ छह साल बाद यह वाहिनी 150वां स्थापना दिवस मनायेगी जो किसी भी बल के लिए गौरव का विषय होगा। उन्होंने कहा कि 1880 में इसका गठन हुआ था। राष्ट्रीय खेलों एवं कॉमनवेल्थ गेम्स में जैप के खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर वाहिनी का नाम बढ़ाया है। इससे पूर्व जैप डीआईजी मयूर पटेल कनैयालाल ने जैप वन के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आनंद मेला का आयोजन हुआ।

# सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि चुनाव में अपनी सहभागिता निभायें : उपायुक्त

**लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारी संबंधी बैठक आयोजित कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

**एवीएम प्रदर्शन केंद्र तथा चलंत प्रदर्शन वैन द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा :** लोकसभा निर्वाचन-2024 चुनाव के मद्देनजर 10 जनवरी से 19 फरवरी 2024 तक एवीएम प्रदर्शन केंद्र तथा चलंत प्रदर्शन वैन के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने एवं एवीएम वीवी पैट से रूबरू कराने के लिए चलंत प्रदर्शन वैन चलाया जाएगा। यह मोबाइल चलंत वैन सेक्टरवार प्रत्येक मतदान केंद्र में जाएगा तथा एवीएम वीवी पैट मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में प्रदर्शन किया जाएगा। जहां मतदाता वोट डालने की पूरी प्रक्रिया से अवगत हो सकते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र में चलंत वाहन के साथ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा सेक्टर पदाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी को एवीएम प्रदर्शन के दौरान वाहन के साथ मतदान केंद्र में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया।

**सभी राजनीतिक दलों (मान्यता प्राप्त) के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी राजनीतिक दलों (मान्यता प्राप्त) के प्रतिनिधियों को बताया कि दावा, आपत्ति तिथि 12 जनवरी 2024 तक बढ़ गई है एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि 22 जनवरी 2024 कर दिया है। इसमें किसी प्रकार का परिवर्तन किया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि चुनाव में अपनी सहभागिता निभाने का निवेदन किया।

## खबर एक नजर में

### रंगदारी मांग रहे थे, दो गिरफ्तार

रांची। नगर थाने की पुलिस ने हथियार के बल पर रंगदारी मांगने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम राज उरांव और सोनू कुमार है। सुखदेव नगर थाने की पुलिस को जानकारी मिली कि बिड़ला मैदान के नजदीक कुछ अपराधकर्मी हथियार दिखाकर दुकानदार से रंगदारी मांग रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस छापेमारी में पुलिस ने एक देसी रिवाल्वर बरामद किया है।

### रामोत्सव को लेकर किया गया भूमि पूजन

**रांची।** रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। मेन रोड स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से आगामी 21-22 जनवरी को रामोत्सव कार्यक्रम किया जाना है। भूमि पूजन स्थानीय पुरोहित द्वारा पुरे विधि विधान से किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक जलेंद्र प्रसाद, अध्यक्ष रमेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राजू वर्मा, महासचिव रामानंद ठाकुर, मुन्ना चौरसिया, प्रदीप बर्मन, बबलू वर्मा, विकाश वर्मा, काजू वर्मा, सोनू दुबे, विक्की वर्मा, ओम वर्मा, रवि वर्मा, सबलु मुंडा, नमन भारतीय, धर्मेंद्र व अन्य उपस्थित थे।

### श्रीराम मंदिर के पूजित अक्षत से कड़िया मुंडा को निमंत्रण



**रांची।** श्री अयोध्या धाम में पूजित अक्षत से घर-घर निमंत्रण अभियान के पांचवे दिन झारखंड के सभी जिला में चलाया गया। इस अभियान के दौरान पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष व विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय न्यासी कड़िया मुंडा को, मुंडारी भाषा में हनुमान चालीसा व रामायण लिखने वाला कवि छत्रपाल सिंह मुंडा, खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा सहित प्रांत के कई गणमान्य को अयोध्या जाने के लिये निमंत्रण दिया गया। कड़िया मुंडा ने कहा कि हमारे जीवन में यह सुखद पल अच्छे कर्मों के कारण ही संभव हुआ होगा।

### भाप्रसे के 10 नवप्रोन्नत अधिकारियों की हुई पोस्टिंग

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति पाये 10 अधिकारियों को पदस्थापित कर दिया गया है। इनमें विधान चंद्र चौधरी को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव भवन निर्माण विभाग, शैलेंद्र कुमार लाल को नगर आयुक्त हजारीबाग नगर निगम, राजीव रंजन को संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग, श्री रंजन को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सुनील कुमार को परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण साहिबगंज के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। विजय कुमार गुप्ता को संयुक्त सचिव पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। कृष्ण कुमार सिंह को सदस्य सचिव पिछड़े वर्ग के लिए राज्य आयोग के पद पर नियुक्त किया गया है। सत्येंद्र कुमार को संयुक्त सचिव श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है। रंजीत कुमार लाल को संयुक्त सचिव कार्मिक विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। मनोज कुमार रंजन को संयुक्त सचिव खान एवं भूतत्व विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# पिछड़ा विरोधी है राज्य सरकार : डॉ देवशरण भगत

## आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह आज पतरातू में

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन आज छह जनवरी को पतरातू स्थित लेक रिसोर्ट में होगा। इस बैठक में जनता के हित से जुड़े विषयों पर पार्टी के भावी कार्यक्रमों एवं संघर्ष की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में राजनीतिक, सांगठनिक एवं सामाजिक प्रस्ताव लाए जाएंगे। बैठक को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बैठक में पार्टी के करीब 600 सदस्य शामिल होंगे। यह जानकारी पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी है।

उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन नवनिर्माण संकल्प समागम में पार्टी ने राज्य के नवनिर्माण के लिए नौ संकल्प लिये थे। इन्हीं संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए निर्णय लिये जाएंगे। सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा के आधार पर केंद्रीय समिति में सदस्यों का चयन हुआ है। समिति में 50% युवाओं, 30% महिलाओं और राज्य के सभी जाति, वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि राज्य सरकार कहती है कि वो पिछड़ों के प्रति ईमानदार हैं लेकिन यह सरकार असल में पिछड़ा विरोधी है। पंचायत चुनाव में करीब दस हजार पिछड़ों की प्रतिनिधित्व करने के अवसर को इस सरकार ने जीरो कर दिया। सरकार को तय समय के अंदर ट्रिपल टेस्ट और जातीय जनगणना करानी चाहिए थी। सरकार पिछड़ों की भलाई करने की कोई मंशा नहीं है, इनका मुख्य उद्देश्य सिर्फ लोगों की भावनाओं से खेलते हुए अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की है। राज्य सरकार लोगों को भ्रमित कर रही है। हर साल पांच लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार हजार नौकरी का भी आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई।

प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव राजेन्द्र मेहता, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह और केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव उपस्थित रहे।

# सरकार है अलर्ट : सोमवार से बंट सकता पीडीएस का राशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए राज्य सरकार ने जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। सोमवार तक पीडीएस डीलरों की हड़ताल खत्म नहीं होने पर राज्य सरकार राशन वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था संभव है। पदाधिकारियों को विभाग निर्देश जारी कर चुका है। बता दें कि पूरे झारखंड के करीब 25 हजार पीडीएस दुकानदार बीते एक जनवरी से हड़ताल पर हैं। इस देशव्यापी हड़ताल में शामिल सरकारी दुकानदार अपनी मांगों पर अड़े हैं।

राज्य सरकार लाभुकों को राशन देने के लिए डीलरों के पास जनवरी माह का राशन, ई-पॉश मशीन और डिजिटल वेइंग मशीन लेकर पंचायत स्तर पर राशन वितरण किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की उचित मांगों को पूरा करने में भी विभाग लगा हुआ है।

**डीलरों को मिल चुका है जनवरी माह का राशन :** नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत किसी लाभुक को समय पर अनाज नहीं मिलने पर दंड स्वरूप 25 प्रतिशत अधिक भुगतान करने का प्रावधान है। जनवरी का डीलरों तक पहुंचा दिया है।

**हेमंत सरकार को अस्थिर करने की साजिश में शामिल होने का आरोप**

# 'जनादेश के अपहरण' का भाजपा का रहा है लंबा इतिहास, बाबूलाल मरांडी फैला रहे भ्रम : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का चुनी हुई सरकार को मिले जनादेश का अपहरण करने का एक लंबा इतिहास रहा है। झारखंड में भी बीजेपी ने यह कोशिश की थी लेकिन जब वह असफल रही तो एक लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने की साजिश रची गई ताकि राज्य की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप किए जा रहे काम में बाधा डाली जा सके। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर राज्य में भ्रम की राजनीति करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में जुटी हेमंत सरकार को अस्थिर करने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड में 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले महागठबंधन को मिले भारी जनादेश से घबराई बीजेपी लगातार सरकार को परेशान करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पूरी लगन से कोरोना महामारी से राज्य के लोगों की जान की रक्षा की और उनकी आजीविका बचाई, उसके बाद सरकार लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप काम कर रही है। आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब बच्चे सरकारी खर्चे पर विदेश में पढ़ाई कर रहे हैं। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सरकार जनता से सीधा संवाद कर रही है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी ने निराश होकर केंद्र सरकार के साथ मिलकर हेमंत सोरेन सरकार को अस्थिर करने की साजिश रची।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जनादेश अपहरण का लंबा इतिहास रहा है। उसने कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में जनादेश का अपहरण कर लिया और झारखंड में भी असफल प्रयास किया, लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी इसमें असफल रही तो केंद्र की भाजपा सरकार ने इसकी पटकथा लिखी और इडी उसी के अनुरूप काम कर रही है।

झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा जनसेवा में शुरू की गई 19 फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में भारतीय जनता पार्टी लगातार बाधा उत्पन्न कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को महाराष्ट्र कोर्ट के फैसले की पूरी जानकारी नहीं है, जिस पर वह भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करना है। सरकार रोजगार और सरकारी नौकरियों के लिए प्रतिबद्ध है।

**झामुमो प्रवक्ता की पीसी पर भाजपा का पलटवार**

## 2024 निर्णायक वर्ष, भ्रष्ट गठबंधन सरकार को जनता इस बार उखाड़ फेकेगी : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा है कि भ्रष्ट गठबंधन सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। श्री शाहदेव शुक्रवार को सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलट वार किया। उन्होंने वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार को झारखंड के इतिहास की गरीबों का सर्वाधिक शोषण करने वाली सरकार बताया। इस सरकार में आदिवासी, महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी, उतना पहले कभी नहीं था। इस सरकार पर ₹70000 करोड़ के घपले घोटाले का आरोप लगा। मुख्यमंत्री की सदस्यता पर तलवार लटकी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ईडी के समन पर बहाने बाजी कर पेश नहीं हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मीडिया में यह खबर बढ़ चढ़ कर छपी की राज्य सत्ता पक्ष के अंदर खाने में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी को सीएम बनाना चाहते हैं। अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनने के लिए गांडेय सीट खाली करा दिया, लेकिन यह कदम उनका राजनीतिक ब्लंडर साबित हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी ने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में यशवंत राव बनाम इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया के मुंबई उच्च न्यायालय के जजमेंट का हवाला देते हुये बताया था कि 1 वर्ष की तिथि की गिनती उस दिन से नहीं की जायेगी, जिस दिन से रिक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ऊपर से कुछ भी दिखाये, भीतर से बुरे तरीके से भयभीत है।

# झारखंड व पश्चिम बंगाल के बीच वाहन परिचालन का जल्द बढ़ेगा परमिट कोटा

**रांची।** झारखंड-पश्चिम बंगाल के बीच बस परिचालन के लिए परमिट कोटा बढ़ेगा। परिवहन विभाग ने दुमका से आसनसोल भाया जामताड़ा मार्ग के लिए झारखंड एवं पश्चिम बंगाल का परमिट कोटा 15-15 बसों के लिए किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। विस्तृत रूप से 21 फरवरी को इस रूट पर परमिट कोटा बढ़ाने संबंधी अधिसूचना जारी होगी। दोनों राज्यों के बीच अन्तर्राज्जीय मार्गों पर वाहनों का परिचालन के लिए 2004 में पारस्परिक परिवहन समझौता हुआ था। इसके तहत पांच-पांच परमिट जारी किया गया था, लेकिन इस संबंध में अमित कुमार बनाम झारखंड सरकार के बीच हाइकोर्ट में एक वाद दायर किया गया था, जिसके फैसले के आलोक में और जनहित में परमिट सीमा बढ़ाने का निर्णय हुआ है।

JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/17/2023-24

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in ap propriate class in Building Construction Department or any Department of Government of Jharkhand for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money (Rs.) | Cost of tender fee (Rs.) (Non refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In days) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Repair and Maintenance work of Lady toilet of Main building of Jharcraft at Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi (Jharkhand) | 2,82,557.00 | 6,000.00 | 885 | IV | 30 days |
| 02 | Renovation of Show Room at Main Building office of Jharcraft, Ratu Road, Ranchi (Jharkhand) | 4,35,448.00 | 8,800.00 | 885 | IV | 45 days |
| 03 | Furnishing work of Jharcraft Emporium at Deoghar, Airport (Jharkhand) | 8,34,469.00 | 16,700.00 | 1475 | IV | 60 days |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001 on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 10.01.2024 To 24.01.2024
b. Tender will be received on 25.01.2024 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 25.01.2024 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
Note: 1. The estimated cost mentioned above in column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.
2. For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 8292234107 may be contacted.

Sd/- Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

## आज का राशिफल
06-01-2024

मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें।

सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

मीन : व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

## श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा आज से

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के तत्वाधान में आज से 9 जनवरी तक स्वामी श्री सदानंद महाराज श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का रसपान कराएंगे। पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में अपराहन 2:00 बजे से 5:00 बजे तक महाराज के द्वारा गीता ज्ञान वाणी चर्चा और रविकांत शास्त्री अपने भजनों से अमृत गंगा बहाएंगे। श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा में व्यासपीठ एवं कथावाचक के चंदन वंदन एवं पूजन का कार्य अमिता विशाल जालान एवं उनके परिवार के द्वारा किया जाएगा। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,सचिव मनोज चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, प्रभात गोयल, निर्मल जालान, मनीष जालान,विशाल जालान नन्द किशोर चौधरी,सज्जन सुमन चौधरी लगे हुए हैं।

## मैकी रोड में बंद घर से युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** कोतवाली थाना एरिया के मैकी रोड में बंद घर से अंकुर मोदी नामक युवक का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि कमरे से बदबू निकल रही थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। उसकी मौत कई दिन पहले ही हो चुकी थी। चूंकि, ठंड के मौसम के कारण किसी को भनक नहीं लगी।

**नशे की लत के कारण पत्नी छोड़कर भागी :** बताया जाता है कि मृतक अंकुर मोदी नशे का सेवन करता था। सुबह से रात तक नशे में धुत रहता था। जिसके कारण पत्नी ने उसे छोड़कर चली गयी। इससे पूर्व शुक्रवार की सुबह घर से बदबू आने की सूचना मोहल्ले वाले ने कोतवाली पुलिस को दी उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खालसा पंथ के संस्थापक दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी की शुरूआत शुक्रवार से हुई। गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊडी गेट से निकलकर प्रभातफेरी जोगिन्दर गाबा, सुन्दर लाल मिढा, द्वारका दास मुंजाल, चंदू गिरधर, जीतू काठपाल, ओम प्रकाश बरेजा, सुभाष मिढा, लक्ष्मण अरोड़ा, भगत सिंह मिढा के घर के सामने से होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंचकर विसर्जित हो गई। प्रभात फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर ने तहीं प्रकाश हमारा भयो, पटना साहिब विखे भव लयो..ऐसे गुरु को बल बल जाइए जैसे कई शबद गायन करते हुए कॉलोनी की गलियों का भ्रमण किया। सरदार भूपेंद्र सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की।

### प्रभात फेरी में ये हुए शामिल

प्रभात फेरी में अर्जुन दास मिढा, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, बसंत काठपाल, राकेश गिरधर, रमेश तेहरी, रमेश गिरधर, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, राजेन्द्र मक्कड़, रमेश पपनेजा, इन्दर मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, विनीत खत्री, रिक्की मिढ़ा, हरीश तेहरी, भरत गाबा, अश्विनी सुखीजा, प्रताप तलेजा, पंकज मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढ़ा, तनय काठपाल, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, कमल मुंजाल, मनीष गिरधर,अमन सचदेवा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, ज्ञान दुआ, चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, बंसी मल्होत्रा, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, ममता थरेजा, श्वेता मुंजाल, कमलेश मुंजाल, गोविंद कौर, भजना देवी डावरा, देवकी मुंजाल, दुर्गी मिढ़ा, हरपाल कौर मिढ़ा, उषा झंडई, नेहा मुंजाल, अंजना गिरधर, पलक थरेजा, अमन कौर, कंचन मिढ़ा, हरदेवी गिरधर, उर्मिला खत्री, बलबीर मिढ़ा, हर्षा मिढ़ा, प्रेमी काठपाल, शीतल अरोड़ा, हरनाम थरेजा, ममता थरेजा, सुषमा गिरधर, नीतू किंगर, स्वीटी सिडाना, जूली गाबा, इशिका काठपाल, रजनी तेहरी, ममता सरदाना, गुड़िया मिढ़ा, गूंज काठपाल, पुष्पा काठपाल समेत अन्य भी शामिल थे।

# सरकारी विभागों और उपक्रमों में विपत्र भुगतान पर देरी पर उद्यमियों ने जतायी चिंता




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लघु उद्योग भारती रांची महानगर इकाई की बैठक बरियातू रोड स्थित श्री महावीर विकलांग सहायता समिति के प्रांगण में शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने की। बैठक में मुख्यतः स्थानीय उद्यमियों के समक्ष आ रही चुनौतियों और समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। संस्था के सदस्यों ने सबसे गंभीर समस्या के रूप में सरकारी विभागों, उपक्रमों द्वारा विपत्र भुगतान में असाधारण विलंब को चिन्हित किया। सरकारी विभाग यथा रिम्स, सदर अस्पताल, पीएचडी, पीडब्लूडी, नगर निगम आदि विभागों में विपत्र भुगतान की गति अत्यंत धीमी है, जिसके कारण संबंधित उद्यमियों के समक्ष गंभीर वित्तीय संकट बन जा रहा है। बाजार में साख पर खराब असर पड़ रहा है। कई प्रतिष्ठान बंद होने के कागार पर है। ऐसी स्थिति में इस विषय पर केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अधिसूचना के अनुसार 45 दिनों के अंदर विपत्र भुगतान या विलंब होने पर बैंक ब्याज दर का तीन गुणा चक्रवृद्धि ब्याज की दर से भुगतान किया जाना चाहिए। इस गंभीर समस्या के समाधान हेतू एक उप समिति का गठन किया गया है। जिसके सदस्य ओम प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समाधान हेतू प्रयास करेंगे। यह भी पाया गया है कि राज्य में स्थित वित्तीय संस्थाएं बैंक केंद्र सरकार की योजनाएं यथा मुद्रा ऋण योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रति उदासीन रवैया है। इसके कारण राज्य के सुक्ष्म उद्योग, कुटीर उद्योग के विकास का मार्ग बाधित है। इसके लिए भी उपसमिति क गठन किया गया। बैठक का संचालन सचिव सत्य प्रकाश पांडे और धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव मनीष सिंह ने दिया। बैठक में प्रांतीय सचिव प्रकाश हेतमसरिया, अजय कुमार, अखिलेश्वर नारायण राय, रतन अग्रवाल, रामचंद्र कुमार, मधुसूदन अग्रवाल, अरविंद नाथ, भरत अग्रवाल, रांची महिला इकाई की अध्यक्ष सरिता पांडे, सचिव नीतू सिंह, कोषाध्यक्ष सुचित्रा छापड़िया, आशा सिन्हा, अनिता पांडे, वीणा सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# समर्पण शाखा ने महिला को ब्लड उपलब्ध कराया

### ब्लड के कारण महिला का ऑपरेशन रूका था



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ब्लड की कमी के कारण शुक्रवार को एक महिला का ऑपरेशन रोक दिया गया। महिला को ई-नेगेटिव ब्लड की जरूरत थी। तभी महिला के सहयोगी ने मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा से संपर्क किया। शाखा की रक्तदान प्रभारी रोजी खंडेलवाल ने आशीष अग्रवाल की मदद से डोनर की व्यवस्था की डोनर बिट्टू अग्रवालने सेवा सदन में यह रक्तदान किया। मौके पर प्रांतीय रक्तदान प्रभारी पिंकेश खंडेलवाल भी मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बाथवाल ने दी।

### रांची राष्ट्रीय पुस्तक मेला में मीडिया और साहित्य विषय पर परिचर्चा

# पत्रकारिता और साहित्य में घनिष्ठ संबंध : डा पांडेय




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** समय इंडिया नयी दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला रांची में आज मीडिया और साहित्य विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए मेला के आयोजक चंद्रभूषण ने कहा कि पत्रकारिता पराधीन भारत में एक मिशन थी, स्वतंत्र भारत में प्रोफेशन और अब उद्यम बन चुकी है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जेवी पांडेय ने कहा कि पत्रकारिता और साहित्य में अन्योन्याश्रय संबंध है। आम जन तक नवीन सूचनाओं के साथ विचार पहुंचाने की हर कोशिश पत्रकारिता है,जबकि ज्ञान राशि के संचित कोश का नाम साहित्य है। हितेन सःइति साहित्य अर्थात ज्ञान की वह शाखा जो सबका हित करे साहित्य है। हर समाचार का संपादकीय पृष्ठ एक प्रकार से साहित्य होता है। एक प्रकार से कहें कि किसी घटना पर त्वरित टिप्पणी पत्रकारिता है और स्थायी चिंतन साहित्य है। उन्होंने कहा कि चार विरोधी पत्र चार हजार संगीनों से अधिक खतरनाक होते हैं।

# हटिया, धनबाद, टाटानगर से दक्षिण की ओर चलने वाली ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के प्रमुख स्टेशनों से चलने वाली कुछ ट्रेनों जनवरी में भी प्रभावित रहेंगी। इनमें से कुछ ट्रेनों को पहले ही रेलवे ने रद्द कर दिया है। वहीं, कुछ ट्रेनों को रेलवे बदले हुए मार्ग से चलाने की तैयारी में है। इसे लेकर दक्षिण मध्य रेलवे ने सूचना जारी की है। दक्षिण मध्य रेलवे ने जानकारी दी है कि विजयवाड़ा मंडल में विकास कार्यों के कारण जनवरी की अलग अलग तारीखों में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल से दक्षिण की ओर से जाने वाली ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 13351 धनबाद अलपुझा एक्सप्रेस 15 जनवरी से 28 जनवरी तक परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ताडेपल्लीगुडेम और एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 22837 हटिया एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन 15 जनवरी और 22 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का एलुरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 18637 हटिया सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस की यात्रा 20 और 27 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

ट्रेन संख्या 12835 हटिया सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस 16, 21, 23 और 28 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

ट्रेन संख्या 18111 टाटानगर यशवंतपुर एक्सप्रेस 18 और 25 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 12376 जसीडीह ताबंरम एक्सप्रेस 17 और 24 जनवरी को अपने अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 12889 टाटानगर सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस का परिचालन 19 और 26 जनवरी को परिवर्तित मार्ग से होगा।

# योगदा सत्संग आत्म-साक्षात्कार पाठमाला के नये संस्करण का विमोचन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/नोएडा।** योगदा सत्संग सोसाइटी ओम इंडिया और सेलकरियलाइजेशन फिलोशिप के संस्थापक और अत्यना लोकप्रिय आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थए योगी कथामृतए के लेखक श्री श्री परमहंस योगानन्द का 131 यी जन्मोत्सवए शुक्रवार को वाईएसएस के सेक्टर 62 स्थित नोएडा आश्रम में मनाया गया। इस अवसर पर हिन्दी में परमहंस योगानन्दजी की बोगदा सलोग आत्म-साक्षात्कार पाठमाला के नए संस्करण का विमोचन हुआ। इस आयोजन में बोगदा के 800 से भी अधिक श्रद्धालु शामिल हुये। इसमें सामूहिक ध्यान, सत्संग और संन्यासियों के प्रवचन हुये। इसके पूर्व सुबह नारायण सेवा में 1200 से अधिक लोगों को गुरु लेगर में प्रसाद वितरित किया गया। इस जन्मोत्सव समारोह का मुख्य आकर्षण हिन्दी में बोगदा सत्संग आत्म-साक्षात्कार पाठमाला के नये संस्करण का विमोचन। योगानन्दजी द्वारा विश्व को प्रदत क्रियायोग शिक्षाओं का महत्व साइन करते हुये वाईएसएस के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानन्द गिरि ने कहा कि परमहंस योगानन्द प्रायः क्रियायोग मार्ग। इसमें ध्यान की वैज्ञानिक प्रविधियों सम्मिलित हैं, को ईश्वर तक ले जाने वाला राजमार्ग कहा करते थे। इस अवसर पर योगदा संन्यासी स्वामी आद्यानन्द ने स्वामी चिदानन्द गिरी का संदेश पढ़ कर सुनाया।

# योगदा आश्रम में परमहंस योगानंद की जयंती मनी, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** योगदा आश्रम में शुक्रवार को परमहंस योगानंद की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह 6:30 से 8:30 बजे तक ध्यान सत्संग हुआ। सुबह 9:30 से 11 बजे तक पुष्पांजलि किया गया। 11:30 बजे से दोपहर 2:15 बजे तक भंडारा का आयोजन किया गया,वहीं शाम छह से रात नौ बजे तक ध्यान सत्संग हुआ। मौके पर ब्रह्मचारी शांभवानन्द और ब्रह्मचारी शंकरानन्द अपने सहयोगियों के साथ भजन से माहौल को भक्तिमय बनाया। इस मौके पर योगदा सत्संग पाठ के नए संस्करण का विमोचन हुआ। इस मौके पर स्वामी ईश्वरानंदज ने आत्म-साक्षात्कार में योगदा सत्संग पाठ के नए संस्करण की विशेषताओं का वर्णन किया।

# झारखंड वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की पहली बैठक रांची में 7 का

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने संगठन की सर्वोच्च निर्णायक संस्था 'कोर कमिटि' की शुक्रवार को घोषणा कर दी। 21 सदस्यीय कोर कमिटि में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु (भुरकुंडा), कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु (कांके), वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव (गोमिया), रामसेवक प्रसाद (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), अश्विनी कुमार साहु (अरगोड़ा), संजीव चौधरी (रातू रोड़), सहदेव चौधरी (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), परशुराम प्रसाद (अधिवक्ता, रांची), लक्ष्मण साहु (ओरमांझी), प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार (गोला), उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद (धुर्वा), इंदुभूषण गुप्ता (रातू रोड़), केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु (चर्च रोड), संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु (सुकुरहुप्तू), रोहित शारदा (डोरंडा), केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा (पंडरा), शिवनंदन प्रसाद (अरगोड़ा), संगठन सचिव अनिल वैश्य (पंडरा), मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु (कांके), कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहु (बुकरू) एवं रांची जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु (ओरमांझी) को शामिल किया गया है। जबकि प्रकोष्ठ संगठन की ओर से महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु एवं छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु को आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। कोर कमिटि की बैठक सात जनवरी को रांची के होटल आलोका सभागार में रखी गयी है। इस बैठक में 30 जनवरी से रामगढ़ में प्रस्तावित 72 घंटे के भूख हड़ताल कार्यक्रम की तैयारी एवं निकाय चुनाव पर हाइकोर्ट के फैसले पर चर्चा की जायेगी और आगे की रणनीति एवं कार्यक्रम तय किये जायेंगे।

# राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 31 जनवरी से, पोस्टर लॉन्च



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन 31 जनवरी से होगा। इसका पोस्टर रांची के करम टोली स्थित धुमकुड़िया भवन में शुक्रवार को लॉन्च किया गया। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के अध्यक्ष अंतु तिर्की ने कहा कि महोत्सव 31 जनवरी और 1 फरवरी, 2024 को होगा। इसमें झारखंड के 32 जनजातियों के अलावा राज्य के अन्य आदिवासी समुदाय के लोग प्रतिनिधित्व करेंगे। इस महोत्सव में आदिवासी, गैर आदिवासी सभी को शामिल होने का आह्वान किया गया। कोषाध्यक्ष सूरज टोप्पो ने बताया कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में पहान द्वारा मुर्गा की बलि देकर पूजा का शुभारंभ किया जाएगा। विभिन्न दलों से खोड़ा दल अपने परम्पारिक वेशभूषा में शामिल होंगे। उपाध्यक्ष अमित मुंडा ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी जतरा में डीजे साउंड के ओर अग्रसर होते जा रहे हैं। उन्हें इस जतरा के माध्यम से अपनी रीति रिवाज, पूजा पाठ, रहन सहन को दिखाया और बताया जाएगा। महोत्सव के सचिव डब्ल्यू मुंडा ने कहा कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की तैयारी पूरे जोर शोर से चल रही है। समिति के सभी पदधारी अपने-अपने स्तर से सफल आजोजन के लिए काम कर रहे हैं।पोस्टर लॉन्च के मौके पर अभय भूटकुमार, रितेश उरांव, अर्जुन मुंडा, रवि मुंडा, नीलम विरूली, अरूण पहान, मोहन तिर्की, राधा हेमरोम, ज्योति हेमरोम, निरंजना हैरंज, मिथलेश कुमार, अशोक मुंडा, सिकेन्दर मुंडा, अनिल मुंडा, रिकी नायक, विक्की करमाली, सुरेश मिर्धा, विनय नायक, सूरज मिर्धा, विक्की कुमार, मानसिन मुंडा, देवनाथ मुंडा, दीपक मुंडा, मुन्ना टोप्पो मौजूद थे।

## स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए महाआरती का हुआ आयोजन



**रांची।** जलस्त्रोतों के स्वच्छता, निर्मलता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प लेने के लिए,शुक्रवार को कांके डैम के छठ घाट के तट पर मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। साथ ही उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का शपत लिया। गांगाआरती की अगुवाई पीयूष पाठक ने किया।

स्पीड न्यूज

## मैक्लुस्कीगंज के चौक-चौराहों पर हुई अलाव की व्यवस्था



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज में बढ़ी ठंड अंचल प्रशासन ने चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था किया। ठंड पड़ने के बाद खलारी अंचल प्रशासन के द्वारा मैक्लुस्कीगंज के चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था शुरू की गयी है। खलारी सीओ एसपी आर्या के दिशा निर्देश पर शुक्रवार की शाम को मैक्लुस्कीगंज के लपरा बिरहोर टोला मैक्लुस्कीगंज थाना चौक खलारी बैंक के निकट हिन्दू गड़ी चौक के पास अलाव का व्यवस्था किया गया है। सीओ आर्या ने कहा कि मैक्लुस्कीगंज में बढ़ते ठंड को देखते हुए कुछ समाजिकताओं की पहल पर आदिम जनजातियों, आमजनों व राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से अलाव की व्यवस्था की गयी है।

## पुलिस ने पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**राहे।** एसएसबी और राहे पुलिस ने क्षेत्र के इडिसेरेंग और सिरिडीह के आसपास जंगल में अभियान चलाकर 6 एकड़ में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया। एसएसबी 26वीं बटालियन के ए कंपनी के जवान और राहे पुलिस के संयुक्त रूप से अभियान चलाकर पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया गया है। इस अभियान में ए कंपनी के निरीक्षक मंटू कुमार, सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र कुंअर, दीपक सिंह, के बिमल सिंह, राम पुकार बैठा शामिल थे।

## बीएसएनएल टावर की बैट्री चोरी

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के पूर्वी पंचायत अंतर्गत चुरी कोलयरी में लगे बीएसएनएल टावर से बीते मध्य रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा बैटरी की चोरी कर लिया गया। चुरी कोलयरी में लगे बीएसएनएल टावर का देख भाल करने वाला विक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भोर 4.00 बजे टावर के पास पहुंचने वाले थे, तो देखा कि कुछ अज्ञात लोग भाग रहे है। जब टावर के पास पहुँचे तो पाया कि टावर का गेट का ताला टूटा हुआ था। जब अंदर जाकर देखा तो पाया कि बैटरी का बॉक्स टूटा हुआ था। जिसमे से चार टावर का बैट्री गायब थी। जिसकी सूचना खलारी थाना को दिया गया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**चान्हो।** बाघवार अकादमी के प्रांगण में राजहंस अकादमी राँची द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं टी.शर्ट देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं के द्वारा बच्चों को मैट्रिक परीक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए कला ए विज्ञान एवं वाणिज्य निकाय का चुनाव किन बिंदुओं को ध्यान में रखकर करें एवं कैसे करेंए विषय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इसके साथ .साथ बच्चे अपने पढ़ाई के साथ .साथ इंजीनियरिंगए मेडिकलए आईटी एवं अन्य कैरियर संबंधी परीक्षाओं की तैयारी कैसे कर सकते हैंए इस बिंदु पर भी विस्तार पूर्वक बतलाया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार प्रधानाचार्य अरुण बाघवार उप प्रधानाचार्य अजय उरांव राजहंस अकादमी के सीईओ सूरज रंजन नितेश सिंह जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# बेहराजरा गांव में जंगली हाथी ने अधेड़ को कुचल कर मार डाला

● ग्रामीणों में है दहशत का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड के बेहराजरा गांव के 56 वर्षीय दुखीराम महतो को गुरुवार शाम 7 बजे के आसपास एक हाथी ने कुचल कर मार डाला है। घटना के बाद ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक दुखीराम महतो खेत में काम करके घर लौट रहे थे। रामकृष्ण आश्रम के सामने एक हाथी ने उन्हें कुचल कर मार डाला। घटना की सूचना मिलने पर विधायक प्रतिनिधि श्याम महतो, सोनाहातू आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रामाणिक, राहे प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो रात में ही वन विभाग के अधिकारी राजू महतो की टीम के साथ गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों को मुआवजा की अग्रिम राशि 50 हजार दिया गया। वहीं आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार झुंड से एक हाथी बिछड़ गया है, जो काफी उग्र है।

### पहले भी दो लोग की जा चुकी है जान





सोनाहातू में 2023 में हाथी के हमले से 2 की मौत हुई थी। इसी गांव में 9 जनवरी 2023 को हाथी ने 58 वर्षीय सरला देवी की मौत हाथी के हमले से हुआ था। 20 दिसम्बर को चोगा गांव में 62 वर्षीय गोविंद कोईरी की मौत हाथी के हमले से हुआ था। गांव के लोग अभी भी दहशत में जी रहे हैं।

### मुआवजा राशि में बढ़ोतरी करे सरकार : विधायक प्रतिनिधि

सोनाहातू के विधायक प्रतिनिधि श्याम महतो ने कहा कि पूरे पांच परगना के लोग हाथी का आतंक है ।बाबजूद गांव की सुरक्षाए फसल की सुरक्षा को लेकर सरकार की कोई नीति नही है ।हम मांग करते है कि हाथी कॉरिडोर बनाते हुए बजट तैयार करें तथा मुआवजा राशि 15 लाख किया जाये।

## भुइयांडीह में खुला धान क्रय केंद्र

**तमाड़।** प्रखंड अंतर्गत मल्हान भूइयांडीह लैम्पस कार्यालय में शुक्रवार को किसानों के लिए धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्रषिकेश महतो, लैम्पस अध्यक्ष शिवलोचन सिंह मुंडा ग्राम प्रधान राधागोविन्द सिंह मुंडा, मुखिया प्रताप चंद्र सिंह मुंडा, सरपंच विभिषण महतो आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि वे अपना धान लैम्पस धान क्रय केंद्र में ही बेचें, ताकि उन्हें अपने धान का सही दाम मिल सके। कार्यक्रम में तमाड़ लैम्पस प्रबंधक श्यामल नायक, राजेश उरांव, मल्हान भूइयांडीह लैम्पस प्रबंधक दिनेश महतो, सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत महतो, हरि सिंह मुंडा, योगेन्द्र सिंह गोंझू, दुर्गाचरण सिंह गोंझू, धीरज आदि मौजूद थे।

cmpdi
A Miniratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिज़ाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, कॉंक रोड रॉंची - 834031, झारखंण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## श्रमदान से ग्रामीणों ने बनायी 1.5 किमी सड़क

**सरकारी उदासीनता से परेशान डहुटोला के ग्रामीणों ने लिया निर्णय**

खबर मन्त्र संवाददाता



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के चैनगड़ा पंचायत के डहुटोला के ग्रामीणों ने सरकारी उदासीनता से तंग आकर शुक्रवार को श्रमदान से 1.5 किमी जर्जर सड़क को बना डाला। जानकारी के अनुसार चैनगड़ा सरहुल सरना मोड़ से डहुटोला सड़क की हालत काफी जर्जर हो गयी थी। उक्त सड़क से पैदल चलना भी दूभर हो गया था। ग्रामीण सरतु मुंडा, हेमंत मुंडा, अनिल पाहन ने कहा कि सड़क बनाने को लेकर सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल समेत अधिकारियों को कई बार सूचना दिया गया, लेकिन हर समय सिर्फ आश्वासन ही मिला। जिप सदस्य मनोज वाजपेयी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लगभग 200 महिला पुरुषों ने उक्त सड़क को बना डाला। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि विभाग के उदासीन रवैया के कारण ग्रामीणों को इन मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर शिवा मुंडा, रामलगन पाहन, मालती देवी, रूबी देवी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## साल्हन लैम्पस में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र

**अनगड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के साल्हन लैम्पस में शुक्रवार को धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख दीपा उराँव विशिष्ट अतिथि उपप्रमुख जयपाल हजाम जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा और विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा ने सयुक्त रूप से किया। प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि प्रखण्ड के धान उत्पादकों के लिए यह शुभ संदेश है। अब किसानों को अच्छी कीमत मिलने पर वे धान की अच्छी खेती करेंगे। मौके पर साल्हन लैम्पस अध्यक्ष रोहित करमाली बीसीओ अरविन्द कुमार बीएसओ संतोष कुमार बीईओ अघनु पाहन जनसेवक कालीपद राम मुखिया सरिता तिर्की पंसस संज्योति देवी अजय महतो रामसाय मुण्डा बरतु मुंडा विशाल स्वांसी सज्जाद अंसारी प्रेम उराँव शिव शंकर केसरी मौजूद थे।

## कब्जाधारियों पर चला प्रशासन का डंडा

**खलारी।** खलारी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के द्वारा सार्वजनिक स्थानों में अवैध कब्जा पर खलारी प्रसासन का डंडा चला। क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर केडी हिन्दू गड़ी चौक बैंक चौक चौराहों पर शिशुपाल आर्या के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया।

समाहरणालय हजारीबाग
कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई
(समाज कल्याण शाखा)



आम–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, हजारीबाग के समक्ष एक अज्ञात मानसिक दिव्यांग बालक किशुन कुमार, उम्र–16 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–04 फीट 10 इंच, वजन –29 किलोग्राम 500 ग्राम को प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में बाल कल्याण समिति, हजारीबाग के आदेशानुसार उक्त बालक को बालगृह, जन जागरण केन्द्र, हजारीबाग में आश्रय दिया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त शिशु के जैविक माता–पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृपया इसकी सूचना नीचे अंकित फोन नम्बर या पत्ते पर समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 120 दिनों (चार माह) के अंदर दावा प्रस्तुत करें। दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गये समय–सीमा के समाप्ति के पश्चात् शिशु पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दतकग्रहण मार्गदर्शिका 2022 के नियम 6 के उपनियम 13 के अंतर्गत शिशु को दतकग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, हजारीबाग द्वारा कानूनी रुप से मुक्त घोषित कर दिया जायेगा।

संपर्क करें :– बाल कल्याण समिति, शहरी बाल विकास परियोजना भवन, पूराना समाहरणालय परिसर, हजारीबाग।

दूरभाष संख्या– 9852346416, 8709652876, 8340290562, 9905564137

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.315190 Social Welfare,Women and Child Development(23-24):D

झारखण्ड सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग,
जिला खनन कार्यालय, कोडरमा।
Email Id- dmo-koderma@jharkhandmail.gov.in

सूचना

लघु खनिज बालू की आपूर्ति के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिलान्तर्गत निर्माण/विकास कार्यो में लघु खनिज बालू की उपलब्धता हेतु जिलान्तर्गत JSMDC के 02 बालूघाट/स्टॉकयार्ड यथा कांटी (मुर्तिया) एवं लतबेधवा संचालित है।

अतएव संबंधित संवेदको/एजेन्सियो एवं आम लोगो से अनुरोध है कि JSMDC के 02 बालूघाट/स्टॉकयार्डो से ऑनलाईन बालू का क्रय हेतु JSMDC के बेबासाईट– https://jsmdc-sand.jharkhand.gov.in/ के माध्यम से बुकिंग कर, किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, कोडरमा में किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 315202 (Mines and Geology) 23-24 (D)

## एकलव्य विद्यालय के समक्ष जेबीकेएसएस का धरना-प्रदर्शन

**तमाड़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सालगाडीह के समक्ष शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया और विद्यालय के प्राचार्य इम्तियाज हुसैन को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व जेबीकेएसएस महिला नेत्री दमयंती मुंडा ने किया। धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने में छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो का अहम योगदान रहा। मौके पर महिला नेत्री दमयंती मुंडा, छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो मौजूद थे।

## खलारी : 120 ग्रामीणों को मिला कंबल

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा नवाडीह शाखा के मोना टोला में कंबल वितरण व खिचड़ी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा व मंच संचालन मिथुन गंझू ने किया। इस दौरान एरिया अध्यक्ष व शाखा अध्यक्ष के द्वारा नवाडीह शाखा के गरीब एवं जरूरतमंद लोगो के बीच 120 कम्बल का वितरण किया गया। नवाडीह शाखा के नवाडीह मोना टोला गंझू टोला भुइयां टोला दिव्यांग वृद्ध और असहाय को कंबल दिया गया। मौके पर अरविंद सिंह विनोद मुंडा रामधारी गंझू भरत महतो दिनेश प्रसाद कुलदीप प्रसाद अनिल प्रसाद नगीना देवी तारा देवी राधा देवी तुलसी देवी गणेश लोहरा सुकरा गंझू बिनोद भुइया रामबिलास लोहरा झंझवा देवी बंधनी देवी बासमती देवी सुरेश लोहरा अनिता देवी नीरू देवी बसंती देवी लक्ष्मी साव जीतवाहन गंझू मौजूद थे।

प्रपत्र–VI
गुमला समाहरणालय, गुमला
( भू- अर्जन शाखा )
समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता -सह-समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1)के अधीन)

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि ग्राम–गुमला थाना–गुमला , थाना संख्या–59 अंचल –गुमला जिला –गुमला कुल–0.04 एकड़ यानि 0.01619 हे0 भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा परियोजना सिसई रोड,गुमला स्थित छठ तालाब में सीढ़ी निर्माण एवं पक्कीकरण योजना हेतु अपेक्षित है,

प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1)ख के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–गुमला थाना–गुमला थाना न0–59 ,अंचल–गुमला जिला– गुमला में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.04 एकड़ यानि 0.01619 हे0 मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:–

| क्र0सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 11 | 1040 | रैयती | 0.02 | श्रीमती अन्ना मिंज पति स्व0 बोनीफास मिंज मौजा– गुमला थाना–गुमला जिला– गुमला | 1040एवं 1041का अंश | तालाब का पीड | 1178 | 243 |
| 2 | 11 | 1041 | रैयती | 0.02 | | | | | |
| | | | कुल | 0.04 ए0 | | | | | |

यदि अधिसूचना भू–अर्जन,पुर्नवास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार /समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रतिश्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेदन –छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्य करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा– 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि का कोई विल्लंगन उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों ) के अंतर्गत भू–अर्जन की बावत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला। अपर समाहर्त्ता गुमला। उपायुक्त गुमला।

PR.NO.315231 Revenue(23-24):D

## रातू प्रखंड से बिरसा किसान रथ रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** राज्य सरकार के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 29 दिसंबर से निकला 10 दिनी बिरसा किसान रथ प्रखंड मुख्यालय पहुंची। प्रमुख संगीता तिर्की व बीडीओ हरिशंकर बारिक ने हरी झंडी दिखाकर इसे पंचायतों में रवाना किया। मौके पर उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, बीटीएम मुन्नी कुजूर, पशुपालन पदाधिकारी डॉ विजय कुमार, कृषि पदा धिकारी मुकेश प्रसाद, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रितेश पन्ना, जनसेवक और कृषक मित्र आदि मौजूद थे। इसके उपरांतए रथ तारूप, बानापीड़ी, पुरियो, हुरहुरी, रातू उतरी, रातू पूर्वी, रातू दक्षिणी, रातू पश्चिमी, लहना व पाली के कृषकों को मृदा स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकरण, केसीसी, मछली पालन व पशुओं का टीकाकरण तथा अन्य कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।

### आज यहां घूमेगी रथ

बीटीएम मुन्नी कुजूर ने बताया कि बिरसा किसान रथ शनिवार को बाजपुर, तिगरा, बिजुलिया, गुड्डू, सिमलिया, सुंडिल, फुटकलटोली, चटकपुर, पंडरा और कमड़े पंचायत जायेगी। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रितेश पन्ना, जनसेवक, कृषक मित्र तथा पंचायत प्रतिनिधि इसके साथ रहेंगे।

## इटकी से बिरसा किसान रथ रवाना

**इटकी।** इटकी प्रखंड मुख्यालय परिसर से शुक्रवार को बिरसा किसान रथ को बीडीओ गौतम प्रसाद साहू व उप प्रमुख परवेज आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से चलाया गया बिरसा किसान रथ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में घूम घूमकर पशुपालन व कृषि की उन्नत तकनीक के अलावा सरकार द्वारा चलाये जा रहे कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी।

## युवा महोत्सव गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** चारी हुजीर मैदान में आयोजित आठ दिवसीय भव्य युव महोत्सव का उद्घाटन शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी व पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम द्वारा किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा विकास संघ द्वारा गोल्ड कप फुटबॉल टर्नामेंट का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में विभिन्न जिला के 16 फुटबाल टीम शामिल हैं। उद्घाटन मैच इको एफसी क्लब एंव समाराया एफसी क्लब ब्राहंबे के बीच खेला गया। जिसमे इक्को एफसी की टीम ने शानदार खेल प्रदषन करते 1-0 से मैच जीत कर अगले राउंड में पहुंची। वहीं दूसरा मैच रंगा स्पोटिंग क्लब एंव मामा स्पोर्ट्स क्लब रातू के बीच खेला गया।





विजेता टीम के खिलाड़ी को सम्मानित करते आदित्य साहू व रामटहल चौधरी

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Municipal Corporation, Hazaribag

e- Procurement
Short Notice Inviting Tender
Reference No. - UDD/HMC/HZB/27/2023-24 2nd Call

1. Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | Repair of P.C.C Road from in Jain Mandir Gali & from Kali Bari Road to Kripa Marble via Bank of Baroda in Ward No. 17 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 13,22,300/- | 28,000/- | 5,900/- | 04 Month |
| 4. | Construction of P.C.C. Road from Sagar Sinha House to Mukesh ojha House & Ram Tiwari House in Balaji Vishnupuri and Repair of P.C.C Road from in Ward No. 23 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,99,400/- | 50,000/- | 5,900/- | 04 Month |
| 8. | Construction of R.C.C. Drain from the H/o Biltu Singh to Yugal Prasad to via H/o Late Krishna Ballabh in Krishna Puri in Ward No. 07 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 14,42,592/- | 30,000/- | 5,900/- | 04 Month |
| 9. | Construction of New R.C.C. Drain from Vimla Sadan to H/o Ramadhir Prasad in Cooperative Colony in Ward No. 11 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 15,96,700/- | 32,000/- | 5,900/- | 04 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 08.01.2024 at 11:00 A.M. |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 17.01.2024 up to 5:00 P.M. |
| 4 | Bid Opening date | 18.01.2024 at 05:00 A.M. |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 6 | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 315194 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

# आरटीसी कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीखे पर्यावरण संरक्षण के गुर

**झाड़ी के पौधे लगाने से नहीं बचेगा पर्यावरण**

खबर मन्त्र संवाददाता



अतिथियों के साथ कॉलेज के विद्यार्थी व शिक्षक।

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज ओरमांझी के विवेकानंद सभागार में शुक्रवार को पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण विषय पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीच ऑन फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा मूव फॉर अर्थ को लेकर आयोजित कार्यक्रम को लेकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। एसओएफ प्रबंध निदेशक विनय कुमार जजू व सहायक निदेशक सोमा चक्रवर्ती के साथ कॉलेज कई विद्यार्थी बापू वाटिका रांची से साइकिल रैली निकाल कर कॉलेज पहुंचे। वहीं पेंटिंग, क्राफ्ट व पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बाद में एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व अन्य अतिथियों द्वारा दीप जलाकर किया गया। वहीं सेमिनार में अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संक्षरण व सुरक्षा की जानकारी दी गई और कहा गया कि बड़े-बड़े पेड़ काटे जा रहे हैं और पौधे लगाने के नाम पर झाड़ीदार पौधे लगाए जा रहे हैं। इससे पर्यावरण सुरक्षा नहीं होगी।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य डॉ भीम महतो, इंटर कॉलेज के प्राचार्य ब्रजभूषण नीरज, पंस सदस्य शशि मिश्रा, रेणु चौधरी, शैलेंद्र मिश्रा, रामकुमार पाहन, योगेंद्र ठाकुर, इकबाल अंसारी, इमरान अंसारी, गफ्फार अंसारी, प्रेमनाथ मुंडा, अशोक महतो, विजय कुमार, रीना भारती, रेणु कुमारी, रीता कुमारी, अनुराधा कुमारी, संध्या कुमारी, तंजीता कुमारी, कृष्णा कुमार, टिकैत चौधरी, भवेश कुमार, कॉलेज के शिक्षक व छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# 7.5 करोड़ बढ़ी आबादी

अमेरिकी जनगणना ब्यूरो द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 1 साल में दुनिया की जनसंख्या में 7.5 करोड़ लोगों की वृद्धि हुई और नए साल के दिन यानी 1 जनवरी को यह 8 करोड़ से अधिक हो जाएगी। पिछले साल दुनिया भर में विकास दर सिर्फ 1 प्रतिशत से कम थी। जनगणना ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2024 की शुरूआत में, दुनिया भर में हर सेकंड 4.3 जन्म और दो मौतें होने की उम्मीद है। पिछले एक साल में संयुक्त राज्य अमेरिका की विकास दर 0.53 प्रतिशत रही, जो दुनिया भर के आंकड़े का लगभग आधा है। अमेरिका ने 1.7 मिलियन लोगों को जोड़ा और नए साल के दिन उसकी जनसंख्या 33.58 करोड़ हो जाएगी। ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन के जनसांख्यिकी विशेषज्ञ विलियम फ्रे ने कहा, यदि मौजूदा रफ्तार दशक के अंत तक जारी रहती है, तो 2020 अमेरिकी इतिहास में सबसे धीमी गति से बढ़ने वाला दशक हो सकता है, जिससे 2020 से 2030 तक 10 साल की अवधि में 4 प्रतिशत से कम की वृद्धि दर प्राप्त होगी। वर्तमान में सबसे धीमी गति से बढ़ने वाला दशक 1930 के दशक में महामंदी के बाद का था, जब विकास दर 7.3 प्रतिशत थी। बेशक, जैसे-जैसे हम महामारी के सालों से आगे बढ़ेंगे, विकास में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। फ्रे ने कहा, लेकिन 7.3 फीसदी तक पहुंचना अभी भी मुश्किल होगा। 2024 की शुरूआत में, संयुक्त राज्य अमेरिका में हर नौ सेकंड में एक जन्म और हर 9.5 सेकंड में एक मृत्यु होने की उम्मीद है। हालांकि, इमिग्रेशन जनसंख्या को कम होने से रोकेगा। नेट अंतर्राष्ट्रीय माइग्रेशन से हर 28.3 सेकंड में अमेरिकी आबादी में एक व्यक्ति जुड़ने की उम्मीद है। जन्म, मृत्यु और नेट अंतर्राष्ट्रीय माइग्रेशन के इस कॉम्बिनेशन से अमेरिकी जनसंख्या में हर 24.2 सेकंड में एक व्यक्ति की वृद्धि होगी।

# कोहरा का असर

हम भले ही हम चांद व मंगल पर दस्तक दे रहे हों, लेकिन हम देश में ऐसी तकनीकी व्यवस्था स्थापित नहीं कर पाए कि जो कोहरे में हवाई, रेल व सड़क यातायात को सुचारू संचालित करा सके। दुनिया में तमाम विषम मौसमी परिस्थितियों में लोगों ने जीने की सुगम राहें तलाशी हैं। हरियाणा में खासकर जीटी रोड वाली बेल्ट में कोहरे का प्रभाव ज्यादा नजर आता है। देश के अन्य राज्यों में भी दृश्यता में बाधा के चलते कुछ लोगों के मरने के समाचार हैं। सवाल यहां मरने व घायल होने वालों की संख्या का नहीं है, जिस भी परिवार में जनक्षति होती है, वह पूरा बिखर जाता है। खासकर जब मरने वाला परिवार का भरण-पोषण करने वाला हो। ये खबरें विचलित करती है कि क्यों निर्दोष लोग बेमौत मारे जाते हैं। यूं तो कोहरा सर्दियों में मौसम की देन है, लेकिन कहीं न कहीं, हमारी आधुनिक जीवन शैली से उपजा प्रदूषण भी इसे घना कर देता है। कोहरे में सड़कों में वाहनों को रेंगते देखा जा सकता है। निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाएं दृश्यता में कमी के चलते होती हैं,लेकिन कहीं न कहीं दुर्घटनाएं किसी की लापरवाही तथा तेज गति से वाहन चलाने से भी होती हैं। निस्संदेह, मौसम की तल्खी से पूरी तरह मुक्त होना संभव नहीं है, लेकिन शासन-प्रशासन की सजगता व सक्रियता से कई लोगों की जिंदगी बचायी जा सकती है। निस्संदेह, वाहन चालक के रूप में व्यक्ति का संवेदनशील व्यवहार जरूरी होता है। यूं तो परिवहन विभाग हर बार निर्देश जारी करता है कि सभी वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगे हों, गाड़ियों में फॉग लाइट हो, प्रकाश को परावर्तित करने वाले पेंट आदि सड़कों व पुलियाओं के किनारे लगे हों। वाहनों की गति पर नियंत्रण भी जरूरी है। विशेषकर बिहार झारखंड में भी ऐसी दुर्घटना लगातार बढ़ रही है लेकिन इस काल में सुरक्षा का भाव न सरकार में न आम में नजर आती है।

# 2024 में भी अपराधों से जूझती रहेगी आधी आबादी



राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभर कर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं।

महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर एनसीआरबी के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपित निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसदी क्रूरता, 19.2 फीसदी अपहरण, 18.7 फीसदी बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसदी बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान, 3690 मामले उत्तरप्रदेश, 3029 मध्यप्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए।



-योगेश गोयल

> देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपित निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसदी क्रूरता, 19.2 फीसदी अपहरण, 18.7 फीसदी बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसदी बलात्कार करने के मामले शामिल हैं।

दिल्ली और राजस्थान जहां महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राज्य हैं, वहीं दहेज के लिए जान लेने वालों में पहले स्थान पर उत्तरप्रदेश और दूसरे पर बिहार है। उत्तरप्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई, जबकि मध्यप्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई। ह्यएनसीआरबीह्न के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़ कर 2022 में 66 फीसदी हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए। ये 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? कितनी चिंतनीय स्थिति है कि जिस भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वही नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, झूठी शान के लिए हत्या, बलात्कार और सहजीवन में जान गंवाने के मामले में स्थिति काफी दयनीय है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि महिलाएं न परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़े देखें तो 2023 के 19 सितंबर तक ही महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जिनके इस वर्ष के अंत तक बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। वर्ष 2014 में 30,906 और 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में निर्भया कांड के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए, उससे लगा था कि समाज में संवेदनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैर-जिम्मेदाराना रवैया दिखता है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस- प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो।

कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी-दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मयार्दा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है। कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है, केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ उसकी जवाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन की जिस तरह की भूमिका सामने आती रही है, वह काफी हद तक इसके लिए जिम्मेदार है।

## खास बात

### हिंदी की समृद्धि यात्रा को स्वीकार करें

**जीवीएस शास्त्री**

हिंदी की समृद्धि की यात्रा अनवरत जारी है। सूचना क्रांति और आधुनिक तकनीक ने उसे विस्तार ही दिया है। कहने में संकोच नहीं होना चाहिए कि राजाश्रय में हिंदी की हनक बढ़ी है। लालकिले से लेकर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन तक में जब प्रधानमंत्री देश-दुनिया को हिंदी में संबोधित करते हैं तो उन्हें ध्यान से सुना जाता है। केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं और नीतियों का नामकरण हिंदी वाले शब्दों में नजर आता है। बीच में राज्यों से संवाद को लेकर भी एक पहल हुई थी, जिसे राजनीतिक विरोध के चलते वापस लेना पड़ा था। बहरहाल, हिंदी में देश की आत्मा बसती है। देश के दक्षिण और पूर्वोत्तर में लोग भले ही हिंदी में पारंगत न हों, मगर वे फिर भी संवाद करने की कोशिश जरूर करते हैं। इस दिशा में फिल्मों व टीवी ने बड़ी भूमिका निभायी है। यह अतिशयोक्ति होगी कि कोई कहे कि वह हिंदी नहीं जानता। धाराप्रवाह न बोल सके, लेकिन टूटी-फूटी ही बोले, मगर संवाद कायम जरूर कर सकता है। कई बार ऐसे रोचक प्रसंग सामने आते हैं कि रूस, अफ्रीका और यूरोपीय देशों के लोग हिंदी न जानते हुए भी हिंदी गानों को निर्दोष उच्चारण में दोहराते हैं।

कमोबेश दक्षिण भारत, कश्मीर व पूर्वोत्तर से आने वाले प्रतिभागी टीवी के गीत-संगीत के कार्यक्रमों में स्पष्टता से हिंदी शब्दों का उच्चारण करते हैं। सही मायनो में देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाली भाषा की दरकार आजादी के बाद से ही रही है। यह लक्ष्य पूरा हो भी जाता, यदि इसको लेकर राजनीति न होती। इंटरनेट और मोबाइल फोन में हिंदी वर्णमाला की सुविधा ने हिंदी में संवाद की सुविधा को विस्तार दिया है। लेकिन चिंता इस बात की भी है कि हिंदी के व्याकरण और शुद्धता की लगातार अनदेखी की जा रही है। नयी पीढ़ी की संक्षिप्तीकरण की पहल के चलते हिंदी की दशा की चिंता होती है। वहीं पत्र-पत्रिकाओं का अंग्रेजी मिश्रित हिंदी का मोह यदाकदा परेशान करता है जब खबरों व लेखों के शीर्षकों को पढ़ते वक्त अवरोध पैदा होता है। बहरहाल, हिंदी को पांडित्यपूर्ण भाषा बनाने से परहेज भी हो।

# ब्रम्हार्षि विश्वामित्र

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**विश्वरथ** अहंकार से वशीभूत हो जायेगा। अहंकार से छुटकारा उसे समाधि का अनुभव नहीं दिला सकता है। काश उसे ये पता होती कि ब्रम्हज्ञान के लिये किसी ब्रम्हज्ञानी को मन-बुद्धि समर्पित करनी होती है। अपने अहंकार को ब्रम्हज्ञानी के अहंकार से मिलाना पड़ता है। ब्रम्हज्ञानी को धारण कर उसका होकर जगत से व्यवहार करता है। ब्रम्हज्ञानी को पूर्ण रूप से धारण कर लेने पर जो प्रेम हृदय में प्रकट होता है, उससे अज्ञान का नाश होता है। इस प्रकार अज्ञान का नाश होने से पुनः न तो वासना के प्रभाव में आकर वह दुनिया में फंसता है और न ही अहंकार उसे सताता है। जो मन, बुद्धि जो जीव से बंधन में फंसाने वाला काम करवा रहा था वही मन बुद्धि अब उसका सहयोगी हो जाता है।असली ब्रम्हज्ञान ब्रम्हज्ञानी को मन-बुद्धि समर्पित कर उसे प्रेम करके पाया जाता है।

यह बार्तालाप विश्वरथ सुन रहे थे। वे ग्लानि से भर उठे। ओह मैं इतने महान पुरुष की हत्या करने आया था। तलवार हाथ से गिर गया। वे कुटिया के अंदर जाकर महर्षि विशिष्ठ के चरणों पर साष्टांग गिर कर बोले जन्म-जन्म का महापतित विश्वरथ आज गुरु चरणों को समर्पित है। महर्षि वशिष्ठ बोले- उठो ब्रम्हार्षि विश्वामित्र तुम संपूर्ण विश्व के मित्र हो। आज से तुम जगत में विश्वामित्र के नाम से जाने जाओंगे।

महर्षि विश्वामित्र बोले आज से मेरा शेष जीवन गुरु चरणों को समर्पित है। अब आज्ञाधीन सेवा करना ही मेरा कर्तव्य है। कहिए क्या सेवा करूं।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड

ताईवान-चीन के बीच तनाव




साभारः कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### खतरनाक खिलौने

**खिलौनों** का एक खतरनाक पहलू भी है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयात होने वाले 66.90 प्रतिशत खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हैं। एक अध्ययन में क्यूसीआई ने पाया कि अनेक खिलौनों में मौजूद मैकेनिकल और केमिकल जाचों में गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। चीन से आये खिलौने पर कड़ी नजर हो।

**– सुमित, गढ़वा**

### एमएसपी जरूरी

**साल** 1964 में पहली बार तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में खाद्य-अनाज मूल्य समिति का गठन हुआ। 1964 में ही दिसंबर माह में इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इसके बाद 1966-67 में पहली बार गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया। किसानों के हित में न्यूनतम मूल्य जारी रहना चाहिए यह जरूरी है।

**– सुनील झा, हजारीबाग**

भेदभाव रहित, समावेशी, सभी को न्याय और हर गाँव के विकास के सर्वोच्च लक्ष्य को सबसे ऊपर रखते हुए झारखण्ड में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार काम कर रही है। हमारी सरकार ने अपनी स्थापना का चार वर्ष पूरा कर लिया।

**– शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक मांडर**

## रोचक ट्वीट

**आदिवासी** हो भाषा वारंग क्षिति लिपि के निमार्ता और महान साहित्यकार ओत गुरु कोल लाको बोदरा जी की जयंती पर शत-शत नमन। राज्य की समृद्ध जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाएं झारखण्ड और झारखण्डियत की पहचान हैं।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**मैं** अपने उपहारों को श्रेष्ठ कार्यो नमामी गंगे के लिये नीलाम कर रहा हूं। ये उपहार मुझे आप सबों ने दिया है। इसमें ऑलंपिक में जीते और भाग लिये खिलाड़ियों द्वारा दिये गये उपहार भी है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# जब राम ने रावण को अयोध्या का राजा धोषित किया

**एनके मुरलीधर**

**राम** मंदिर के निर्माण और मंदिर में विग्रह की स्थापना की तारीख 22 जनवरी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है इसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। 500 साल के संघर्ष के बाद जो परिणाम आया है वह देश के सांस्कृति पुर्नस्थापना का काल कहा जा रहा है।

श्री राम आखिर क्यों हजारों साल से लोगों के मन में बसे हैं इसके लिये राम के वक्तित्व से अधिक कृतित्व का योगदान है। चूंकि राम को समझने की पात्रता भी होनी चाहिए इस कारण कुछ लोग कह रहें हैं कि इतने बड़ें मंदिर से बेहतर तो अस्पताल बनाना होता। व्यवहारिक तौर पर यह यह बात सही भी जान पड़ती है। लेकिन सांस्कृतिक मूल्यों का भारतीय समाज में इतना अधिक महत्व है कि उससे ही पूरा देश बंधा होता है। दक्षिण भारत के रामेश्वर से लेकर नेपाल के जनकपुर तक पूरे देश में राम आस्था के केंद्र बिंदु रहें हैं। यह अलौकिक आस्था ही राम भक्तों को संघर्ष की शक्ति देता है।

राम का जीवन दर्शन इतना विराट है कि अगर उसके एक बिंदुभी कोई जीवन में अंगीकार कर ले तो वह उच्चतम जीवन मापदंड के साथ जी सकता है।

लंका के युद्ध भूमि पर जब रावण का पुत्र मेघनाथ मारा गया तब उसका सर शव के साथ नहीं था। उसका सर श्री राम सेना के पास रह गया था। सुलोचना ने रावण से कहा कि पिताजी मैं अपने पति के सिरविहीन लाश का अंतिम संस्कार नहीं करना चाहती। मैं राम से जाकर अपने पति मेघनाथ का सिर वापस लेकर आना चाहती हूं। रावण बोला क्या तुमको लगता है कि राम तुम्हें सर वापस कर देगा। सुलोचना ने कहा मैंने जितना राम के बारे में सुना है उससे हमें विश्वास है वो भाव से भरे भगवान राम है मेरी सुनेंगे। रावण ने अनुमति दे दी। सुलोचना पालकी पर सवार हो राम सेना की शिविर की चली। जब बानर सेना ने देखा तो सोचा कि पुत्र शोक में शायद रावण द्रवित हो गया है और वह राम के समक्ष सर्मपण करने आ रहा है। सुग्रीव सहित कई वानर राज राम के पास पहुंचे और कहा कि श्री राम रावण आपके सामने आत्मसर्मपण करने आ रहा है ऐसे में आगे विकट समस्या खड़ी होने वाली है। राम ने कहा कौन सी समस्या?




वानरों ने कहा कि आपने युद्ध जीतने की स्थिति विभीषण को लंका का राज सौंपकर लंकेश बनाने का वचन दिया है उसका क्या होगा जब रावण आत्म समर्पण कर देगा। आपका वचन संकट में पड़ जायेगा।

भगवान श्री राम ने मंद-मंद मुस्कुराते हुए वानरों से कहा कि पहले तो रावण इतना अहंकारी है कि वह आत्मसमर्पण नहीं करेगा और अगर करता है तो विभीषण ही लंका का राजा होंगे मैं रावण को अयोध्या का राजा घोषित कर दूंगा। सभी वानर और उपस्थित लोग सन्न रह गये। वे समझ भी नहीं पाये कि राम की विराट लीला में कोई द्रोही नहीं कोई दुश्मन नहीं है।

राम की यही विचारधारा यही चिंतन उन्हें मर्यादा ये युक्त बनाता है उन्हें भगवान का पद देता है। कुछ देर में सुलोचना युद्ध शिविर में पहुंची और राम से अपने पति का सिर मांगा साथ ही यह भी पूछा कि मेरा अपराध क्या है? राम ने कहा कि तुम चाहो तो मैं जीवन के संचित पूर्ण पुण्य को समर्पित कर तुम्हारे पति को वापस कर सकता हूं क्योंकि मैं तुम्हारा अपराधी हूं। सुलोचना ने कहा नहीं प्रकृति के नियमों को पूरा करने के लिये मुझे मेरे पति का सिर वापस दिया जाए। राम कण-कण में हैं राम जन-जन के आस्था में हैं। मैंने जिस राम को समझा उससे बढ़कर आप हैं। भारतीय महाद्धीप के राम अब वैश्विक दर्शन के प्रतिबिंब हैं। राम इसलिए आज भी पूज्यनीय हैं।

# गणतंत्र दिवस झांकी को लेकर केजरी-केन्द्र में विवाद

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**अरविंद केजरीवाल** और केंद्र सरकार के मध्य विवाद कभी सुलझते नहीं। विवाद दरअसल ये है कि आगामी गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को इंडिया गेट पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परेड में दिल्ली की ह्यझांकीह्न को अनुमति नहीं मिली है। परेड समिति ने दिल्ली की झांकी को रिजेक्ट कर दिया है। कारण बताया है कि परेड के माध्यम से केजरीवाल राजनीति करना चाहते हैं। अपने कामों का प्रचार चाहते हैं। वैसे, केंद्र और केजरीवाल के बीच कई मसलों पर विवाद हैं लेकिन उन्हें छोड़ कर सियासी खींचतान ह्यझांकियोंह्न तक पहुंच गई है।

गणतंत्र दिवस परेड में किस प्रदेश की झांकी को शामिल करना और किसे नहीं, ये निर्णय हो चुका है। आम आदमी पार्टी शासित प्रदेश इसमें शामिल नहीं हैं। यह सूचना जबसे केजरीवाल को मिली है, वह तमतमाए हुए हैं। वैसे, उनका नाराज होना स्वाभाविक भी है। आखिर उनकी झांकी को ऐन वक्त पर रिजेक्ट जो कर दिया। केजरीवाल की तरफ से कहा जा रहा है कि झांकी की तैयारी बीते सितंबर माह से चल रही थी। इस बार दिल्ली सरकार की योजना थी कि शिक्षा और स्वास्थ्य के मॉडल को झांकी के जरिए प्रस्तुत कर न सिर्फ भारत बल्कि समूची दुनिया को दिखाएंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति समारोह के मेहमान हैं, वो भी देखेंगे। लेकिन केंद्र ने केजरीवाल की मंशा पर पानी फेर दिया है।

## धर्म

बहरहाल, झांकियों को शामिल करने की एक प्रक्रिया होती है। राज्यों की तरफ से कुछ माह पहले प्रस्ताव केंद्र को भेजे जाते हैं जिसमें दिल्ली सरकार को थोड़ी देरी हुई। यही कारण है कि रक्षा मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी ने इस साल गणतंत्र दिवस परेड-2024 के लिए दिल्ली की झांकी को शामिल नहीं किया। यह लगातार तीसरा गणतंत्र दिवस होगा, जब दिल्ली की झांकी देश के मुख्य समारोह का हिस्सा नहीं होगी। इससे पहले वर्ष-2021 में दिल्ली की झांकी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुई थी। तब, चांदनी चौक में किए गए री-डवलपमेंट की थीम पर आधारित झांकी निकाली गई थी। लेकिन इस बार केजरीवाल अपने राजनीतिक मॉडल की प्रस्तुति चाहते थे। विवाद यहीं से आरंभ हुआ। समिति ने उनके समक्ष प्रस्ताव रखा था कि दिल्ली अपनी संस्कृति की छवि झांकी के माध्यम से पेश कर सकती है, पर केजरीवाल अपनी जिद पर अड़े रहे। तब, हार कर समिति ने निर्णय लिया। लेकिन ये विवाद अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है जो शायद जल्द शांत न हो।

वहीं, दिल्ली सरकार मानती है कि अमृतकाल का दौर चल रहा है इसलिए उन्होंने 26 जनवरी पर ह्यविकसित भारतह्न की थीम पर आधारित झांकी का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, जिसमें दिल्ली के विकास की नई तस्वीर पेश होती। झांकी में दिल्ली के नए सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और मुहल्ला क्लीनिक मॉडल को दशार्ना था, जिसने राजधानी को एक नई पहचान दिलाई है। पर, केंद्र सरकार की स्क्रीनिंग कमेटी को यह थीम बिल्कुल नहीं जंची और रिजेक्ट कर दिया। केजरीवाल इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घसीट रहे हैं। उनका आरोप है कि ये सब उन्हीं के इशारे पर हुआ। ऐसा प्रतीत होता है कि 2024 की सियासी लड़ाई में अभी कुछ माह शेष हैं, लेकिन जोर-आजमाइश अभी से शुरू हो गई।

झांकी से उपजा ये सियासी झंझट कुछ दिनों तक शोर मचाएगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल झांकी के जरिए केंद्र सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बता रहे हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में जयंत सिन्हा का स्वागत



**कुजू।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने वीआरएल गेट के समक्ष भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत किया गया। श्री सिन्हा सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट रांची रोड और इफिको के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आयोजित बैठक में शामिल होने आए थे। स्वागत के दौरान कार्यकर्ता समेत क्षेत्र के कई लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर सांसद ने गंभीरता से लेते हुए पहल करने का भरोसा दिलाया। मौके पर उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के कार्य अग्रसर हो रहे हैं। पहले की अपेक्षा फिलहाल क्षेत्र में कई कार्य किए गए हैं। स्वागत करने वालों में सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, प्रकाश मिश्रा, छोटन सिंह, उमेश प्रसाद, संजय शाह, सुनील प्रसाद, उत्पल कुमार मुखर्जी, सहदेव ठाकुर, सुबोध प्रसाद, रंजीत प्रसाद, कमलेश बेदीया, मनिंद्र नारायण झा, रामजी राम, प्रेम कुमार, विनय कुशवाहा, अखिलेश ठाकुर, पवन कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

### 22 जनवरी को जलाएं दीयें : प्रजापति

**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की बैठक मोतीराम काम्प्लेक्स एंड जेपी रेस्टोरेंट बैंक्विट हॉल के सभागार में शुक्रवार को हुई। इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति व संचालन अनीता देवी ने किया। प्रजापति ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के खुशी में 22 जनवरी को घर-घर दीये जलाने को लेकर फाउंडेशन के सदस्यों के बीच दीया बांटने का आह्वान किया। मौके पर आशा कुमारी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, शांति देवी, वीणा देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, शीला देवी, सोनी देवी, रिंकू देवी, सविता कुमारी के अलावे दशरथ प्रसाद केसरी, गणेश प्रसाद सोनी आदि मौजूद थे।

### मोतियाबिंद के मरीजों का हुआ ऑपरेशन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब भुरकुंडा भुरकुंडा ने पिछले दिनों मोतियाबिंद जांच शिविर लगाकर कई लोगों के आंखों की जांच की थी। जांच के बाद मोतियाबिंद के लक्षण वाले मरीजों को ओंकार डिवाइन मिशन अस्पताल रामगढ़ में ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था। जहां रांची के सुप्रसिद्ध डॉ. नवीन कुमार ने सभी मोतियाबिंद मरीजों का सफल ऑपरेशन किया। रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने कहा कि क्लब का उद्देश्य जरूरतों की सेवा व समाजहित में कार्य करना है। उन्होंने कहा की क्लब अपने सामाजिक दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।मौके पर रोटरी क्लब भुरकुंडा के प्रोजेक्ट चेयरमैन परमजीत सिंह धामी, अजय गोयल, विजय कुमार, राम अवतार प्रसाद, सुनील कुमार, रिंकू धामी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### स्वर्णकार संघ का चुनाव 17 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शास्त्री चौक भुरकुंडा स्थित सिद्धि विनायक मंदिर परिसर में शुक्रवार को पतरातू प्रखंड स्वर्णकार संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश सोनी ने किया। बैठक में स्वर्णकार संघ के रामगढ़ जिलाध्यक्ष तरूण कुमार वर्मा उपस्थित थे। म्वर्मा ने संगठन की मजबूती और समाज को आगे बढाने पर बल दिया। बैठक में सर्वसम्मति से 17 जनवरी को दामोदर दोमुहान मंदिर तट पर विस्तारित बैठक करने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रखंड कमेटी का चुनाव करने की बात कही गई। कहा गया की चुनाव से पूर्व इच्छुक प्रत्याशी आगामी 15 जनवरी तक अपना नामांकन आवेदन उदय स्वर्णकार, कैलाश प्रसाद स्वर्णकार, विजय कुमार स्वर्णकार के पास जमा कर सकते हैं। मौके पर मनोज कुमार स्वर्णकार, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, रोशन सोनी, विनोद सोनी, अशोक सोनी, सोनु वर्मा, मनोज सोनी, विजय वर्मा, प्रदीप सोनी, प्रदीप कुमार स्वर्णकार, मिथिलेश बर्मन, नीरज सोनी, सुरज कुमार, अनिल सोनी, पप्पु कुमार, वर्मा, विनोद सोनी, विनय कुमार स्वर्णकार, अभिषेक सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### श्री राम पावर एंड स्टील में कर्मी की मौत



**कुजू।** मुरपा कुजू स्थित श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री परिसर में निर्माणाधीन पावर प्लांट में कार्य करने के दौरान एक कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे इलाज के लिए प्रबंधन और फैक्ट्री कर्मियों ने स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार की दोपहर करीब चार बजे की है। घटना के बाद परिजनों द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर शुक्रवार की अहले सुबह करीब 6 बजे फैक्ट्री गेट के समक्ष शव को रख कर फैक्ट्री का कामकाज ठप कर दिया। इसके बाद फैक्ट्री में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी जीटीपीपीएल, कुजू पुलिस व परिजनों के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। जिसमे करीब 7 घंटे के बाद साकारात्मक वार्ता बाद मुआवजा राशि दिए जाने के बाद फैक्ट्री का कामकाज सामान्य रूप से शुरू हो गया। परिजनों को तत्काल ढाई लाख रुपए दिया गया।

### चितरपुर में खुला धान क्रय केंद्र



**रजरप्पा।** मायल पैक्स लिमिटेड चितरपुर में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उदघाटन जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज एव मायल पंचायत मुखिया फिरोज अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत रूप से किया. इससे किसानों में हर्ष देखा गया। सुधा देवी ने कहा कि किसान अपने धान को सरकारी क्रय केंद्र में ही बेचें। सरकार बिचौलियों की अपेक्षा दोगुने दाम में किसानों से धान खरीद रही है वे इसका लाभ उठाएं। अब किसान सरकारी दर 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अपना अनाज बेच सकेंगे।

# चौपारण प्रखंड में सड़कों का बिछेगा जाल

## विधायक ने दो दर्जन से अधिक सड़कों के जीर्णोद्धार की अनुशंसा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** प्रखंड में लोकसभा चुनाव से सड़कों का जाल बिछेगा। विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने नए साल के दूसरे दिन ही प्रखण्ड के दो दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण सड़कों के जीर्णोद्धार की अनुशंसा कर लाखों लोगों को नई सौगात दी। विधायक श्री अकेला ने कहा कि सड़क के निर्माण होने से क्षेत्र के विकास के पहिया को और गति मिलेगी।



**एक पुल का होगा निर्माण :** विधायक ने 17 नए सड़क निर्माण की योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुसंशा की। जिसका मापी भी प्रारम्भ हो गया। जिसमें जिला योजना अनाबद्ध निधि योजना अन्तर्गत पंचायत - डेबो, ग्राम करमा, में आरईओ रोड करमा से मो मुस्तकीम, लखन पंडित के घर होते हुए श्मशान घाट की ओर 1000 फीट पीसीसी पथ निर्माण, पंचायत चौपारण, ग्राम चौपारण अलंकार वस्त्रालय से समदा आहर की ओर ढक्कन सहित नाली निर्माण,चौपारण प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत बच्छई ग्राम डुमरी में मंगराडाहर में पुलिया निर्माण और चौपारण प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत तक पथ निर्माण बेला ग्राम बेला में मदरसा से मकनपुर सोत तक पथ निर्माण शामिल है।

वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पंचायत रामपुर कांटी बजरंग बली मंदिर से टिकैता आहर होते हुए शीतल भुईयों के घर तक 1 किमी,पंचायत दादपुर आरईओ रोड अमरौल से टोला मुर्तियाटांड तक 1.5 किमी, पंचायत पडरिया आरईओ रोड अम्बाजीत बिरेन्द्र सव्वके घर से भुइयां टोली होते हुए आर ई ओ रोड सकलदेव यादव के घर तक 1किमी , पंचायत चौपारण बजरंग टोला मन्दु यादव के घर से शिव मंदिर होते हुए दुलार यादव के घर तक 2 किमी, पंचायत ब्रह्मोरिया आर ई ओ रोड जब्बार मियां के घर से कब्रिस्तान होते हुए सोनपुरा सीमाना तक 2.5 किमी, बुढ़ियाढाबर देवकुमार प्रजापति के घर से महडोर होते हुए कर्बला तक 3 किमी,पत्रांक 3/ 24 के तहत मुनम मोड़ से नेवरीकरमा, अमरौल होते हुए केन्दुआ तक 7 किमी,आर ई ओ रोड बिशनपुर से बेलाटाँठ तक 5 किमी, पीडब्ल्यूडी रोड से परसादां तक पथ 3 किमी, सोहरा से दुरागडा तक पथ 3.5 किमी, पीडब्ल्यूडी रोड हथिया मोड़ से हथिया होते हुए जामुन चक तक पथ 3.5 किमी, पीडब्ल्यूडी रोड सवैया से बोंगा होते हए दैहर बगीचा तक पथ 3 किमी , आरईओ रोड चैथी से सत्येन्द्र पाण्डेय के घर तक पथ 2 किमी, चक मोड गोपाल सिंह के घर से आरइवो रोड नगवां तक पथ 3 किमी, बसरिया उच्च विद्यालय से महुवअबाद तक पथ 3 किमी, दनुआ से अहरी नावाडीह तक पथ 7 किमी, पीडब्ल्यूडी रोड से सिरमां तक पथ 3 किमी, एनएच 31 से पोडैया तक पथ 2 किमी, पीडब्ल्यूडी रोड इंगुनियां मोड़ से इंगुनियां होते हुए बनउ रोड तक 2 किमी, एनएच 2 सिंघरायां मोड़ से केवला होते हुए बेला तक 3 किमी, आरईवो रोड झापा से निमा होते हुए हथिन्दर तक 4 किमी, एनएच 2 कमलवार चढाई से अम्बाजीत तक 5 किमी, दैहर मोड से हथिन्दर होते हुए सोहरा तक 5 किमी तक जीर्णोद्धार होगा।

# क्षेत्र में विकास के साथ लोगों की सेवा करना उद्देश्य : अरुण साहू

**तिलेश्वर साहू सेना की बैठक में विधानसभा चुनाव पर चर्चा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बरही। बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना के बरही विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत के प्रभारी, अध्यक्ष, संयोजक व सचिवों की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। बतौर तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के युवा नेता अरूण साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार व संचालन बरही प्रखंड प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो ने किया। तिलेश्वर साहू सेना संगठन को जन-जन तक पहुंचाने एवं मजबूत करने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं 2024 के विधानसभा चुनाव में अरूण साहू जी को विधायक बनाने हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने संघर्ष, संकल्प एवं विकास के मुद्दों के साथ 2024 में आगे बढ़ने और कार्य करने का प्रण किया। कार्यक्रम में अरूण साहू ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराने का निर्देश दिया और सेवा भाव से उस समस्या का निराकरण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा के हरेक व्यक्ति की मदद हेतु सदैव आप सबों के बीच आपका बेटा व भाई बनकर खड़ा रहेंगे। मौके पर बरही प्रखंड उपाध्यक्ष छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, बरही प्रखंड मीडिया प्रभारी बबलू साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मो. जमीरूद्दीन, बरही प्रखंड युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बड़कागांव में विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर कई सड़कों का होगा निर्माण



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई पटकथा लिखी जा रही है। विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर कई सड़कों का निर्माण होना है जिसके आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा निविदा जारी कर दिया गया है। उक्त सड़कों के निर्माण में लगभग 21 करोड़ की लागत आएगी। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के एनटीपीसी पथ चेपाखुर्द से चेपाकला तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क, जुबला से चानो तक की लगभग 6 किलोमीटर सड़क, हरली शिव मंदिर से नापो कला पथ होते हुए सतबहिनी पुल तक 5 किलोमीटर पथ का निर्माण, लुरुंगा से इंदरा तक की 6.5 किलोमीटर पथ, महुदी मध्य विद्यालय से चुंबा गड़ा तक 3.5 किलोमीटर सड़क, बड़कागांव सूर्य मंदिर से आराहरा तक 4 किलोमीटर पथ, डोकाटांड़ से बरबनिया होते हुए मलडीह तक 4 किलोमीटर पथ, आंगो आर ई ओ रोड से कमाटांड़, बधपंजा भाया कोयलंग सरना बगाही तक 4 किलोमीटर पथ, कांडतरी से बुढ़वा महादेव तक 2.4 किलोमीटर, लुरुंगा मुख्य पथ से आदिवासी टोला भाया लेटवाटांड़ चानों तक 3.4 किमी पथ व नापो खुर्द से असनाटांड़ तक 2.7 किलोमीटर पथ का निर्माण विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर होना है।

## कायस्थ महासभा चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ बीबी प्रसाद



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ बीबी प्रसाद को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के चिकित्सा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर रामगढ़ जिला के चित्रांशों ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ बीबी प्रसाद को कायस्थ महासभा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने बधाई दी। वर्तमान में वे दिल्ली में बस गए है और वहीं चिकित्सा क्षेत्र के साथ साथ समाजिक कार्यों में अपने अनुभव से समाज को लाभान्वित कर रहे हैं। डॉ बीबी प्रसाद को अरुण चन्दन सिन्हा, डॉ शंभू प्रसाद,रंणजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, विनोद कुमार श्रीवास्तव, धन्नजय वर्मा , राजीव पामदत्त, अमित कुमार सिन्हा, राजेश कुमार,बामेश्वर प्रसाद, मुन्ना श्रीवास्तव,प्रो प्रदीप कुमार सिन्हा, अधिवक्ता आनन्द कुमार,कुंवर बक्सी, डॉ आर के सिन्हा, डॉ के चन्द्रा, डॉ उदय श्रीवास्तव, डॉ रोहित वर्मा,मनोज कुमार सिन्हा, संजय लाला,सूर्यवंश श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिन्हा, सुजीत नारायण सिन्हा, उपेन्द्र कुमार सिन्हा,विरेन्द्र कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा, डॉ संजीव कृष्ण जमुवार, आशुतोष कुमार सिन्हा, संजीव सिन्हा, नितेश रंजन, दीपक सिन्हा , अजीत कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा व अन्य ने दी बधाई।

# अडाणी फॉउंडेशन की डिजिटल पहल से 52 बच्चों ने किया कंप्यूटर कोर्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने अडाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) के सहयोग से प्रखंड के बच्चों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स की शुरूआत की है।

पहले बैच के 52 विद्यार्थियों को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से डाटा इंट्री ऑपरेटर पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके साथ ही सबसे अधिक अंक लाने वाले शीर्ष दस बच्चों को आकर्षक फेयरवेल किट् देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व मुखिया महेंद्र महतो और शिवदयाल महतो ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का यह प्रयास प्रशंसनीय है।इससे उन्हें आगे चलकर रोजगार के कई अवसर मिलेंगे। उन्होंने इस प्रयास के लिए



अदाणी फॉउंडेशन को बधाई दी। एएसडीसी द्वारा 15 दिसंबर 2023 से शुरू किये गए इस केंद्र में पहले बैच के बच्चों को हजारीबाग के शिक्षक विकास जयसवाल ने कंप्यूटर और इंटरनेट के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि अब यहां दूसरे बैच भी शुरू हो चुका है।बड़कागांव इलाके में अदाणी फॉउंडेशन लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और खेल के क्षेत्र में कई तरह का सार्थक प्रयास कर रहा है। इसके अलावा विभिन्न गांव में लगातार हेल्थ कैम्प और नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा टीबी के 130 से अधिक मरीजों को गोद लिया गया है।

# अन्नपूर्णा देवी से मिला भुरकुंडा विकास मंच

## केंद्रीय विद्यालय को पुनः खोलने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भुरकुंडा (रामगढ़)। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत युवा संगम कार्यक्रम में भाग लेने को लेकर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी पतरातु लेक रिसॉर्ट पहुंची। इसी क्रम में भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के एक प्रतिनिधि मंडल ने गिरधारी गोप के नेतृत्व में मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुनः भुरकुंडा क्षेत्र में स्थापित करने की मांग मंत्री से की। मंच के लोगों ने कहा की केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान व धरोहर है। जिसे यहां से हटाकर दूसरे स्थान पर स्थापित करने का प्रयास है। जो इस क्षेत्र के जनभावनाओं के प्रतिकूल है। कहा गया की कुछ तथा कथित शिक्षा माफिया नहीं चाहते की केंद्रीय विद्यालय जैसी अच्छी शिक्षा संस्थान क्षेत्र में रहे। जिससे उन्हें नुकसान हो। आज निजी शिक्षा संस्थानें शिक्षा को बिजनेस बना दिये हैं। जिसके कारण सेंट्रल स्कूल भुरकुंडा को पुनः इसी क्षेत्र में स्थापित करने में कुछ अड़चने आ रही है। मंच के लोगों की बाते सुनने के बाद मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस मुद्दें पर साकारात्मक पहल करने का आश्वासन दी। साथ ही उन्होंने मंच के लोगों से आगामी 15 जनवरी को कोडरमा आकार केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा से संबंधित दस्तावेज, विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। मंत्री के आश्वासन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने निर्णय लिया की आगामी 15 जनवरी को मंच कोडरमा जाकर केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा से संबंधित दस्तावेज और विस्तृत जानकारी मंत्री अन्नपूर्णा देवी को उपलब्ध करायेगी। इसके पूर्व प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से गिरधारी गोप, संतोष यादव, विनय सिंह चौहान, महेंद्र महतो, जानकी ठाकुर, सुभाष तिवारी, संजय यादव, रवि सोनी आदि शामिल थे।

## ए ला एंग्लाइज विद्यालय में ब्लूम ओलंपियाड आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज विद्यालय में शुक्रवार को विषय वार ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के करीब 294 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्राचार्य बिजयंत कुमार ने बताया कि बच्चों के विकास के लिए समय प्रबंधन और मानसिक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के ओलिंपियाड का आयोजन किया जाता है। प्रतिवर्ष इस प्रकार के प्रतियोगिताओं में विद्यालय के सैकड़ो बच्चे हिस्सा लेते हैं। जो अपने कुशलता के अनुसार राज्य स्तर तक के लेवल पर विद्यालय का नाम रोशन करते आ रहे हैं।

## एक नजर में

### धनवार पंचायत में 180 लोगों को मिला कंबल



**बरही।** धनवार पंचायत में असहाय लोगों के बीच 180 कंबल बांटा गया। वितरण में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंचायत सचिव राजेंद्र मिश्रा, समाजिक कार्यकर्ता सह महिला नेत्री ममता देवी, पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी, वॉर्ड सदस्य बालेश्वर कुमार, लक्ष्मी कुमारी, ब्रहमदेव यादव, प्रकाश साव, उमेश यादव, मौजूद रहे। सर्दी के मौसम में कंबल प्राप्त कर लोगों ने खुशी जाहिर किया। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि जनसेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इस बाबत बुजुर्ग कारू साव ने कहा कि आज हर कोई अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति में दिन रात व्यस्त हैं ऐसे में समाजसेवा के लिए आर्थिक सहयोग करने वाले व्यक्ति धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कपकपाती ठंड में सैकड़ो जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराने के लिए सराहना की। ममता देवी ने कहा कि उचित समय मे कोई वस्तु मिलने पर लोगों में आत्मिक खुशी के अलावे दिए गए सामानों की उपयोगिता महसूस होती है। लाभुकों में सुखदेव यादव, दरोगा पंडित, वासुदेव यादव, राशिदन खातून, अकबर मियां सहित अन्य लाभुक शामिल थे।

### परेज में हुयी सीसीएल सीकेएस की बैठक



**चरही।** श्रमिक संगठन सीसीएल कोलियरी संघ संबद्ध भामसं कार्य समिति की बैठक शुक्रवार को भामसं कार्यालय परेज में हुई।इस बैठक में कई पहलुओं पर विचार किया गया।साथ ही संगठनात्मक पर चर्चा की गई।भामसं के जिला मंत्री नीरज सिंह ने कहा कि सीएमपीएफओ घोटाले और मजदूरों के लंबित समस्याओं के विरुद्ध 11 जनवरी को चरही सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।साथ ही धरना-प्रदर्शन के माध्यम से प्रबंधक को मांग-पत्र सौंपा जाएगा।आगे कहा कि इस पहल नहीं किया गया तो रणनीति को तय कर आंदोलन किया जाएगा।बैठक में केंद्रीय मंत्री निर्गुण महतो,केंद्रीय सदस्य जेपी झा,जिला मंत्री नीरज सिंह सहित भामसं के क्षेत्रीय अध्यक्ष, सचिव के अलावे कई लोग शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति का टूटा पैर

**चरही।** चरही-मोड़ के समीप एनएच 33 पर एक कार के चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति का पैर टूट गया कार नंबर डब्ल्यू बी 06सी/97 17 हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रही थी। घाटो मोड़ के समीप कार नंबर जेएच01सी डब्ल्यू/5326 के चालक कार को किनारे में खड़ी कर एक दुकान से समान को खरीद रहा था।हजारीबाग की ओर से आ रही कार ने पीछे टक्कर मार दिया। पान की गुमटी में पान खा रहे चरही निवासी हनीफ अंसारी को कार ने अपने चपेट में ले लिया।जिस कारण उसका एक पैर टूट गया।चरही पुलिस मौके पर पहुंचकर इलाज के लिये चरही के स्थानीय अस्पताल भेज दिया। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया।

### दारू में ड्राइविंग ट्रेनिंग का उद्घाटन

**चरही।** हजारीबाग क्षेत्र के सीएसआर मद वर्ष 23-24 के अंतर्गत पचमो पंचायत के 73 युवाओं को ड्राइविंग ट्रेनिंग तथा लाइसेंस दिलवाने का उद्घाटन हुआ। ये प्रशिक्षण नेक्सट्जन मोटर ड्राइविंग एवं इंजीनियरिंग स्कूल, रामगढ़ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर श्रीमती उर्मिला देवी, वार्ड सदस्य, श्री राजेश राम, वार्ड सदस्य, व्यस्थापित रैयत मोर्चा, पचमो तथा बगरैया के सम्मानित सदस्य भी मौजूद रहे। पचमों पंचायत के वासियों का भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान रहा।सीसीएल प्रबंधन की ओर से हजारीबाग क्षेत्र के श्री एमपी सिंह,महाप्रबंधक, संचालन, श्री बीके साहू, परियोजना पदाधिकारी, (खडउढ), श्री आदर्श सहाय, उप प्रबंधक (खनन), श्री पीयूष,नोडल अधिकारी ( सीएसआर) तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### सदर विधायक ने दिया नमो श्राद्ध राशन किट



**कटकमसांडी।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने जरूरतमंद परिवारों की सेवा में श्राद्ध कर्म भोज के लिए राशन किट वितरण अभियान के तहत नमो श्राद्ध राशन किट वितरण की शुरूआत की। राशन किट अभियान की शुरूआत विधायक सेवा कार्यालय में श्राद्ध कर्म में सहयोग की आस लेकर पंहुचे कटकमसांडी प्रखंड के कंडसार मोली भुइयां पिता स्व.रामजी भुइयां उम्र 50 वर्ष और पंचायत डांटो खुर्द के अंतर्गत डांटो कला निवासी डोमन भुइयां पिता नाम थानू भुइयां जिसका उम्र 49 वर्ष बता दे ए दोनो का आकस्मिक मौत हो गई । इस योजना के तहत समाज के ऐसे जरूरतमंद परिवार जो श्राद्ध कर्म भोज हेतु सहयोग की अपेक्षा रखते हैं उन्हें यह किट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इस राशन किट में करीब 150 लोगों के खिलाने भर का कच्चा राशन है। जिसमें चावल, आटा, दाल, तेल और मशाला है। इस राशन किट के माध्यम से जरूरतमंद परिवार तक पहुंच बनाकर परिवार के दिवंगत पुण्यात्मा को विधायक मनीष जायसवाल भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। विधायक मनीष जायसवाल के इस नए योजना की ग्रामणी वा अन्य लोगों ने खूब सराहना भी किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधी किशोरी राणा, भाजपा मंगल महामंत्री राकेश कुमार सिंह, मंत्री बीरेंद्र ओझा, पंचम कुमार सिंह, संजय राम,बजे मिश्रा,बासुदेव राम, किट्टू भुइयां, सारधा देवी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### दादी और पोती की मौत, घर में मचा कोहराम

**दारु।** दारु थाना क्षेत्र के बक्शीडीह मे एक दिल को दहला देने वाली घटना सामने आई है। गरीबी, बेचारगी और लाचारी का मारा यह परिवार अत्यंत निर्धन है। इस परिवार की जमुना देवी पति विजय राम ( उर्म 55 वर्ष) और सगुन कुमारी पिता अरविन्द राम (उम्र 4 वर्ष) एक साथ बीमार पड़ गयी। परिजनों ने पहले जमुना देवी को सदर अस्पताल ले गये जहाँ 31 जनवरी को उसने गरीबी और बेहतर इलाज नही करा पाने के कारण दम तोड़ दिया। दादी की मौत होते हि उसकी पोती शगुन कुमारी की भी तबियत बिगड़ने लगी , घर मे जमुना का शव को छोड़कर परिजन बच्ची को इलाज के लिए ले गये। उसे पहले सदर अस्पताल ले गये जहां से रिम्स रांची के लिए उसे रेफर कर दिया गया। रिम्स मे उसकी गंभीर स्तिथि को देखते हुए उसे भर्ती करने से इंकार कर दिया। इस बीच बच्ची की बिगड़ती हालत को देखकर परिजनों ने उसे जेनेटिक अस्पताल रांची मे भर्ती किया जहा उसने शुक्रवार की सुबह को दम तोड़ दिया। इस परिवार के दो सदस्य की पांच दिनों के भीतर मौत होने से घर मे कोहराम मच गया ,सभी का रो रो कर बहुत बुरा हाल था।

### रामगढ़ में अवैध स्टोन लदा दो ट्रैक्टर जब्त



**रामगढ़।** अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर डीएमओ नितेश गुप्ता के निर्देश पर गुरूवार को चार बजे रांची-हजारीबाग मुख्य पथ सैनी होटल के समीप अवैध रूप से ले जाते स्टोन चिप्स लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त। उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण रोक को लेकर जांच अभियान चलाया जा रहा है। रांची-हजारीबाग मुख्य पथ पर अवैध स्टोन चिप्स ले जाया जा रहा है,जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए जिला खनन पदाधिकारी ने खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सैनी होटल के पास पुलिस बल के साथ दो ट्रैक्टर जिसमें एक-एक सौ घनफीट स्टोन चिप्स पाया गया। जिसे ट्रैक्टर समेत जब्त कर लिया गया और थाने को सुपुर्द करते हुए ट्रैक्टर चालक,मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।। जब्त ट्रैक्टरों में जिसका 1.वाहन संख्या जेएच 02एएल-0626, 2.चेचिंस संख्या-टी053433113एलएच, रजिस्ट्रेशन संख्या अंकित नहीं है।

# श्री अन्न से बदलेगी देश और किसान की स्थिति





मनोज कुमार सिन्हा

मिलेट्स किसानों की रोजमर्रा की जीवनशैली में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, क्योंकि ये अनेक प्रकार के पोषण से भरपूर होते हैं और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। इनका उपयोग भोजन के रूप में, फसलों के रूप में, और पशुओं के चारा के रूप में किया जा सकता है। यहाँ, हम मिलेट्स के बारे में विस्तृत रूप से जानेंगे।

**मिलेट्स का परिचय**

मिलेट्स विभिन्न प्रकार के सुगर ग्रेन्स होते हैं जो विभिन्न भागों में पूरे विश्व में उगाए जाते हैं। इनमें ज्वार, बाजरा, रागी, कोदरी, सामक, फोकली, और ब्रोमिलेट्स जैसे विभिन्न प्रजातियां शामिल होती हैं। इनका सेवन भारत में तो लोकप्रिय है ही, बल्कि इन्हें अन्य देशों में भी परंपरागत भोजन के रूप में उपयोग किया जाता है।

*1. परिचय मिलेट्स एक गोदांग पौधा है, जिसमें बहुत से प्रजातियाँ शामिल हैं। ये अग्निशमी और उच्च ऊर्जा वाले अनाज हैं जो विभिन्न भागों में विकसित होते हैं। मिलेट्स की प्रमुख प्रजातियों में ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, फोक्समिलेट, और ब्रोमीलेट शामिल हैं।

*2. विभिन्न प्रजातियाँमिलेट्स कई प्रकार की होती हैं, और इनमें से कुछ प्रमुख प्रजातियाँ निम्नलिखित हैः

*ज्वार ज्वार एक प्रमुख अनाज है जो गर्मी क्षेत्रों में उगाई जाती है। यह फूड ग्रेड ज्वार और पशुओं के लिए फोड़े जाने वाले ज्वार में विभिन्न प्रकारों में आता है।

*बाजरा बाजरा भारत में एक लोकप्रिय मिलेट्स है और यह सुगन्धित, गर्मी को सहने वाले क्षेत्रों के लिए उत्तम है। इसमें कई पोषण तत्व और प्रोटीन होता है।

*रागी रागी एक अत्यंत पोषणशील अनाज है और यह सुगन्धित विशेषता के साथ अच्छा स्त्रोत है। यह फाइबर, फोस्फोरस, आयरन, और विटामिन सी का भी अच्छा स्त्रोत है।

*कोदो

कोदो एक अन्य प्रकार की मिलेट्स है जो स्वस्थ और पौष्टिक है। इसमें कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, और विटामिन इ6 की अच्छी मात्रा होती है।

*फोक्समिलेट

इसमें थोड़ी सी आकार में बीज होते हैं, लेकिन इसका पोषण स्तर बहुत उच्च होता है। यह अच्छा स्त्रोत है फाइबर, प्रोटीन, और विटामिन इ-ङ्केस्त्रह्ली७ का।

*ब्रोमीलेट

ब्रोमीलेट एक अन्य प्रजाति है जो पशुओं के लिए उत्तम चारा है और यह उपयोगिता में भी बढ़ता जा रहा है।

3. आहारिक मूल्य

मिलेट्स अपने आहारिक मूल्य के लिए प्रसिद्ध हैं। ये एक समृद्धि स्त्रोत हैं जो बहुत से पोषण तत्वों को प्रदान करते हैं। यहाँ कुछ मुख्य आहारिक तत्वों की चर्चा की जा रही हैः

पोटैशियम मिलेट्स में पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।

फोस्फोरस : यह हड्डियों और दांतों के स्वस्थ रखने में सहायक हो सकता है, क्योंकि फोस्फोरस इनकी बनावट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आयरन : रक्त की कमी को दूर करने में आयरन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मिलेट्स इसमें समृद्धि स्त्रोत हो सकते हैं।

फाइबर : मिलेट्स में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है जो पाचन को सुधारने में मदद कर सकती है और भोजन को अच्छे से पचाने में सहायक हो सकती है।

प्रोटीन : ये उच्च प्रोटीन स्त्रोत हैं जो मांसाहारी और शाकाहारी भोजन की तुलना में सस्ते होते हैं।

विटामिन इ-कॉम्प्लेक्स : मिलेट्स में विटामिन इ1, इ2, इ3, और इ6 की अच्छी मात्रा होती है जो न्यूरोलॉजिकल फंक्शन को सहायक बना सकते हैं।

4. स्वास्थ्य लाभ :

मिलेट्स का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है, और यह कई समस्याओं के खिलाफ एक सशक्त रोजमर्रा उपाय प्रदान कर सकता है।

वजन नियंत्रण : मिलेट्स में फाइबर की अच्छी मात्रा होने से यह भोजन को पचाने में मदद कर सकता है और वजन को नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है।

डायबिटीज का नियंत्रण : मिलेट्स का नियमित सेवन ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मदद कर सकता है और डायबिटीज के प्रबंधन में सहायक हो सकता है।

हृदय रोग का प्रतिरोध ): मिलेट्स में फाइबर और अन्य पोषण तत्व हृदय स्वास्थ्य को सुधारने में मदद कर सकते हैं और हृदय रोग की संभावनाओं को कम कर सकते हैं।

पाचन तंत्र की सुधार : फाइबर की मौजूदगी के कारण, मिलेट्स पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करता है।

1.1 प्रमुख प्रजातियाँः मिलेट्स विभिन्न प्रजातियों में उपलब्ध हैं, जिनमें ज्वार, बाजरा, रागी, कोदरा, फोड़ली मिलेट्स, सामक, और कुटकी शामिल हैं। ये सभी प्रजातियाँ अपने-अपने खास पोषणीय गुणों और स्वाद में भिन्न होती हैं, जिससे व्यक्ति अपनी पसंद के अनुसार चयन कर सकता है।

1.2 इतिहास और प्रसारः मिलेट्स का उपयोग भारत में हजारों वर्षों से हो रहा है। यहां, विभिन्न राज्यों में मिलेट्स की प्रजातियों को खेती किया जाता है और इन्हें विभिन्न भोजनों में शामिल किया जाता है। विभिन्न भागों में भारत में मिलेट्स का उपयोग एक स्वस्थ और सतत आहार के लिए किया जाता है जिसमें यह फसलें सहारा प्रदान करती हैं।

**मिलेट्स का पौष्टिकता मूल्य**

मिलेट्स अनेक प्रकार की पौष्टिकता से भरपूर हैं जो स्वास्थ्य के लाभ के लिए उपयोगी हैं। इनमें फाइबर, प्रोटीन, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, विटामिन बी, और एंटीऑक्सीडेंट्स शामिल हैं। इन सभी पोषक तत्वों का संयोजन एक स्वस्थ आहार के लिए आवश्यक होता है।

फाइबरः मिलेट्स में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है जो पाचन को सुधारने और कब्ज से निजात प्रदान करने में मदद करती है। यह भी वजन नियंत्रण में मदद कर सकता है और सामान्य स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है।

प्रोटीनः मिलेट्स में प्रोटीन की सुगंधित मात्रा होती है, जिससे शरीर के मांसपेशियों, कोशिकाओं, और अंगों की मरम्मत और विकास में मदद मिलती है।

# क्या है हम सभी का 2024 का रेजोल्यूशन

वेल बिगन इज हाफ डन- अंग्रेजी में मशहूर कहावत को मानें, तो नया साल हमें जिंदगी में ऐसे अवसर प्रदान करता है जहां पर हम जीवन में आगे बढ़ने के नए तरीके की शुरूआत कर सकते हैं। जब जिंदगी में बदलाव लाने के लिए हमारी इच्छा शक्ति और लक्ष्य उच्च स्तर पर होते हैं। नया साल कई उम्मीदें लेकर आता है कि हम कुछ भी करने का जज्बा रखते हैं और अमूमन हम सभी न्यू ईयर रेजोल्यूशन बनाते हैं। जो सामान्यतया स्वस्थ जीवनशैली, वजन नियंत्रण,शिक्षा, कैरियर, फाइनेंस मैनेजमेंट को लेकर होते हैं। लेकिन अध्ययनों से साबित हुआ है कि रेजोल्यूशन पूरा करने में तकरीबन 12 प्रतिशत लोग ही कामयाब हो पाते हैं, बाकी बीच रास्ते में ही इन्हें छोड़ देते हैं। इसके पीछे वजह चाहे जो भी हो, रेजोल्यूशन बनाते समय और अमल करते समय अगर कुछ बातों का ध्यान रखें, तो हमें रेजोल्यूशन-ब्रेक करने का दुख नहीं होगा।

**रेजोल्यूशन में विशिष्टता**

रेजोल्यूशन बनाते समय दिमाग में सिर्फ इतना भर नहीं होना चाहिए कि आपको वजन कम करना है या व्यायाम करना है। इसके बजाय दृढ़ निश्चय हो कि कितना वजन कम करना है। उसके लिए किस तरह के व्यायाम करें और रोजाना कितने घंटे करें। यदि कोई फाइनेंशियल प्लानिंग करनी है, तो उसमें भी किन क्षेत्रों को शामिल करना है। जरूरी है एक लक्ष्य निर्धारित करें और पूरी एनर्जी लगा दें- तभी आपको कामयाबी मिलेगी।

**छोटे-छोटे कदम**

अपने लक्ष्य की प्राप्ति में हमेशा छोटे-छोटे कदम उठाते रहें। रोजाना उठाए गए कदमों का आकलन भी जरूर करें। हर छोटे कदम की सराहना करें और दुबारा कोशिश करें। इसमें माइलस्टोन गोल की अवधारणा भी कारगर है। जिसमें एक निर्धारित बड़े लक्ष्य के अलावा कई माइलस्टोन गोल भी होते हैं। हमें इन माइलस्टोन को नियमित रूप से चैक करते रहना चाहिए। क्योंकि इनसे ही पता चलता है कि हम अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं या नहीं।

**सीखना और स्वीकार करना**

लचीला रवैया अपनाएं। अगर हर साल न्यू ईयर रेजोल्यूशन के लक्ष्य एक समान आ रहे हैं तो आपको यह विश्लेषण करना जरूरी है कि पिछले साल ऐसे कौन-से कारण रहे जिनकी वजह से पिछले साल के रेजोल्यूशन पूरे नहीं हुए। उस रेजोल्यूशन को पूरा करने में कौन-सी चीजें मददगार रहीं और कौन-सी बाधक। कोशिश करें बाधक चीजों या गलतियों से दूरी बना लें या छोड़ दें।

**बदलाव को स्वीकारें**

दिमाग में बिठा लीजिए कि बदलाव एक प्रक्रिया है। जरूरी नहीं कि आज बनाए गए रेजोल्यूशन आपके लिए फायदेमंद हों, लेकिन निश्चय ही भविष्य के लिए बहुत लाभकारी होंगे। अगर आप मेहनत करने के बावजूद कुछ समय तक अपने लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाएं,तो निराश नहीं होना चाहिए। आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत रेजोल्यूशन पाने में सफलता जरूर मिलेगी।

**सपोर्ट लें**

सपोर्ट मिलने से किसी कार्य को करने के लिए व्यक्ति को दोगुना प्रोत्साहन मिलता है। खुद को प्रेरित करने के लिए आपको समय-समय पर पूछना चाहिए- कि आप यह काम क्यों करना चाह रहे थे, इस काम को करके आपकी जिंदगी और बेहतर कैसे बनेगी। आप अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों या दोस्तों की मदद ले सकते हैं। ध्यान रखें कि न्यू ईयर रेजोल्यूशन को केवल जनवरी माह तक ही सीमित नहीं करना चाहिए, इसे पूरे साल तक लेकर जाना है।

रेजोल्यूशन पॉजीटिव एनर्जी लेकर आना चाहिए। अधूरे रेजोल्यूशन के नाम से निराश नहीं होना चाहिए। सफलता और असफलता में एक छोटा-सा अंतर होता है- कि अपना लक्ष्य कैसे तय किया और उसे प्राप्त करने को क्या तरीका अपनाया। जरूरी है विनम्र, लोचशील और ह्यनॉन जजमेंटल एटीट्यूडह्ल अपनाकर रेजोल्यूशन को फॉलो करें- उसमें आपको निश्चय ही सफलता मिलेगी।

# पूर्वोत्तर: नवाचार के माध्यम से विकास को गति



जी किशन रेड्डी

(भारत सरकार में केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री हैं।)

एक दशक पहले विशाल वन क्षेत्र और भूमि से घिरी भौगोलिक स्थिति के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति को क्षेत्र के विकास और परिवहन संपर्क के लिए एक प्राकृतिक बाधा के रूप में माना जाता था। दस साल बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिरीबाम-इम्फाल में दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे घाट पुल एक जीवंत तकनीकी चमत्कार है, जो स्थलाकृति की चुनौतियों के बावजूद निर्बाध परिवहन संपर्क की सुविधा प्रदान करता है। 2014 के बाद से क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 5 लाख करोड़ से अधिक खर्च किए गए हैं। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गए हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है।

मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के तत्वावधान में सभी राज्यों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र; आपदा प्रबंधन; वन, पारितंत्र और पर्यावरण; जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार की हैं।

कृषि और बागवानी इस क्षेत्र के दो सबसे संभावना वाले क्षेत्र हैं, जिनमें आर्थिक विकास और आजीविका सृजन की अपार संभावनाएं हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग भू-क्षेत्र व बागवानी अवसंरचना को मापने, स्थल उपयुक्तता के मूल्यांकन, किसानों के लिए मोबाइल ऐप आदि के लिए किया जा रहा है। पूर्वोत्तर भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसटीआईएनईआर), जो एनईआर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) के तहत एक समर्पित योजना है, के माध्यम से 600 से अधिक उद्यमियों, हजारों किसानों और कारीगरों को विभिन्न प्रौद्योगिकियों से लाभ हुआ है।

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय परियोजनाओं की निगरानी के लिए भी प्रौद्योगिकी का गहनता से उपयोग कर रहा है। लगभग सभी परियोजना स्थलों को जियो-टैग किया गया है और एक परियोजना निगरानी पोर्टल लॉन्च किया गया है। डिजिटल नवाचार परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन और कुशल निगरानी में मदद कर रहा है। पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ सहज सहयोग के लिए सभी राज्यों में अपनी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित की हैं। क्षेत्रीय इकाइयों के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से इकाइयां परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन और राज्य सरकार तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेंगी।

स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, टेलीमेडिसिन और मोबाइल डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से डिजिटल उपायों का समन्वय चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। धरातल पर किए जाने वाले एक



महत्वपूर्ण विकास में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और टाटा ट्रस्ट के सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। इन सहयोगात्मक प्रयासों का लक्ष्य सभी पूर्वोत्तर राज्यों में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित करना है। डोनर ने पहले ही गुवाहाटी में उच्च तकनीक वाले डॉ. बी. बोरूआ कैंसर संस्थान के लिए पीएम-डिवाइन पहल के तहत 129 करोड़ रुपये का पर्याप्त अनुदान आवंटित किया है। इसके अलावा, 5जी आधारित स्वास्थ्य अनुप्रयोगों को इस क्षेत्र के सभी राज्यों में शुरू किया गया है ताकि घर-घर निदान, टेलीमेडिसिन आदि जैसी सुविधाओं को संभव बनाया जा सके। इन उपलब्धियों में नई कड़ी जोड़ते हुए, असम के गुवाहाटी में एक अत्याधुनिक 3डी प्रिंटिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है जो स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है।

तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली व कुशल युवाओं के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। हाल ही में, हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में भारत की पहली 5-जी प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं शुरू कीं। ये प्रयोगशालाएं डिजिटल खाई को पाटने और भविष्य के अनुकूल कौशल हासिल करने में युवाओं की सहायता करेंगी। सिक्किम और असम में 75 सरकारी स्कूलों और 4 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) में स्मार्ट वर्चुअल क्लासरूम सुविधाएं स्थापित करके टेली-एजुकेशन की एक सफल परियोजना क्रियान्वित की गई है। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य इस इलाके के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। डोनर भविष्य में ऐसी और पहलों को वित्तपोषित करेगा। प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों की अगली कतार तैयार करने हेतु एमईआईटीवाई देशभर में विशिष्ट डोमेन से जुड़े उत्कृष्टता केन्द्र भी स्थापित कर रहा है। इस क्षेत्र के सभी आठ राज्यों की राजधानियों में स्वास्थ्य सेवा, कृषि में आईओटी, ग्राफिक डिजाइन, गेमिंग, जीआईएस आदि से संबंधित उत्कृष्टता केन्द्र खोले जा रहे हैं।

यह क्षेत्र जल्द ही शुरू होने वाले पूर्वोत्तर के लिए राष्ट्रीय डेटा सेंटर से भी लाभान्वित होने के लिए तैयार है। कुल 348 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा यह डेटा सेंटर इस क्षेत्र की डिजिटलीकरण क्षमता को बढ़ाएगा, सभी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और सभी क्षेत्रों में सेवाओं की आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा।

हाल के वर्षों में पूर्वोत्तर ने डिजिटल सुविधाओं को अपनाने की दिशा में काफी संभावनाएं दशार्यी हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में, 47 प्रतिशत लोगों के पास स्मार्टफोन हैं, जो 48 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत लगभग बराबर है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में मोबाइल और बैंक खातों का लिंकेज भी 86 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत के बराबर है। हम सामान्य सेवा केंद्रों के विकास, आधार की पहुंच में वृद्धि और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण व भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु इस अवसर का उपयोग करके इसका लाभ उठाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की रणनीति बना रहे हैं।

देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के पास प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से अपने विकास को गति देने का जबरदस्त अवसर है। प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप, नीति निमार्ताओं, व्यवसाय जगत तथा व्यक्तियों को एक साथ आना चाहिए और इस अवसर का लाभ उठाने तथा व्यापक जन कल्याण के उद्देश्य से इसे अपनाने के लिए प्रभावी ढंग से सहयोग करना चाहिए। निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से अपने कामकाज में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के अवसरों की तलाश करनी चाहिए और अपनी दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने हेतु डिजिटलीकरण, स्वचालन और डेटा विश्लेषण को अपनाना चाहिए। पूर्वोत्तर क्षेत्र में हो रहे इस बदलाव का हिस्सा बनने का यह एक रोमांचक समय है और इस क्षेत्र को तकनीकी-नवाचार और तकनीक-आधारित उद्यमिता के पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

# हमारे कफ सीरप सैंपल्स की विफलता विश्व का दवा बाजार

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**देश** की 54 दवा निमार्ता कंपनियों के कफ सीरप के 128 सैंपल्स का गुणवत्ता के मामलों में खरा नहीं उतरना चिंता का विषय होने के साथ जघन्य अपराध से कम नहीं आका जाना चाहिए। मामला सीधे स्वास्थ्य से जुड़ा होने के साथ देश की अस्मिता को भी प्रभावित करने वाला है। दरअसल भारतीय दवा निमार्ता कंपनियों द्वारा निर्यात किए जाने वाले कफ सीरप की गुणवत्ता को लेकर गाम्बिया में 70 बच्चों और उज्बेकिस्तान के 18 बच्चों के कफ सीरप के कारण किडनी पर गंभीर असर होने से मौत होने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मुद्दा गंभीरता से उठ गया और ऐसे हालात में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गंभीर चिंता जताने में कोई देरी नहीं की। लाख सफाई देने के बावजूद इससे ना केवल देश की प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़ा है अपितु भारत के दवा उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शमिंर्दा होना पड़ा है।

हालांकि इस घटना के बाद भारत सरकार ने 1 जून, 2023 से ही देश से बाहर निर्यात होने वाले कफ सीरप की गुणवत्ता व मानकों पर खरा होने का सरकारी प्रयोगशाला से परीक्षण कराकर विश्लेषण प्रमाणपत्र प्राप्त करना जरूरी कर दिया है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय दवा उद्योग का दबदबा होने के साथ वैक्सीन निर्माण, गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर उपलब्ध होना बड़ी उपलब्धि रही है। हमारे देश में बनी जेनेरिक दवाओं की तो अमेरिका सहित दुनिया के देशों में जबरदस्त मांग है।

देखा जाये तो भारतीय दवा उद्योग की विश्वव्यापी पहचान और धाक है। कोरोना का उदाहरण हमारे सामने है जब अमेरिका द्वारा मलेरिया की दवा प्राप्त करने के लिए भारत पर दबाव बनाया गया, वहीं दुनिया के देशों को सर्वाधिक कोरोना वैक्सीन उपलब्ध कराने में भारत की भूमिका को समूचे विश्व द्वारा सराहा गया। ऐसे में कफ सीरप की गुणवत्ता को लेकर उठाया गया प्रश्न ना केवल चिंता का विषय है अपितु विश्वसनीयता को भी प्रभावित करता है। दवाओं के निर्यात में भारत की भूमिका को इसी से देखा जा सकता है कि भारत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 17.6 बिलियन डॉलर के केवल कफ सीरप का निर्यात किया गया। दुनिया के देशों की टीकों की मांग की 50 प्रतिशत आपूर्ति हमारे देश द्वारा की जा रही है। अमेरिका में जेनेरिक दवाओं की 50 प्रतिशत मांग को हमारे यहां से किया जा रहा है। इंग्लैण्ड में दवाओं की मांग की 25 प्रतिशत पूर्ति भारत द्वारा की जा रही है।

समूचे विश्व में भारतीय दवाओं की मांग है। इसका एक कारण गुणवत्ता है तो दूसरी ओर तुलनात्मक रूप से सस्ती होना भी है। ऐसे में कफ सीरप के कुछ सैंपल का गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरने की रिपोर्ट पर भारत सरकार गंभीर हो गई। सवाल यह उठता है कि ऐसे हालात ही क्यों आए? आखिर निर्यात करने वाली दवा कंपनियों का भी दायित्व होता है। जब कोई वस्तु निर्यात की जाती है तो उसके गुणवत्ता मानकों पर खरा होना भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। वैसे भी दवा जीवनरक्षक होती है अगर यह जीवन लेने का कारण बन जाए तो यह गंभीर अपराध हो जाता है।

केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन संस्थान द्वारा विभिन्न कंपनियों के कफ सीरप के सैंपल्स का परीक्षण किया गया, इनमें से 54 कंपनियों के 128 सैंपल्स गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे। अब कहा यह जा रहा है कि केवल 6 प्रतिशत सैंपल्स विफल रहे हैं पर सवाल 6 प्रतिशत का नहीं है। यह सफाई भी नहीं दी जा सकती कि सैंपल तो एक भी विफल होता है तो वह किसी की जान लेने का कारण बन सकता है।

गुणवत्ता मानकों की जांच से यह तथ्य सामने आया है और यह तब है जब दवा निमार्ता कंपनियों का अपना परीक्षण का सेटअप होता है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि दवा निमार्ता कंपनियों की प्रयोगशालाएं गुणवत्ता जांच को लेकर उतनी गंभीर नहीं है जितनी गंभीरता होनी चाहिए। केन्द्र सरकार का कहना है कि 125 से अधिक कंपनियों का जोखिम आधारित विश्लेषण किया गया जिसमें से 71 कंपनियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। 18 कंपनियों को बंद करने के नोटिस दिए गए हैं। इसे सरकार की सकारात्मक पहल माना जा सकता है पर जो कुछ किया जा रहा है वह नाकाफी है। सरकार को कड़े कदम उठाने ही होंगे। कंपनियों को बंद करना कोई इलाज नहीं है क्योंकि कल यही किसी दूसरे नाम से कंपनी बनाकर सामने आ जाएंगे। वैसे भी नकली दवा बनाना या गुणवत्ता मानकों में दवाओं का विफल रहना किसी क्रिमिनल अपराध से कमतर नहीं माना जाना चाहिए। ऐसे में कठोर से कठोर सजा के प्रावधान के साथ ऐसे उदाहरण भी सामने आने चाहिए कि नकली या गुणवत्ता पर खरी नहीं उतरने पर दवा निमार्ता को कठोर दंड दिया गया। कंपनियों को भी अपनी प्रयोगशाला को अधिक आधुनिक व इंटरनेशनल मानकों के मुताबिक बनानी होगी ताकि इस तरह के हालात ना आयें।दवा चाहे खांसी की हो या किसी सामान्य बीमारी की, गुणवत्ता के मानकों को उसे पूरा करना ही होगा। इसे सरकार को जहां सुनिश्चित कराना होगा वहीं निमार्ता कंपनियों को भी सुनिश्चित करना होगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# श्रीमद रामायण' राम लला के जन्मोत्सव का प्रसारण सोनी पर

सोनी टेलीविजन के 'श्रीमद रामायण' का आगामी एपिसोड, इस गाथा के महत्वपूर्ण और यादगार क्षणों में से एक भगवान राम के दिव्य जन्म को प्रस्तुत करने के लिए तैयार है, जिन्हें प्यार से राम लला कहा जाता है।अपनी धार्मिकता, बुद्धिमत्ता और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाने वाले राजा दशरथ ने अयोध्या के समृद्ध राज्य पर शासन किया, लेकिन उनके वंश को आगे बढ़ाने के लिए उनके पास एक पुत्र की कमी थी। हालांकि, राजा दशरथ और उनकी पत्नियों द्वारा किए गए एक यज्ञ के माध्यम से, उन्हें पुत्र होने का वरदान दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप रानी कौशल्या से भगवान राम का जन्म हुआ, रानी कैकेयी से भरत का जन्म हुआ, और जुड़वां बच्चों - लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म रानी सुमित्रा से हुआ था।

आरव चौधरी ने राजा दशरथ के जीवन में इस इस महत्वपूर्ण पड़ाव के बारे में विचार प्रस्तुत करते हुए कहा, राजा दशरथ का किरदार निभाना एक बड़ी जिम्मेदारी है, और मैं इस महाकाव्य में इस महत्वपूर्ण चरित्र को निभाने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। भगवान राम के पिता की भूमिका सौंपा जाना एक सम्मान की बात है जो मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रखेगा। मुझे आशा है कि मैं इस भूमिका के साथ न्याय कर पाऊंगा और उस महान गौरव और संतुष्टि को जीवंत कर सकता हूं जो राजा दशरथ ने अपने सबसे बड़े बेटे राम लला के आगमन पर महसूस की थी। सेट पर इस दिव्य क्षण की शूटिंग ने मुझे अपने बच्चे के जन्म की याद दिला दी; किसी भी माता-पिता के लिए - अपने बच्चे को पहली बार गोद में लेना एक जादुई क्षण होता है। श्री राम का जन्म बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है जो लाखों लोगों को सदाचार, कर्तव्य और भक्ति के आदर्शों से प्रेरित करता है। एक परिवार के रूप में एक साथ इकट्ठे होकर, भगवान राम और उनके महान कार्यों की मंत्रमुग्ध दुनिया में लीन हो जाइए। राम लला के महत्वपूर्ण जन्म का गवाह बनने के लिए । श्रीमद रामायण, 3 जनवरी 2024 से केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर।

श्रीमद रामायण सिर्फ केबल टीवी और डीटीएच पर देखने के लिए उपलब्ध है।

## स्पीड न्यूज

### घर में घुस 5 लाख नगद और जेवर की चोरी



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र स्टार कॉलोनी में गुरुवार रात एक घर से 5 लाख कैश और सोने के जेवर की चोरी हो गयी। घर के मालिक मसूद शाहिद ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को इलाज के लिए फैमिली संग रांची गया था। घर में उसका भांजा था। भांजा 7 बजे शाम ड्यूटी के लिए गया। वह 11:30 बजे घर आया, तो सामान बिखरा पाया। उसने मामा को फोन पर सूचना दी। जिसके बाद वह लोहरदगा पहुंच मामले की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी। चोरों ने गैस कटर से घर की छत में बने रोशनदान के लोहे को काटकर घर में घुसे।

### परिवार कल्याण कार्यक्रम आयोजित



**भंडरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने ब्रह्मडीहा हेल्थ वेलनेस सेंटर में शुक्रवार को परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला की गयी। मौके पर स्वास्थ्य संबंधी स्टॉल लगाये गये। जिसमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी। सेंटर प्रभारी अंजना साहू ने परिवार कल्याण पखवाड़ा के उदेश्यों को विस्तार पूर्वक बताया। पुरुष नसबंदी करवाने वाले लाभुक को 2200 और उत्प्रेरक को 300 रुपये मिलेंगे। वहीं महिला नसबंदी करवाने वाली लाभुक को 1400 व उत्प्रेरक को एक सौ रुपये दिये जायेंगे। मौके पर रामकुमार महतो मौजूद थे।

### शादी की तैयारी के बीच कर ली खुदकुशी



**लोहरदगा।** घर परिवार के लोग और आत्मजन जिसकी शादी और बारात की तैयारी कर रहे थे। अब उसकी अर्थी को कंधा देने की मनहूस घड़ी सामने आ गयी है। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के सौरभ गुप्ता (26) ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सौरभ की शादी 2 महीने पहले रांची में तय हुई थी। इंगेजमेंट भी हो चुका था। अगले महीने शादी थी। किन वजहों से उसने अपनी जिंदगी खत्म करने का यह खौफनाक कदम उठाया, यह समझ नहीं आ रही है। हालांकि उसका अंतिम स्टेटस पर चर्चा जारी है।

### युवती का शव मिला, हत्या की आशंका



**सिसई।** थाना क्षेत्र के मकुंदा निवासी फुलमनी कुमारी (20) का शव गुरुवार को सिसई पुलिस ने घर से बरामद किया। उसकी गर्दन में दुपट्टा बंधा था और वह जमीन पर लेटी थी। जिससे परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। मां घटना के दिन सिसई साप्ताहिक हाट गयी थी। जब वह घर लौटी तो देखा कि बेटी घर के अंदर लेटी पड़ी है। वह मर चुकी थी। सूचना पर सिसई पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में कर हर पहलू की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में गर्भस्थ शिशु की मौत, बवाल

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के बघनी गांव में एक गर्भवती महिला के साथ हुए मारपीट में पेट के अंदर बच्चे की मौत हो गयी। बाद में सिसई रेफरल अस्पताल में मां के गर्भ से मृत बच्चे को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां डॉक्टरों की तीन सदस्य टीम ने पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार बघनी की सायरा बानो (20) की शादी 13 माह पूर्व रांची के इलाही नगर दीपा टोली के मो सखावत के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही लगातार दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। डेढ़ लाख नकद और गाड़ी खरीदने के लिए भी पैसे मांगे जा रहे थे। इसकी जानकारी उसने फोन पर परिजनों को दी थी। परिजन सायरा को रांची से सिसई ले आये और जांच करायी। जांच में बच्चे के मरने की जानकारी हुई।

### मनातू गांव में लगा जन-मन शिविर



**घाघरा।** प्रखंड के रुकी पंचायत के मनातू गांव में प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत आदिम जनजाति परिवारों को केंद्र की योजना का लाभ देने को लेकर एक दिवसीय शिविर शुक्रवार को लगाया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सविता देवी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुशल एक्का मुख्य रूप से शामिल हुए। वही आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, जॉब कार्ड, केसीसी, राशन कार्ड, नया खाता खोलने सहित कई योजना के लाभ से संबंधित आवेदन आवेदन जमा किया गया। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का आदिम जनजाति परिवार के लोगों को जानकारी देते हुए लाभ पहुंचाना है। मौके पर बीटीएम नीरज सिंह, एटीएम पूनम बेदिया, जॉनसन कुमार, शीतल उरांव, कृष्ण लोहरा सहित कई पदाधिकारी कर्मी आदिम जनजाति परिवार के लोग थे।

### चैनपुर दुर्गा मंदिर परिसर में अयोध्या से आये अक्षत कलश का हुआ वितरण



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर में अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश का पूरे चैनपुर पंचायत में पूरे विधि विधान के साथ वितरण कर 22 जनवरी के दिन भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का न्योता दिया गया। जिसमें चैनपुर प्रखंड के बामदा, नटावल, छिछवानी, कटकाही, बारीडीह, बरवेनगर, बेंदोरा, कातिंग, नातापोल सहित कई गांव के लोगों ने अक्षत कलश ग्रहण कर 22 जनवरी के दिन अपने अपने गांव में भव्य तरीके से पूजा पाठ करने की बात कही। इधर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चैनपुर संयोजक अशोक सिंह ने उपस्थित सभी राम भक्तों से कहा कि हमारे वर्षों पुराने सपने आज पूरे होने जा रहे हैं। 22 जनवरी को हमारे श्री राम जन्म भूमि मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम है। उस दिन हमलोग सभी अपने अपने गांव घर में दीपावली मनायेंगे। वहीं हर गांव के मंदिर में भजन कीर्तन किया जायेगा। 22 जनवरी के दिन चैनपुर दुर्गा मंदिर परिसर में भगवान श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

# जमशेदपुर में डॉग शो : इंसान के सबसे अच्छे मित्र हैं श्वान : प्रबाल घोष

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोटर्स काम्प्लेक्स में शुक्रवार से तीन दिवसीय 74वें, 75वें व 76वें डाग शो चैंपियनशिप का रंगारंग आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह में टाटा स्टील कैनल क्लब की रिया व टाटा मोटर्स कैनल क्लब के त्रिशुल ने अपने मुंह में गुलदस्ता दबाए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (शेयर्ड सर्विसेज) प्रबाल घोष के पास पहुंचे और गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया। इस प्लेटिनम जुबिली का क्लब की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन व मुख्य अतिथि प्रबाल ने कैनल क्लब आफ इंडिया (केसीआइ) व जमशेदपुर कैनल क्लब (जेकेसी) का ध्वजारोहण कर विधिवत रूप से चैंपियनशिप की शुरूआत की।

उद्घाटन सत्र में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी, टीएमएच के महाप्रबंधक डा. सुधीर राय, कैनल क्लब के सचिव सुदीप्तो सरकार सहित शहर के श्वान प्रेमी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि प्रबाल घोष ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि श्वान हम इंसानों के सबसे अच्छे मित्र होते हैं। मेरे पास भी प्लूटो नाम से एक श्वान है। हर दिन आफिस से घर लौटने पर जब मैं उसके साथ खेलता हूं तो मेरी सारी थकान दूर हो जाती है। श्वान आपसे अथाह प्रेम करते हैं, ये कई तरीकों से अपने मालिक के प्रति अपने समर्पण को दर्शाता है।

अपने संबोधन में जमशेदपुर कैनेल क्लब की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन ने कहा कि इस तरह के चैंपियनशिप से हमें श्वानों को समझने, उनके नजदीक जाने और उनसे भावनात्मक रूप से जुड़ने का मौका मिलता है। इस चैंपियनशिप में देश भर से श्वान प्रेमी आ रहे हैं। शहरवासियों को इन तीन दिनों में राजा पालियन, आस्ट्रेलियन स्नीपर, किंग चाल्स, पम्सी सहित कई नई प्रजातियों के श्वानों को देखने, उनके मालिकों के समर्पण को समझने का मौका मिलेगा। चैंपियनशिप के उद्घाटन सत्र में टाटा स्टील व टाटा मोटर्स के श्वानों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। टाटा स्टील कैनल क्लब की श्वान रिया, मौली, स्टील, टाम, नैनेंसी, माइलो ने एजिबिलिटी (योग्यता परीक्षण) के दौरान सीढ़ियों में चढ़ने, दो पाइप के सहारे एक से दूसरे सिरे तक पहुंचने, अलग-अलग बाधाओं को पार करने, ऊंचाई से कूदने, हवा में उछल कर फ्लाइंग डिस्क को पकड़ने का करतब दिखाया।

वहीं, अरेस्ट वर्क से इन श्वानों ने अपने जबड़ों में कितनी ताकत होती है वह भी दर्शायां। जबड़े से पकड़े व्यक्ति ने श्वान को दो बार हवा में घुमा दिया लेकिन उसने अपनी पकड़ ढ़ीली नहीं की। इन करतबों को देखकर हर कोई अचंभित होकर जोरदार तालियां बजाकर श्वानों का उत्साह बढ़ाया। इन श्वानों को मुख्य हैंडलर केके सिंह व उनकी टीम ने तैयार किया है।

# सभी वर्गों का समुचित विकास ही हमारा प्रयास है: डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा प्रखंड के ग्राम हिरही में विधायक मद से मैरेज हॉल का निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं कुडू प्रखंड के उडूमुडू पंचायत अंतर्गत ग्राम बारीडीह में विधायक मद से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की सरकार सभी वर्गों के विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है और विकास हो रहा है। इस



कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव व अन्य।

गठबंधन सरकार की बहुमुखी सोच है कि बुनियादी सुविधा रोटी कपड़ा मकान के साथ-साथ सामाजिक आवश्यकता को भी पूरा किया जाये। चुनाव से पहले हिरही ग्राम वासियों का निवेदन था कि मैरेज हॉल की आवश्यकता है और मैने उनकी मांग को पूरा किया।

फलस्वरूप आज मेरे विधायक मद से मैरिज हॉल का शिलान्यास किया गया है। जिससे स्थानीय लोग लाभान्वित होंगे। साथ ही कुडू प्रखंड के उडूमुडू बारीडीह में भी विधायक मद से सामुदायिक भवन की जरूरत थी जिसे हमने पूरा करने का काम किया। इसके साथ साथ हम आवागमन सुविधा के लिए जितने भी क्षतिग्रस्त मार्ग है उन्हें दुरुस्त करने का काम कर रहे हैं और संबंधित विभाग से उसकी मरम्मती की जायेगी। आने वाले कुछ दिनों में सभी पंचायत में 10-10 चापाकल का निर्माण पेयजल हेतु किया जायेगा। इसके साथ-साथ इस सरकार का लक्ष्य है की साल में 8 लाख अबुवा आवास का निर्माण कराया जायेगा, ताकि हर घर को छत मिल सके एवं अब राशन में चावल के साथ-साथ प्रोटीन युक्त दाल भी दिया जायेगा ताकि झारखंड की जनता संतुलित भोजन ग्रहण कर सकें।

# पीएलएफआई संगठन के विस्तार में जुटे उग्रवादी माडु तोपनो को पुलिस ने दबोचा

## गिरफ्तार उग्रवादी संगठन के लिए लेवी वसूलने का करता था काम

- गिरफ्तार उग्रवादी के खिलाफ विभिन्न थानों में छह मामले हैं दर्ज
- उसके पास से एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा गोली और संगठन का पर्चा बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पीएलएफआई संगठन को विस्तार देने में जुटे व संगठन के लिए लेवी वसूलने वाले रामतोल्या बडीटोली निवासी माडु तोपनो उर्फ सहाय तोपनो उर्फ संदीप बारला को कामडारा पुलिस ने रामतोल्या जंगल में छापामारी कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल, दो आठ एमएम का जिंदा गोली व पीएलएफआई संगठन का पर्चा



गिरफ्तार उग्रवादी के साथ एसपी, एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

बरामद किया है। गिरफ्तार पीएलएफआई सदस्य के खिलाफ कामडारा थाना में तीन, जरियागढ़ थाना में दो व तुपुदाना थाना में एक मामला दर्ज है। शुक्रवार को कामडारा थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि रामतोल्या जंगल में पीएलएफआई संगठन के कुछ उग्रवादियों के जमावड़ा की खबर थी जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। सूचना के आलोक में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम जब छापामारी करने रामतोल्या जंगल पहुंची तो पुलिस बल को देखकर कुछ लोग भागने लगे। जिसमें एक युवक को खदेड़कर पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम माडु तोपनो बताया।

### खरवार समाज का स्थापना दिवस समारोह 7 को

**गुमला।** खरवार समाज का स्थापना दिवस समारोह 7 जनवरी को गुमला के बेलगांव स्थित फुटबाल खेल मैदान में मनाया जायेगा। समारोह में संगठन की मजबूती पर विशेष जोर होगी। खरवार आदिवासी एकता संघ के अध्यक्ष देव सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम में लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, सिमडेगा, खूंटी, रांची और साहेबगंज से समाज के लोग भारी संख्या में जुटेंगे। कार्यक्रम को लेकर खरवार लोक सेवक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल सिंह खरवार, सचिव शंकर खरवार, रामचंद्र खरवार आदि कार्यक्रम को लेकर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

# पतंजलि योग समिति ने मनाया भारत स्वाभिमान का स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पतंजलि योग समिति के द्वारा शुक्रवार को पालकोट रोड स्थित लक्ष्मी मंदिर परिसर में भारत स्वाभिमान का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसके तहत दैनिक योग का कार्यक्रम हुआ। जिसके पश्चात भारत माता का पूजन एवं समुचित विश्व के कल्याण एवं आरोग्य की प्राप्ति के लिए हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया।

भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी रूपेश कुमार सोनी ने बताया कि 5 जनवरी 1994 को भारत स्वाभिमान की स्थापना की गई थी। तभी से प्रत्येक वर्ष पतंजलि योग समिति के विभिन्न



संगठनों के साथ मिलकर इस तारीख को स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। जिसके तीन दशक पूर्ण होने के उपलक्ष में सभी जगह इस कार्यक्रम को इस बार भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। भारत स्वाभिमान महामंत्री प्रियंका देवी ने कहा हम सभी को स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए तथा महीने में कम से कम एक बार यज्ञ अर्थात हवन अवश्य करना चाहिए।

# भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है : मनीर उरांव

- भाजपा की बैठक में कई मुद्दे पर हुई जोरदार चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा जिला अध्यक्ष, महामंत्री की एक अति आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में हुई। जिसका शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। हमारे कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करते हैं। केंद्र सरकार की



योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता तन मन से लग जायें ताकि आने वाले समय में हमें इसका ज्यादा लाभ मिल सके। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत गरीबों को लाभ दिलाना है। संगठन के सभी पदाधिकारी को गांव-गांव में प्रवासी के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दी।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत वितरण को ले बैठक



**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में बीआईडी बस्ती के अंतर्गत मनोकामना मंदिर में सभी माताए बहनों ने बैठक कर अक्षत वितरण की तैयारी को लेकर चर्चा की। कहा गया कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर का कार्यक्रम को लेकर जिस तरह तैयारी में लोग लगे हुए हैं । इस तरह लोहरदगा जिला में भी विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जिले के सभी मंदिरों को भव्य बनाने में लगे हुए हैं। मौके पर जिला प्रमुख सचिन कुमार साहू,बीआईडी बस्ती के अध्यक्ष अशोक साहू, जिला कार्यालय प्रमुख सत्यम कुमार, समाजसेवी सरकेतु प्रजापति,बीना गुप्ता, नंद जयसवाल, कौशल्या देवी, सुचिता कुमारी, नीतू जायसवाल, आशा देवी, शकुंतला देवी, मनोरमा अग्रवाल, रानी कुमारी, मंजू देवी, पूजा देवी, छुन्नू देवी, अनीता देवी, परिधि कुमारी, उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक मेनका सरदार का जन्म दिन मना



**पोटका।** पोटका के पूर्व विधायक मेनका सरदार का शुक्रवार को धूमधाम से जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर पोटका विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में शुभचिंतक पहुंचकर उन्हें बधाई दी। श्रीमति सरदार ने सबेरे सर्वप्रथम जगधात्री मंदिर हेसल में पूजा अर्चना की। इसके बाद हाता स्थित आवास सह भाजपा कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों से आए शुभचिंतकों के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया। मौके पर पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर ए के लाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला परिषद के चेयर मैन बारी मुर्मू, बागबेरा से संजय सिंह, बिमलेश उपाध्याय, हरेंद्र सिंह, बॉबी शर्मा, धनजय उपाध्याय, अनमोल वर्मा, तपन पालित, दुलाल मुखर्जी, बलराम सरदार, चंद्रशेखर गुप्ता, विभीषण भूमिज मनोज राम, जमीला दे तथा उनके सगे संबंधियों ने जन्म दिन की ढेर सारी बधाइयां तथा उपहार देकर दीघार्यु होने की शुभकामना दिए।

# अंतर वाहिनी क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

## एसएसबी ने कराया टूर्नामेंट का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** 26वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा गुरुवार को अंतर वाहिनी क्रिकेट टूनामेंट का आगाज किया गया द्य कमांडेन्ट एसडी शेरखाने के कुशल निर्देशन पर द्वितीय कमान अधिकारी सचिन कुमार ने अंतर वाहिनी क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ किया द्य जिसमे क्षेत्रीय मुख्यालय एगया की पांचों वाहिनी की क्रिकेट टीम शामिल हुई द्य उद्घाटन समारोह में वाहिनी के कई अधिकारी एवं बलकर्मी सहित विभिन्न वाहिनी से आये खिलाडी उपस्थित थे। अंतर वाहिनी क्रिकेट टूनामेंट चार से आठ जनवरी तक चलेगा द्य अंतर वाहिनी क्रिकेट टूनामेंट का प्रथम मैच 35वी वाहिनी दुमका और 32वी वाहिनी डोभी के मध्य खेला गया द्यजिसमें 32वी



वाहिनी ने निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट खो कर 84 रनों का लक्ष्य रखा जिसके जबाव में 35वी वाहिनी ने 10 ओवर में 3 विकेट खो कर 85 रन बनाए और सात विकेट से विजयी दर्ज कीद्य मुख्य अतिथि महोदय ने टूनामेंट से पहले सभी खिलाड़ियों को खेल भावना खेलने की शपथ दिलाई।

# एसटीजी कंपनी में बमबाजी और फायरिंग, कोई हताहत नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के 17नंबर स्थित एसटीजी आउटसोर्सिंग कंपनी के वर्कशॉप के समीप बीती रात 1बजे अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग एवं बमबाजी जैसी घटना को अंजाम दिया। हालकी घटना में किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है। वही भयभीत कर्मियों ने घटना की जानकारी पुटकी पुलिस को दिया पुलिस घटनास्थल पहुंच घटना स्थल से एक जिंदा बम बरामद कर पानी में डालकर निष्कर किया। और घटना की तफ्तीश मे जूट गई

### मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**बोकारो।** बोकारो जिला अंतर्गत तुपकाडीह के मजदूर अली ख्वाजा अख्तर की मौत के मामले में चास के केएम मेमोरियल अस्पताल के परिसर में मृतक के परिजनों ने हंगामा किया। 21 की रात दुर्घटना के दौरान मृतक के गले की हड्डी टूट जाने से ईएसआई के तहत उसे केएम मेमोरियल अस्पताल में भर्ती किया गया था जहाँ चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया। बीती रात उसका निधन हो गया।

# डालसा ने विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा राँची के द्वारा अपग्रेडेड मिडील स्कूल के छात्र .छात्राओं को कानूनी जानकारियां दिया गया। विद्यायल में डालसा सिविल कोर्ट रांची के प्रतिनिधि मुन्नू शर्मा का स्वगात किया गया। इस कार्यक्रम में मुन्नू शर्मा ने नेशनल लीगल सर्विसेस अथॉरिटी के योजनाओं के सन्दर्भ में बताये। उन्होंने कहा जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट रांची के द्वाराएगरीब शोषित पीड़ित के लिए निरूशुल्क न्याय का प्रवाधान है स जिसके माध्यम से मध्यस्तताएआपसी विवाद का निपटाराएनिःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराई जाती है। वहीं महिला संरक्षणएचाइल्ड प्रोटेक्शन के तहत चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098एसेफ



एंड अनसेफ टचएलैंगिक अपराधों से बच्चों की सुरक्षा बचावएपॉक्सो एक्टएएवम जेण जेण एक्ट की जानकारीएबाल मजदुरी ना कराने सड़क सुरक्षा मोटर व्हेकिल एक्टएको विस्तार से बताया गया।। साइबर क्राइम से सतर्कता एवं सोसल मिडिया का उपयोग सही तरीके से करने की जानकारीयां देते हुए कानूनी एवम समाजिक स्तर पर सभी को विस्तार रूप से बताया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि कानूनी जागरूकता लोगों को शिक्षित करनाए शोषण और उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठाना है और सम्मानजनक सबों को जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है साथ ही सहायक शिक्षकों ने भी अपना अपना विचार प्रकट किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक अध्यापक राजेश कुमार साहुएअरुणा देवी सहित बाल संसद मंत्रियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नामकुम आरओबी पर ट्रेलर में घुसी बाइक, एक की मौत, दूसरा घायल

**नामकुम।** शुक्रवार की रात आठ बजे रांची टाटा रोड स्थित नामकुम आरओबी पर हुई सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दूसरे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि केटीएम बाइक पर सवार दो युवक नामकुम से लोवाडीह की ओर जा रहे थे। संतुलन बिगड़ने पर वे विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर लदे ट्रेलर के नीचे घुस गये और बाइक ट्रेलर में फंस गई। इसके बाद ट्रेलर चालक बदहवास होकर भागने लगा और 500 मीटर दूर जाकर पोस्ट ऑफिस के पास रुका और चालक भाग निकला। मृतक की शिनाख्त नेतरहाट के रहनेवाले 20 वर्षीय सोनू गीत के रूप में की गयी है। वहीं घायल युवक बीचकोचा लोवाडीह का रहनेवाला 28 वर्षीय करण तिर्की है। सोनू रांची में रहकर पढ़ाई करता था।

# एमडीआरटी अभिकर्ताओं को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस शाखा बुंडू की ओर से एमडीआरटी क्वालीफाई अभिकर्ताओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बुंडू शाखा से तीन अभीकताओं ने एमडीआरटी क्लब में गायत्री देवी अमजद खान एवं सुदर्शन जायसवाल ने क्वालीफाई किया है, जिनको मुख्य अतिथि चितरंजन सिंह विशिष्ट अतिथि जोनल हेड चितरंजन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि रिजिनल हेड सुसमाकर बिहारी सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से बुके एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शाखा के टीम लीडर अजीत सिंह शीव शम्भू कुमार प्रिंस उपाध्याय विनय प्रमाणिक रोशन लाल साहू एवं शाखा के अमीत साहु श्याम कुमार महतो एवं बीमा अभिकर्तागण शामिल थे।

# टी20 विश्व कप 2024 का शेड्यूल जारी

## 9 जून को भारत-पाकिस्तान की 'जंग', 29 जून को बारबाडोस में फाइनल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह टूनार्मेंट 20 टीमों के बीच 1-29 जून के बीच होगा। पहला मैच एक जून को कनाडा और अमेरिका के बीच होगा। वहीं, फाइनल मैच 29 जून को बारबाडोस के मैदान पर खेला जाएगा। भारत का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ होगा। वहीं, भारत पाकिस्तान मैच नौ जून को खेला जाएगा। वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले इस टूनार्मेंट में कुल 20 टीमें भाग लेंगी। सभी टीमों को पांच-पांच टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका के साथ रखा गया है। अमरीका और विंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शैड्यूल बाहर आ गया है। एक जून से शुरू होने वाले विश्व कप के पहले मुकाबले में यूएसए और कनाडा आमने-सामने होंगे। भारत की ओर से अभी विश्व कप के लिए कप्तान की घोषणा नहीं की है। विराट कोहली और रोहित शर्मा विश्व कप में खेलेंगे या नहीं, क्या हार्दिक पांड्या ही कप्तान रहेंगे, जैसे कई सवालों के जवाब आने वाले दिनों में मिलेंगे। बहरहाल, विश्व कप में टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। भारत ग्रुप ए में हैं जहां उनके पहले चार मुकाबले अमरीका की धरती पर ही होने हैं।

### टी20 विश्व कप के लिए बने 4 ग्रुप

**ग्रुप ए** : भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, यूएसए
**ग्रुप बी** : इंगलैंड, ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान
**ग्रुप सी** : न्यूजीलैंड, विंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी
**ग्रुप डी** : साऊथ अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड्स, नेपाल

### टीम इंडिया के मुकाबले

5 जून बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
9 जून बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क
12 जून बनाम अमरीका, न्यूयॉर्क
15 जून बनाम कनाडा, फ्लोरिडा



### टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले

स्टेज - 1 से 18 जून तक
सुपर 8 - 19 से 24 जून
**1 जून** : पहला मुकाबला (यूएसए बनाम कनाडा)
**26 जून** : पहला सेमीफाइनल, गुयाना
**27 जून** : दूसरा सेमीफाइनल, त्रिनिदाद
**29 जून** : फाइनल बारबाडोस

### अब तक टी20 विश्व कप के विजेता

**2007 दक्षिण अफ्रीका** : विजेता भारत, उपविजेता पाकिस्तान
**2009 इंग्लैंड** : विजेता पाकिस्तान, उपविजेता श्रीलंका
**2010 विंडीज** : विजेता इंग्लैंड, उपविजेता ऑस्ट्रेलिया
**2012 श्रीलंका** : विजेता वेस्ट इंडीज, उपविजेताः श्रीलंका
**2014 बांग्लादेश** : विजेता श्रीलंका, उपविजेता भारत
**2016 भारत** : विजेता वेस्टइंडीज, उपविजेता इंग्लैंड
**2021 यूएई/ओमान** : विजेता ऑस्ट्रेलिया, उपविजेता न्यूजीलैंड
**2022 ऑस्ट्रेलिया** : विजेता इंग्लैंड; उपविजेता पाकिस्तान

# आइसीसी पुरस्कार 2023: सोबर्स, हेहो फ्लिंट और टेस्ट पुरस्कारों के लिए अंतिम सूची जारी

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने शुक्रवार को तीन आइसीसी पुरस्कार 2023 श्रेणियों- आइसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर, आइसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी और आइसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी, में चुने गये खिलाड़ियों के अंतिम समूह की घोषणा की। श्रेणियों के अंतिम सेट के खुलासे का मतलब है कि वैश्विक क्रिकेट प्रशंसक अब 2023 से नौ आइसीसी पुरस्कार श्रेणियों में अपने पसंदीदा क्रिकेटरों के लिए वोट कर सकते हैं। सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, ट्रैविस हेड, भारतीय दिग्गज विराट कोहली और हरफनमौला रवींद्र जडेजा को नामित किया गया है। पूर्व आइसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर (2019) कमिंस ने 2023 में नई ऊंचाइयों को छुआ, उत्कृष्ट कप्तानी कौशल का प्रदर्शन किया और हाथ में गेंद से भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टेस्ट और वनडे में 59 विकेट लिए। ट्रैविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे विश्व कप खिताब जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हेड 2023 में बड़े अवसर के लिए खिलाड़ी बने, उन्होंने विश्व कप फाइनल में बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। इस ऑलराउंडर ने वर्ष के दौरान सभी प्रारूपों में लगभग 1700 रन बनाए और गेंद से महत्वपूर्ण विकेट लिए। भारत के आइकन विराट कोहली 2023 में अधिक उल्लेखनीय रन-स्कोरिंग उपलब्धियों के बाद अपनी तीसरी सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी जीतने की दौड़ में हैं। कोहली ने पिछले साल रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 50 वें वनडे शतक के साथ आइसीसी हॉल ऑफ फेम सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। रवींद्र जडेजा ने पिछले साल 66 विकेट लिए, जो किसी भी अन्य खिलाड़ी से अधिक है। उन्होंने सभी प्रारूपों में 613 रन बनाए। वर्ष की आइसीसी महिला क्रिकेटर के लिए रशेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी की दौड़ में चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका), एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), बेथ मूनी (ऑस्ट्रेलिया) और नेट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड) शामिल हैं। इंग्लैंड की ऑलराउंडर नेट साइवर-ब्रंट ने 2023 में नौ विकेट लिए और 894 रन बनाए। उनकी टी20 में 45.50 और वनडे में 131.00 की प्रभावशाली बल्लेबाजी औसत रही। वहीं श्रीलंकाई कप्तान चमारी अट्टापट्टू आइसीसी पुरस्कार 2023 में तीन श्रेणियों में नामांकित श्रीलंका की एकमात्र खिलाड़ी हैं।

## आइसीसी पुरस्कार 2023 शॉर्टलिस्टेड खिलाड़ी



**आइसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी**

पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया), ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), रवींद्र जड़ेजा (भारत), विराट कोहली (भारत)

**वर्ष की आइसीसी महिला क्रिकेटर के लिए रशेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी**

चमारी अथापथु (श्रीलंका), एशले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), बेथ मूनी (ऑस्ट्रेलिया), नेट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड)।

**आइसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

आर अश्विन (भारत), ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), उस्मान ख्वाजा (ऑस्ट्रेलिया), जो रूट (इंग्लैंड)

**आइसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

शुभमन गिल (भारत), विराट कोहली (भारत), डेरिल मिशेल (न्यूजीलैंड), मोहम्मद शमी (भारत)

**आइसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

चमारी अथापथु (श्रीलंका), एशले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड), नेट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड)।

**आइसीसी पुरुष टी-20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

मार्क चैपमैन (न्यूजीलैंड), अल्पेश रमजानी (युगांडा), सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे), सूर्यकुमार यादव (भारत)।

**आइसीसी महिला टी-20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

चमारी अथापथु (श्रीलंका), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया)।

**आइसीसी इमर्जिंग मेन्स क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

गेराल्ड कोएट्जी (दक्षिण अफ्रीका), यशस्वी जयसवाल (भारत), दिलशान मदुशंका (श्रीलंका), रचिन रवींद्र (न्यूजीलैंड)।

**आइसीसी उभरती महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

मारुफा एक्टर (बांग्लादेश), लॉरेन बेल (इंग्लैंड), डार्सी कार्टर (स्कॉटलैंड), फोबे लिचफील्ड (ऑस्ट्रेलिया)।

## ऑस्ट्रेलिया आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन टीम बनी

**दुबई।** केपटाउन में भारत के दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से टेस्ट में हराने के बाद सीरीज एक-एक से बराबर कराने के बावजूद, ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में लगातार दो टेस्ट मैच जीतने के बाद आइसीसी रैंकिंग में 3534 अंकों और 118 की रेटिंग के साथ शुक्रवार को पहले पायदान पर पहुंच गयी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार, आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर नंबर वन टेस्ट टीम बनने में मदद की। पिछली बार आस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत के बाद थोड़े समय के लिये शीर्ष पर रहा था।

## ट्रेनिंग के दौरान सिर पर लगी गंभीर चोट, सैम हार्पर को ले जाया गया अस्पताल

**नयी दिल्ली।** मेलबर्न स्टार्स ने पुष्टि की है कि सैम हार्पर को शुक्रवार 5 जनवरी को ट्रैनिंग के दौरान सिर पर चोट लगी थी, लेकिन अस्पताल ले जाते समय उनकी हालत स्थिर थी। हार्पर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के नेट्स में झटका लगा था। जिन लोगों ने इस घटना को देखा, वे हिल गए और भावुक हो गए। ट्रेनिंग सत्र तुरंत रद्द कर दिया गया और हार्पर शनिवार को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं लेंगे।रिपोर्ट के मुताबिक क्रॉस-बैट शॉट खेलने का प्रयास करते समय गेंद उनके हेलमेट की ग्रिल के नीचे जाकर लगी, जिससे उनके गले के पास गंभीर चोट लग गई। खून को नियंत्रित करने के लिए स्टार्स मेडिकल टीम द्वारा तुरंत हार्पर की देखभाल की गई। एक एम्बुलेंस को बुलाया गया लेकिन जब उसे अंततः इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया तो वह होश में था, सांस ले रहा था और स्थिर था। ऑस्ट्रेलियाई रिपोर्टर टॉम मॉरिस के मुताबिक कुछ गवाहों ने भी इस घटना को 'भयानक' बताया। स्टार्स ने अब अपने एक्स अकाउंट पर एक बयान जारी किया है।



## शैफाली-स्मृति के अर्धशतक, टीम इंडिया ने 9 विकेट से जीता पहला टी-20

एजेंसी

**मुंबई।** टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नवी मुंबई के मैदान पर खेला गया पहला टी20 मुकबला 9 विकेट से जीत लिया है। भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारतीय टीम का यह फैसला सही साबित हुआ जब तितास साधु ने 17 रन देकर 4, श्रेयांका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने 2-2 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 141 रन पर रोक दिया। जवाब में भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा के अर्धशतकों की बदौलत 9 विकेट से जीत हासिल कर ली। इससे पहले तितास साधु ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को शुरूआती झटके दिए। ऑस्ट्रेलियाई टीम का पहला विकेट बेथ मूनी (17) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान एलिसा हेली 8 तो ताहिला मैकग्रा 0 पर आऊट हो गई। एलिसा पेरी ने टिककर बल्लेबाजी की। उन्होंने एश्ले गार्डनर के 0 पर आऊट होने के बाद 30 गेंदों पर 37 रन बनाए। इस दौरान फोएबे लिचफील्ड ने एक छोर संभालते हुए 32 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 49 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम की बल्लेबाज बड़ा योगदान नहीं दे पाई जिसके चलते ऑस्ट्रेलियाई टीम 20वें ओवर में 141 रन पर आलआऊट हो गई।

## एरिना सबालेंका लगातार 14वीं जीत के साथ सेमीफाइनल में, अजारेंका से होगा सामना

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने यहां पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ ब्रिसबेन इंटरनेशल टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत बेलारूस की हमवतन विक्टोरिया अजारेंका से होगी। सबालेंका ने कसात्किना को 6-1, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत दर्ज की। सबालेंका ने पिछले साल एडीलेड में खिताब जीतने के बाद मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया ओपन और ब्रिसबेन में दो बार की चैंपियन अजारेंका को हालांकि सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट तक जूझना पड़ा। अजारेंका ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन और तीसरी वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। सबालेंका और अजारेंका चार साल से अधिक समय पहले इसी कोर्ट पर फेड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोड़ी बनाकर खेले थे। इस बीच दूसरी वरीय एलेना रिबाकिना ने अनास्तासिया पोटापोवा के चोटिल होने के कारण मुकाबले के बीच से हटने पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विंबलडन 2022 चैंपियन रिबाकिना ने पहला सेट 6-1 से जीत लिया था जिसके बाद 11वीं वरीय पोटापोवा ने पेट में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। रिबाकिना सेमीफाइनल में लिंडा नोसकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 16 साल की माइरा आंद्रीवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।



# ऑस्ट्रेलियन ओपन: भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने इतिहास में दर्ज कराया है अपना नाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का सबसे शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और धैर्य के माध्यम से, भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट में इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया है।

**2016 ऑस्ट्रेलियन ओपन में सानिया का ऐतिहासिक प्रदर्शन**

2016 ऑस्ट्रेलियन ओपन को भारतीय टेनिस इतिहास में एक निर्णायक क्षण के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि सानिया मिर्जा ने अपनी युगल जोड़ीदार मार्टिना हिंगिस ने फाइनल में चेकिया जोड़ी एंड्रिया ह्लावाकोवा और लूसी हराडेका (7-6 (1), 6-3) को हराकर प्रतिष्ठित खिताब जीता था। इस जीत के साथ ही सानिया मिर्जा ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला युगल वर्ग में ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

**लिएंडर पेस ने अकल्पनीय उपलब्धि हासिल की**

अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में भारत के पहले प्रवेशकर्ता लिएंडर पेस ने अपने युगल साथी राडेक स्टेपनेक के साथ 16 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और सर्वकालिक सबसे सफल टेनिस जोड़ी बॉब ब्रायन और माइक ब्रायन को 2012 ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल वर्ग फाइनल में हराया तो पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई। ब्रायन बंधुओं से पांच बार हारने के बाद, लिएंडर पेस ने अंततः उन्हें रिकॉर्ड 12वें ग्रैंड स्लैम खिताब से वंचित करके बढ़त हासिल कर ली। यह जीत एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई क्योंकि पेस ने अपनी पहली ऑस्ट्रेलियन ओपन ट्रॉफी जीती।




**भूपति-सानिया की जोड़ी ने लिखी भारतीय जीत की इबारत**

महेश भूपति ने 2009 के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में 22 वर्षीय भारतीय प्रतिभावान सानिया मिर्जा के साथ जोड़ी बनाकर एंडी राम और नताली डेची को सीधे सेटों में हराकर अपना दूसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता। यह जीत भूपति की 11वीं ग्रैंड स्लैम और मिश्रित युगल वर्ग में सातवीं प्रभावशाली खिताबी जीत थी। युवा सानिया के लिए, यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम खिताब था।

**रमेश कृष्णन ने किया बड़ा उलटफेर**

1989 का ऑस्ट्रेलियन ओपन भारतीय टेनिस बिरादरी के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ जब प्रतिष्ठित रमेश कृष्णन को दूसरे दौर में तत्कालीन नंबर 1 रैंक वाले मैट विलेंडर के खिलाफ ड्रा कराया गया और उन्होंने अकल्पनीय उपलब्धि हासिल की। विलैंडर के लिए कृष्णन के खिलाफ लगातार सातवीं जीत हासिल करने की क्षमता के बावजूद, मैच सीधे सेटों में कृष्णन के पक्ष में 6-4, 6-1, 6-3 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ, जिससे दर्शक आश्चर्यचकित रह गए।

## रणजी ट्रॉफी : तिलक वर्मा का बल्ला चला, जड़ा ताबड़तोड़ शतक

**नयी दिल्ली।** तिलक वर्मा ने रणजी ट्रॉफी 2024 में अपने घरेलू सीजन की शानदार शुरूआत करते हुए हैदराबाद के लिए जोरदार शतक लगाया। युवा बल्लेबाज ने पहले दिन स्टंप्स तक नाबाद रहते हुए 112 गेंदों पर शानदार 100 रन बनाए और हैदराबाद को 474 रन तक पहुंचा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गहलौत राहुल सिंह के साथ एक मजबूत साझेदारी बनाई, जिन्होंने 157 गेंदों पर 214 रन बनाए। हैदराबाद ने मैच में शुरू से ही आक्रामकता दिखाई और शीर्ष 4 बल्लेबाजों में से तीन ने 50+ रन बनाए। नागालैंड ने पहले दिन 7 गेंदबाजों को काम पर लगाने के बावजूद सभी काफी महंगे साबित हुए।भारतीय क्रिकेट में तिलक वर्मा का उत्थान उल्लेखनीय रहा है, जो इंडियन प्रीमियर लीग के 2 उत्कृष्ट सीजन से प्रेरित है। हालांकि उन्हें भारतीय टीम में तेजी से शामिल किया गया है, फिर भी उन्हें अपनी स्थिति मजबूत करनी बाकी है। भारत के सबसे होनहार युवाओं में से एक माने जाने वाले वर्मा के लंबे और सफल अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लेने की उम्मीद है। वर्मा ने अपने संक्षिप्त वनडे करियर में अब तक 4 मैचों में 68 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 15 टी20ई मैचों में भाग लिया है, जिसमें 34.4 की औसत से 310 रन बनाए हैं। उनकी 141.60 की स्ट्राइक रेट है और दो अर्धशतक उनके नाम पर दर्ज है। फिलहाल हैदराबाद ने 76.4 ओवर में 474/5 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी. दीमापुर के नागालैंड क्रिकेट स्टेडियम में रवि तेजा के साथ साझेदारी में तिलक वर्मा क्रीज पर नाबाद रहे।

## मैडिसन चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी मैडिसन कीज ने कहा कि वह कंधे की चोट के कारण आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल पाएंगी। कीज ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी। कीज ने एक्स पर पोस्ट किया, सभी को नमस्कार...दुर्भाग्य से मैं कंधे की चोट से जूझ रही हूं और मेरे मेडिकल स्टाफ ने मुझे इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की सलाह दी है। यह स्पष्ट रूप से टेनिस सत्र शुरू करने के लिए अच्छी खबर नहीं है, लेकिन मैं यह भी जानती हूं कि मैं अपने शरीर के लिए सही विकल्प चुन रही हूं। कीज आखिरी बार सत्र के अंत में कोर्ट पर थीं। उन्होंने झुहाई में डब्ल्यूटीए एलीट ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया था। वह राउंड-रॉबिन चरण में हार गईं। इससे पहले चेक गणराज्य की कैरोलिना मकोवा ने कलाई की चोट का हवाला देते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियन ओपन टूनार्मेंट 14 जनवरी से शुरू हो रहा है।

# हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर: करो या मरो वाले टूनार्मेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार भारत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के शुरू होने में केवल एक सप्ताह बचा है, हॉकी प्रशंसकों के बीच उत्साह काफी बढ़ गया है क्योंकि टीमें पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए स्थान बुक करने के लिए शीर्ष 3 स्थान बनाने की होड़ में हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही टीमों में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है, जबकि मेजबान भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में रखा गया है। मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ स्थल गतिविधियों से भरा हुआ है, जिसमें भाग लेने वाली टीमें शहर में आ रही हैं और उस मैदान पर अपनी क्षमता का परीक्षण कर रही हैं, जिसने हाल ही में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी, जहां सविता के नेतृत्व वाले भारत ने खिताब जीता था। उस खिताबी जीत से मिले आत्मविश्वास को आगे बढ़ाते हुए, भारत करो या मरो वाले टूनार्मेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। कप्तान सविता ने विस्तार से बताया, टीम प्रेरित है, खासकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही है और टीम में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुके हैं और अच्छी तरह से समझते हैं कि इसके लिए आवश्यक प्रदर्शन का स्तर क्या है। यह हमारे लिए करो या मरो की लड़ाई है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान निक्की प्रधान, जो झारखंड से हैं, ने कहा, टीम का हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहता है। यह अंतिम सपना है और इस सप्ताह की शुरूआत में रांची पहुंचने के बाद, हमें कुछ अच्छे प्रशिक्षण सत्र मिले हैं। न केवल टीम के सदस्यों के बीच बल्कि झारखंड के हॉकी प्रशंसकों के बीच भी बहुत उत्साह है और मुझे यकीन है कि वे हमारे लिए अपना समर्थन दिखाने के लिए बड़ी संख्या में आएंगे। भारतीय टीम अपने शुरूआती मैच में 13 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका से भिड़ेगी, उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा जबकि सेमीफाइनल 18 और फाइनल 19 जनवरी को होगा. टूनार्मेंट की शीर्ष 3 टीमें पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी।



## पर्वतारोही कौर बतौर सस्टेनेबिलिटी चैंपियन नियुक्त

**सोलन।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर ने कंपनी के रिन्यूएबल्स बिजनेस में सस्टेनेबिलिटी चैंपियन के रूप में विख्यात पर्वतारोही, बलजीत कौर को शामिल किया है। अपरंपरागत क्षेत्रों में दमदार प्रदर्शन कर रहे देश के प्रतिभावान युवाओं को समर्थन देने की कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है। हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों की बेटी बलजीत का प्रकृति से गहरा जुड़ाव है और वह पहाड़ों को अपना पहला प्यार बताती हैं। पर्यावरण के अनुकूल जीवन के मूल्य को वह वास्तव में समझती है। स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाकर पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा देने वाले, टाटा पावर के सस्टेनेबल इज अटेनेबल का समर्थन करने में बलजीत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## डेविड वार्नर की लापता बैगी ग्रीन मिली

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वार्नर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी खोई हुई बैगी ग्रीन कैप (टेस्ट कैप) उन्हें मिल गई है। वार्नर ने शुक्रवार को सुबह सोशल मीडिया पर अपने असली बैगी ग्रीन को पकड़े हुए एक वीडियो पोस्ट किया और इसे ढूंढने के लिए इसमें शामिल लोगों को धन्यवाद दिया।

स्पीड न्यूज

## विधायक प्रदीप यादव ने मुख्यमंत्री से बात करने का दिया भरोसा

**दुमका।** जिला अधिवक्ता संघ ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव हाई कोर्ट, रांची की खंडपीठ स्थापना को मिला। संघ का अगुवाई संघ अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद एवं महासचिव राकेश कुमार ने किया। हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने विधायक से किया। विधायक प्रदीप यादव ने मुख्यमंत्री से बात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व से हाई कोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर पहल सरकार करती आ रही है। विपक्ष पर निशाना साधने हुए कहा कि विपक्ष भ्रम फैलाने का काम करती आ रही है। राज्य की वर्तमान राजनीति पर बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार प्रारंभ से ही गठबंधन सरकार अपदस्थ करना चाह रही है। सरकारी एजेंसियों ईडी आदि की बेजा इस्तेमाल कर रही है। यूपीए, इंडिया गठबंधन मजबूती से चल रही आगे भी साथ चलेगी। यहाँ बता दें कि वर्ष 2014 में 13.84 एक जमीन चिन्हित की जा चुकी है। वन भूमि होने के कारण मुआवजा भी जमीन के बदले दिया जा चुका है। इस अवसर पर संघ उपाध्यक्ष कमल किशोर झा, कोषाध्यक्ष विमलेन्दु कुमार, भवेश कुमार, अचल कुमार, मनोज मिश्रा, भीम मंडल,नीरज कुमार, अरुण साह आदि मौजूद थे।

# पटना हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी, जांच करने पहुंची एटीएस की टीम

एजेंसी

पटना उच्च न्यायालय को बम से उड़ा देने की धमकी मिली है। जानकारी मिलते ही पटना पुलिस और अन्य एजेंसियां अलर्ट हुई गई। पटना पुलिस और एटीएस की टीम फौरन हाईकोर्ट कैंपस पहुंची। पुलिस टीम डॉग स्क्वायड की मदद से सर्च ऑपरेशन चला रही है। इधर, पटना हाईकोर्ट के कैंपस के अंदर और बाहर की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। पटना पुलिस के अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार रहे हैं।




### मेल कर हाईकोर्ट को बम से उड़ने की सूचना दी गई

सूत्रों की मानें हाईकोर्ट के किसी न्यायिक अधिकारी को पत्र के जरिए यह धमकी मिली है। इसके बाद फौरन पटना पुलिस को जानकारी दी गई। पटना पुलिस और अन्य एजेंसी की टीम पटना हाईकोर्ट कैंपस पहुंचकर जांच में जुट गई है। पटना हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को मेल कर पटना हाई कोर्ट को बम से उड़ने की सूचना दी गई है। जिसमें यह बताया गया है कि हाई कोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। सूचना मिलते ही इसकी जांच की जिम्मा एटीएस टीम ने संभाल ली है।

### प्रत्येक लोगों की सामानों की सघन जांच की जा रही है

बताया जा रहा है कि सूचना मिलने के बाद हाई कोर्ट परिसर में डॉग स्क्वायड, एटीएस टीम, की पांच टीम मौके पर पहुंचकर अलग-अलग जगह से पूरे चप्पे चप्पे पर छानबीन शुरू कर दी है। हालांकि सूत्र बताते हैं कि जिस मेल से यह सूचना प्राप्त हुई है वह मेल फेक भी हो सकता है। फिलहाल हाई कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर दी गई है। चप्पे चप्पे पर फोर्स की तैनाती की गई है। हाई कोर्ट के अंदर आने वाले प्रत्येक लोगों की सामानों की सघन जांच की जा रही है।

## वैक्सीन लेते ही दो बच्चों की मौत



**मुंगेर।** टीका लगने से दो नवजातों की मौत हो गई। घटना टेटिया बंबर प्रखंड के राजाडीह गांव की है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को बुधवार को टीका दिया गया था, जिसमें एक की मौत बुधवार को हो गई, जबकि दूसरे की मौत गुरुवार की देर रात हो गई। शव को लेकर परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केंद्र पहुंचे और जमकर हंगामा किया। मामले की जांच के लिए टीम सदर अस्पताल मुंगेर से घटनास्थल के लिए निकल गई है। मृतकों की पहचान अवधेश यादव के पुत्र आदित्य कुमार (डेढ़ माह) और अमित कुमार की बेटी अनुष्का कुमारी (दो माह) के रूप में की गई है। आदित्य की बड़ी मां खुशबु देवी ने बताया कि बुधवार को वैक्सीन लगाई गई थी, जिसके बाद आदित्य को बुखार आया। आदित्य की मां ने उसे दूध पिलाया और फिर बुधवार की रात में ही उसकी मौत हो गई। वहीं अनुष्का कुमारी के परिजनों का कहना है कि सुई लगने से पहले अनुष्का ठीक थी। फिर मां ने उसे दूध पिलाकर सुला दिया था। गुरुवार के सुबह में उसकी मौत हो गई।

## लोहे की रॉड से पीट-पीटकर महिला की हत्या, छह घायल

**बेगूसराय।** बच्चों के विवाद को लेकर दबंग पड़ोसी ने घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया। आरोपी ने परिवार के सदस्यों को लाठी-डंडे और लोहे की रोड से बुरी तरह पीटा। मारपीट में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिन्हें इलाज के लिए तेघरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घटना फुलवरिया थाना क्षेत्र के गाछी टोला बारों वार्ड नंबर 27 की है। हमले में मोहम्मद अरशद आलम का पत्नी शाहिना परवीन की मौत हो गई जबकि केसर आलम, अमीसा खातून, रेहान, फरजाना, और मोहम्मद अरशद आलम गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत महिला के पति अरशद आलम ने बताया है कि गुरुवार देर शाम उसका भतीजा पड़ोसी के सामने शौच करने के लिए गया था। इस दौरान दबंग



पड़ोसी मोहम्मद इम्तियाज और बको गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर उसने भतीजे पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे बचाने गए तो उन्होंने ग लाठी-डंडे और लोहे की रोड से घर में घुसकर सभी को पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों ने पीट पीटकर शाहिना परवीन को मौत के घाट उतार दिया। वहीं, परिवार के अन्य लोग भी मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज तिगरा हॉस्पिटल में चल रहा है। मृत महिला के पति आलम ने बताया है कि वह परिवार के साथ किशनगंज में रहकर अपना कारोबार करता है। बीते रविवार को अपने भाई से मिलने के लिए बारों गांव आए थे। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पीड़ित परिवार की सूचना पर पहुंची फुलवरिया थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आम नागरिकों की शिकायत पर अविलंब कार्रवाई करें : नाथू सिंह मीना



**गोड्डा।** आज पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के द्वारा सुंदरपहाड़ी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जिसमें संबंधित थाना प्रभारी तथा पुलिस पदाधिकारी को निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया

- लंबित कांडों का समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया।
- लंबित वारंट एवं कुर्की का निष्पादन अविलंब करेंगे। साथ ही फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया।
- सभी निरीक्षण से संबंधित पंजियो का अवलोकन कर उसमें पाए गए कमियों का निराकरण/ प्रविष्टि हेतु निर्देश दिया गया।
- आम नागरिकों के द्वारा प्राप्त शिकायत पत्रों का अविलंब निष्पादित करेंगे।
- असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखते हुए विधि सम्मत कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

## सारण में हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के अमनौर थाना से तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने बताया कि थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के धरहरा खुर्द तीन मुहानी के समीप तीन अपराधी खड़े हैं।

## फिरौती के लिए अपह्त छात्र बरामद

**गया।** बिहार में गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के केन्दुआ गांव के समीप से अपहत छात्र झारखंड के चतरा जिले से बरामद कर लिया गया है। गया के एसएसपी आशीष भारती ने शुक्रवार को यहां बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि इमामगंज थाना क्षेत्र के केन्दुआ गांव के समीप से कल नवमी क्लास के छात्र का अपहरण कर लिया गया है। छात्र ट्यूशन पढ़ने जा रहा था, उसी वक्त अज्ञात अपराधियों ने उसका अपहरण कर लिया था। अपराधियों के द्वारा अपहत के परिजनों से फिरौती के रूप में पांच लाख रुपए की मांग की जा रही थी।

## सारण में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि नूरनगर काही गांव निवासी अमरेंद्र कुमार श्रीवास्तव का पुत्र अमृत श्रीवास्तव उर्फ श्रवण कुमार अपने घर से मोटरसाइकिल से अपने कार्य क्षेत्र निजी विद्यालय में पढ़ाने जा रहा था।इसी दौरान अनियंत्रित दुग्ध वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में श्रवण की मौत हो गई।

## छेड़खानी समेत दो मामले में विधायक प्रदीप यादव की न्यायालय में हुई पेशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव की शुक्रवार को न्यायालय में पेशी हुई।पेशी दो अलग-अलग मामले में अपर जिला जज, तृतीय सह विशेष न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद के न्यायालय में हुई। न्यायालय में दोनों मामले में गवाहों की गवाही हुई। न्यायालय में पहली गवाही गोड्डा मुफस्सिल थाना में दर्ज प्राथमिकी 37/17 के सेशन ट्रायल 125/21 में हुई।जिसमे अडानी पावर प्लांट के विरोध में किए गए आंदोलन को लेकर सरकारी संपत्ति नुकसान, धक्का-मुक्की समेत अन्य सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज हुई थी। जिसमे प्रदीप यादव, धर्मेन्द्र राय एवं कैलाश मंडल संकेत अन्य पर मामला दर्ज हुई थी। शुक्रवार को वादी जयप्रकाश सिंह की गवाही गुजरी। दूसरा चर्चित महिला



कोर्ट में पेशी के बाद निकलते विधायक।

कार्यकर्ता द्वारा प्रदीप यादव पर छेड़खानी के मामले में गवाही हुई। गवाही एक एसआई समेत दो पुलिस पदाधिकारी की हुई। मामला देवघर में 13/2019 में दर्ज हुई थी। जिसका सेशन ट्रायल 127/21 है। जिसने दो पुलिस पदाधिकारी की गवाही गुजरी। दोनों केस की अगली तिथि 23 जनवरी को निर्धारित हुई है। यहां बता दें कि मामला 20 अप्रैल 2019 का है। जिसमे 18 जून 2019 को प्रदीप यादव को उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई थी। तब प्रदीप यादव झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक (झाविमो) के महासचिव पद पर काबिज थे। उसी दौरान उनकी ही पार्टी की एक महिला नेत्री ने होटल में बुलाकर उनसे छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था। इस पूरे मामले को लेकर उक्त महिला ने साइबर थाना में यौन उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया गया था।

## हंसडीहा में चलाया गया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना के समीप एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के निर्देश पर प्रोबेशनर डीएसपी अमित रविदास के नेतृत्व में वाहनों की जांच की। इधर जामा थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान एवं जामा थाना के अन्य पदाधिकारी और पुलिस के जवान के द्वारा जामा थाना गेट के सामने एंटी क्राइम चेकिंग कर वाहनों की जांच की जा रही है इस दौरान जरमुंडी एसडीपीओ आमोद नारायण सिंह भी स्थल पर मौजूद थे। हंसडीहा पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ मोड़ एवं बनियारा गांव के समीप अधिकारी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। हंसडीहा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू के नेत्तृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को



जांच करते डीएसपी व थाना प्रभारी।

रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर डिग्गी की जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलाये। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया बाइक चलाने वाले चालक रास्ता बदलकर भागते दिखे।

## दुमका से चोरी हुई बुलेट साहिबगंज से बरामद

**दुमका।** साहिबगंज से बुलेट के साथ एक और बाइक चोर को दुमका पुलिस धर दबोचने में सफल रही है। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के निर्देश पर गठित विशेष टीम को यह सफलता मिली है। इस बावत एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा ने नगर थाना परिसर में प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर थाना पुलिस दुमका में हुई चोरी रॉयल इनफील्ड के साथ साहिबगंज जिले के राजमहल थाना डकैतटोला निवासी करीमुल शेख को गिरफ्तार करने सफल हुई है। गिरफ्तार आरोपी का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा। टीम में थाना प्रभारी अतिन कुमार समेत अन्य का सराहनीय प्रयास रहा।

## होमगार्ड कल्याण एसोसियेशन ने लगाया सरकार और प्रशासन पर सेवा में नही लेने का आरोप

**गोड्डा।** आज झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन जिला कमिटी की बैठक अशोक स्तंभ पर बीना कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जिले में भारी संख्या में पुरुष एवं महिला गृहरक्षकों की बहाली हुई और प्रशिक्षण भी प्राप्त किया परन्तु ड्यूटी नहीं मिलने से गृहरक्षकों में भारी निराशा हैं। महिला गृहरक्षकों ने कहा अगर 8दिन के अन्दर हमलोगों को ड्यूटी पर नहीं लगाया तो हमलोग समाहरणालय के समक्ष भुख हड़ताल पर बैठने के लिए मजबुर हो जाएंगे। वहीं प्रदेश संरक्षक सह-प्रभारी



मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा सरकार एवं विभाग की नीति साफ नहीं दिखाई दे रही है एक तरफ गृहरक्षकों की बहाली करने पर जोर देकर बहाल तो किया परन्तु अब ड्यूटी देने में आनाकानी कर रही है। मैं जिला प्रशासन एवं जिला समादेष्टा सर से आग्रह करता हूं कि सरकार एवं होमगार्ड मुख्यालय के आदेश के आलोक में विभिन्न संस्थानों में गृहरक्षकों को ड्यूटी पर तैनात किया जाए। वहीं महिलाओं के आवाज को उठाने के लिए संगीता टूडू को अध्यक्ष तथा बीणा कुमारी को सचिव सर्वसम्मति से मुहर लगा दी। बैठक में पुजा कुमारी, पप्पू कुमार साह, सिमी भारती तिग्गा, हेमलता कुमारी, शुशीला मुर्मू, सुहागिनी किस्कू, संगीता टूड, अगनेश हेमब्रम, सरिता चौड़े, सुहागिनी हांसदा, ललिता मरंडी, मिथलेश यादव, राजेश पासवान, अनिल साह, शुभाष यादव, नितेश कुमार महतो, पिंकू यादव, अभिषेकानंद, निरंजन यादव आदि सैकड़ों गृहरक्षकों ने भाग लिया।

# दिशोम मांझी थान में धूमधाम से मना सोहराय पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान समिति की ओर से दिसोम मांझी बाबा विशाल मरांडी के नेतृत्व में अतांग दाराम दिसोम सोहराय पोरोब धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह 8 बजे स्नान कर नायकी बाबा सीताराम सोरेन के अगुवाई में गोट टांडी में विधि-विधान से पूजा अर्चना किया। बाद में बलि के रूप में दिया गया मुर्गा का खिचड़ी बना कर प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। सोहराय पर्व मूल रूप से सोहराय चांदो (अक्टूबर) में मनाया जाता है। लेकिन संताल विद्रोह (1855-56) में मार्शल लॉ के कारण संताल परगना क्षेत्र में पुश चांदो (जनवरी) में धूमधाम के साथ



नृत्य एवं संगीत के साथ सोहराय पर्व मनाते आदिवासी।

मनाया जाता है। मान्यता है कि सोहराय पोरोब संताल आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व है। जिसका तुलना हाथी के साथ किया गया है। सोहराय पर्व पांच दिन तक मनाया जाता है। पहला दिन उम माहा, दूसरा दिन बोंगा,दाकाय माहा, तीसरा दिन खूंटाव माहा, चौथा दिन जाले माहा और पांचवां या अंतिम दिन जाले माहा के रूप में मनाया जाता है। मुख्य अतिथि संताली साहित्यकार मान चुंडा सोरेन सिपाही और विशिष्ट अतिथि अशोक हांसदा और सुकलाल सोरेन मौजूद थे।सोहराय पर्व में भाग लेने के लिए संताल परगना के विभिन्न हिस्सों से मांझी बाबा और आतो मोड़ें होड़ शामिल हुए। साथ ही आसपास के गावों से युवक-युवतियां और छात्र-छात्राएं भी पारंपरिक वेश भूषा में शामिल होकर सोहराय नृत्य का खूब आनंद लिया। मौके पर समिति के सदस्य सुरेशचंद्र सोरेन, निलेश हांसदा, टेकलाल मरांडी, सुनील मुर्मू, मुकेश आरडीएक्स टुडू, दिपक हेंब्रम, बेनीलाल टुडू, सतीश सोरेन, मोहन टुडू, सुशील मरांडी, प्रेम हांसदा, लकी संतोष टुडू, सीमांत हांसदा, अंजनी बेसरा, झुमरी सोरेन, सीमा सोरेन, सिकंदर हेंब्रम, लवकिशोर टुडू, राम हांसदा, लक्ष्मण हांसदा आदि मौजूद रहे।

खबर एक नजर में

## बेहतर शिक्षक बनकर करे समाज का निर्माण : केके पाठक

**नवादा।** बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक शुक्रवार को नवादा पहुंचे। जहां प्रशिक्षण पा रहे शिक्षक तथा शिक्षिकाओं ने उनका जमकर स्वागत किया। केके पाठक ने यहां प्रशिक्षण पा रहे शिक्षकों से कहा कि आप बेहतर शिक्षक बनकर बेहतर समाज का निर्माण करें। केके पाठक के नवादा पहुंचते ही डाइट में ट्रेनिंग रहे छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। सबसे पहले पहुंचते ही महिला शिक्षाओं ने उनकी आरती उतारी। अपने भव्य स्वागत से गदगद के के पाठक ने प्रशिक्षण पा रहे शिक्षकों को बेहतर शिक्षक बनने के भी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि 14 घंटे का प्रशिक्षण इसलिए रखा गया है कि शिक्षक बेहतर काम करें। उन्होंने कहा कि अगर राज्य का विकास करना है तथा गरीबों को भी सुखी बनाना है, तो निश्चित तौर पर सरकारी स्कूल में जो पढ़ रहे है, उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा देना होगा। उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षकों की बड़ी भूमिका है। जिसे बेहतर दिए गए दायित्वों का निर्वहन से ही पूरा किया जा सकता है। उनके साथ नवादा के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ,डीसी दीपक कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जिला के अधिकारी साथ थे। हवा के क पाठक के स्वागत के तरीकों से बुद्धिजीवियों ने कटाक्ष भी की है चर्चा है कि के के पाठक अपने स्वागत सत्कार में नेताओं को ही पीछे छोड़ रहे हैं। इस कदर की कृत अधिकारियों के साथ नहीं होनी चाहिए। हालांकि के के पाठक के दौरे से ग्रामीण स्कूल में पढ़ा रहे शिक्षकों में हड़कंप देखा जा रहा है कि पता नहीं किस गलती पर किस कदर की कार्रवाई तय कर दी जाए।

## मांगें पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा डीलरों का आंदोलन

**नवादा।** देशव्यापी आंदोलन के तहत संघ के आह्वान पर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का हड़ताल शुक्रवार को जारी रही। जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने समाहरणालय के साथही विभिन्न कार्यालय पर



धरना प्रदर्शन करते देखे गए। शुक्रवार को भी उनका आंदोलन हंगामेदार रहा। कौआकोल प्रखण्ड में भी आंदोलन पांचवें दिन जारी रहा। शुक्रवार को प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में डीलरों ने प्रखण्ड इकाई की बैठक कर आंदोलन की आगे की रणनीति बनाई। संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एक स्वर से डीलरों ने मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया। डीलर छोटन साव, ईश्वरी राम, विजय लाल, गोपाल लाल, जितेंद्र, श्रीकांत प्रसाद, सुधीर यादव, कृष्णचन्द्र पासवान आदि ने बताया कि डीलरों का मानदेय तीस हजार रुपये महीना करने, प्रति क्विंटल 300 रुपए मार्जिन मनी, अनुकम्पा में उम्र समाप्त करने सहित आठ सूत्री मांगों को लेकर वे लोग 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस बीच डीलरों के द्वारा अपना अपना दुकान बन्द कर दिया गया है। जनवितरण दुकान में ताला लटके हैं। डीलरों द्वारा गोदाम से अनाज तक का उठाव नहीं किया गया है और न ही अनाज लाभुकों के बीच वितरण किया जा रहा है। डीलरों के हड़ताल से लाभुकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## पेज 1 का शेष

### धोनी संग धोखा...

**मामले की अगली सुनवाई 20 को :** कैप्टन कूल के ओर से दर्ज अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में दर्ज आपराधिक मामले की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडे की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अब अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी। रांची। शिकायतवाद धोनी की ओर से सीमांत लोहानी ने दर्ज करायी है। सुनवाई के दौरान मामले में धोनी के प्रतिनिधि सीमांत लोहानी का बयान शपथपत्र पर दर्ज किया गया। इसमें उन्होंने मिहिर दिवाकर एवं सौम्या दास के ऊपर लगाये आरोपों के बारे में बयान दिया। अब मामले में अगली तारीख को शिकायतकर्ता की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत करना है।

### इडी के अहम गवाह...

मामले में प्रार्थी की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह कोर्ट से किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने प्रार्थी को याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। खूंटी जिले से जुड़े मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल समेत उनके पति के सीए सुमन कुमार, खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश एवं अन्य के खिलाफ ईडी पूर्व में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

### टीएमसी नेता के घर...

टीम जब उत्तर 24 परगना के संदेशखाली ब्लॉक 1 के जिला परिषद के तृणमूल अध्यक्ष और मत्स्य पालन अधिकारी शेख शाहजहां के घर पर छापेमारी करने पहुंची, तो वहां पर बार-बार आवाज देने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं आया। अंत में ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ ताला तोड़ने की पहल की। जब उन्होंने ताला तोड़ने की कोशिश की, तो सैकड़ों लोगों ने ईडी और केंद्रीय बलों को घेर लिया। उत्तेजित भीड़ ईडी और केंद्रीय बलों के प्रति हिंसक हो गयी। **घटना उकसावे का नतीजा :** वहीं टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि इडी टीम पर स्थानीय लोगों का हमला 'उकसाने' का नतीजा था। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से केंद्रीय बल बंगाल में विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। बंगाल में भाजपा के निर्देश पर टीएमसी नेताओं को परेशान किया जा रहा है। **कानून व्यवस्था ठीक नहीं :** केंद्रीय मंत्री ने कानून व्यवस्था पर कई उठाये। केंद्रीय मंत्री निशिथ प्रमाणिक ने ईडी टीम पर हमले की घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। **राज्यपाल बोले उचित कार्रवाई करेंगे :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस कहा कि ऐसे हमलों को रोकने के लिये प्रशासन को उचित कदम उठाने की आवश्यकता है। सरकार को भी जिम्मेदारी याद दिलाते हुए कहा कि अगर अभी कड़ी कार्रवाई नहीं की गयी तो आने वाले समय में स्थिति और भी खराब हो सकती है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि संविधान का उल्लंघन होने पर वह राज्यपाल के रूप में उचित समय पर उचित कार्रवाई करेंगे।

### गर्भगृह में एक नहीं...

**अखंड दीपक जलाने की परंपरा :** देश भर के अनेक मंदिरों में अखंड दीपक जलाने की परंपरा है। यही परंपरा अयोध्या में भी जारी रहेगी। इस अखंड दीपक को बनाने में चांदी का उपयोग किया गया है। चांदी से बना ये दीपक दिन रात अपनी चमक राम मंदिर में बिखेरेगा। खास बात ये भी है कि इस अखंड दीपक को जलाने के लिए तेल का नहीं बल्कि गाय के शुद्ध घी का उपयोग होगा। अखंड दीपक का अर्थ है जो दीपक एक बार जलने के बाद बुझे नहीं यानी ये दीपक सालों साल हमेशा जलता रहेगा। जब भी कभी इसकी बत्ती बदली जायेगी तो पहले इस दीपक से एक अन्य दीपक जलाया जलायेगा और बत्ती बदलने के बाद उसी दीपक से इसे पुनः प्रज्ज्वल्लित किया जायेगा। समय-समय पर इसमें घी भी डाला जायेगा, ताकि इस दीपक की कभी बुझे नहीं। **दीपक सनातन धर्म और अनंत का प्रतीक है :** अखंड दीपक सनातन धर्म के अनादि और अनंत होने का प्रतीक भी है। दीपक प्रकाश का प्रतीक है। प्रकाश यानी ज्ञान जो हमेशा रहता है, ज्ञान को कोई आपसे छिन नहीं सकता और न ही कोई आपसे चुरा सकता है। सनातन धर्म में यही ज्ञान का प्रकाश हमें सही रास्ता दिखाता है और सही काम करने की प्रेरणा भी देता है। **पहली मंजिल पर होगा श्री राम दरबार :** श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रवेश द्वार पर गज, सिंह, हनुमान जी और गरुड़ जी की मूर्तियां स्थापित की गयी हैं, जो कि भव्य झलक दे रही हैं। मुख्य गर्भगृह में भगवान श्री राम के बचपन का स्वरूप है और पहली मंजिल पर श्री राम दरबार होगा। राम मंदिर तीन मंजिला है, जिसकी प्रत्येक मंजिल 20 फीट ऊंची है और इसमें कुल 392 खंभे और 44 दरवाजे हैं।

# परीक्षा पे चर्चा के लिए एक करोड़ छात्रों-शिक्षकों ने कराया रजिस्ट्रेशन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बातचीत कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण के लिए शुक्रवार तक माईगॉव पोर्टल पर एक करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कक्षा 6 से 12वीं के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन एमसीक्यू प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी के बीच माईगॉव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी तक 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक अब तक पंजीकरण करा चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय बताया कि यह देश भर के छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है, जो इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने इस अनूठे इंटरेक्टिव कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) में देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

## 29 जनवरी को भारत मंडपम में प्रधानमंत्री मोदी करेंगे बातचीत




### 4000 प्रतिभागी लेंगे भाग

कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक और कला उत्सव और वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल बनाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बड़े आंदोलन - एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है।

# सोमालिया में अपहृत जहाज को भारतीय युद्धपोत ने छुड़ाया

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई अरब सागर में सोमालिया तट के पास अपहृत हुए जहाज एमवी लीला नोरफोक को भारतीय युद्धपोत ने छुड़ाया। उत्तरी अरब सागर में सोमालिया से 300 समुद्री मील पूर्व में लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला को अपहृत किया था।

यह जहाज पोर्ट डु एको (ब्राजील) से बहरीन में खलीफा बिन सलमान के लिए जा रहा था। चालक दल ने 04 जनवरी की शाम को यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) पोर्टल पर जहाज पर पांच से छह समुद्री डाकुओं के सवार होने का संदेश दिया था। यूकेएमटीओ व्यापारिक जहाजों के लिए संपर्क

**जहाज पर सवार सभी सुरक्षित कमांडो ऑपरेशन के लिए तैयार**

और क्षेत्र में सैन्य बलों के साथ संपर्क के प्राथमिक बिंदु के रूप में कार्य करता है। यूकेएमटीओ से सोमालिया के पास व्यापारिक जहाज एमवी लीला का अपहरण होने का संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात प्लेटफार्मों ने अरब सागर में इस समुद्री घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया दी। भारतीय नौसेना ने तत्काल एक समुद्री गश्ती विमान (एमपीए) लॉन्च किया और जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजने के लिए डायवर्ट कर दिया है। विमान ने शुक्रवार सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जहाज के साथ



संपर्क स्थापित किया। साथ ही नौसेना ने माकूल जवाब देने के लिए आईएनएस चेन्नई को सोमालिया के लिए रवाना कर दिया। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई अपने एंटी पाइरेसी गश्त से हटकर उत्तरी अरब सागर में एमवी लीला नोरफोक के पास अपराह्न 3:15 बजे पहुंचकर तीव्र प्रतिक्रिया दी है। भारतीय चालक दल और समुद्री कमांडो ने अपहृत जहाज एमवी लीला नोरफोक को अपने कब्जे में ले लिया है। जहाज को समुद्री गश्ती विमान, प्रीडेटर एमक्यू 9 बी और इंटीग्रल हेलोस का उपयोग करके निरंतर निगरानी में रखा गया है। जहाज पर सवार 11 सदस्यीय भारतीय दल सुरक्षित हैं और मरीन कमांडो मार्कोस ऑपरेशन के लिए तैयार हैं। साथ ही समुद्री डाकुओं को अपहृत जहाज छोड़ने की चेतावनी जारी की है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में अन्य एजेंसियों और बहुराष्ट्रीय बल के समन्वय से समग्र स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्रवत देशों के साथ क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



**काठमांडू। भारतीय विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शुक्रवार सुबह काठमांडू के विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा।**

# दाऊद इब्राहिम के रिश्तेदारों की दो संपत्तियां हुयी नीलाम

**मुंबई।** महाराष्ट्र के तटीय रत्नागिरी जिले की खेड़ तहसील के मुंबके गांव में कुख्यात भगोड़ा आतंकी दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की दो संपत्तियां शुक्रवार को स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम (साफेमा) के तहत नीलाम कर दी गई। भगोड़ा आतंकी दाऊद की कुल चार संपत्तियां शुक्रवार को नीलामी की जानी थीं, लेकिन उनमें से दो के लिए किसी ने भी नीलामी में हिस्सा नहीं लिया। अन्य दो संपत्तियों को क्रमशः चार और तीन बोलीदाता प्राप्त हुए और एक ही व्यक्ति उन दोनों के लिए बोली लगाईं। इनमें से एक संपत्ति, 170.98 वर्ग मीटर की कृषि भूमि, को 15,440 रुपये के आरक्षित मूल्य के मुकाबले 2.01 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली मिली। इसी तरह दूसरी संपत्ति 1730 वर्गमीटर की कृषि भूमि के लिए आरक्षित मूल्य 1,56,270 रुपये के मुकाबले 3.28 लाख रुपये की उच्चतम बोली लगी। सुरक्षा कारणों से सफल बोली लगाने वाले के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। दरअसल, मुंबई में वर्ष 1993 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में वांछित आरोपित दाऊद इब्राहिम फरार है। उसके पाकिस्तान में रहने की चर्चा है। इब्राहिम के परिवार के स्वामित्व वाली चार संपत्तियों में सभी कृषि भूमि मुंबके गांव में स्थित थीं। इन संपत्तियों को 19 लाख रुपये के मूल्य पर नीलामी के लिए रखा गया था।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में 10 करोड़ से अधिक लोग हुए शामिल

**नयी दिल्ली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ने शुक्रवार को एक बड़ा पड़ाव पार कर लिया है। पिछले 50 दिनों में 10 करोड़ से अधिक लोग संकल्प यात्रा में शामिल हो चुके हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मुताबिक संकल्प यात्रा में भाग लेने वालों की संख्या ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, इटली और दक्षिण अफ्रीका जैसे कुछ प्रमुख देशों की पूरी आबादी से भी अधिक है। अरुणाचल के मुकुट रत्न अंजाव से लेकर गुजरात के पश्चिमी तट पर देवभूमि द्वारका तक, लद्दाख की बफीर्ली चोटियों पर चढ़ने और अंडमान के फि रोजा तटों की शोभा बढ़ाने तक संकल्प यात्रा अब सभी क्षेत्रों को कवर कर चुकी है।

# अभय चौटाला के समधी और करीबियों के ठिकानों से पांच करोड़ रुपये जब्त

एजेंसी

**यमुनानगर/चंडीगढ़।** हरियाणा के यमुनानगर से इनेलो के पूर्व विधायक और अभय चौटाला के समधी दिलबाग सिंह और उनके करीबियों घर व कार्यालय से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पांच करोड़ रुपये की नकदी, सोने के तीन बिस्कुट और 100 से अधिक विदेशी शराब की बोतल बरामद की है। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को साफ किया है कि गुरुवार को मारे गए इन छापों में विदेश में बनाई गई कई संपत्तियों के कागजात और चार विदेशी राइफल सहित अन्य चीजें भी मिली हैं। एजेंसी की यह कार्रवाई आज सुबह तक जारी

**हरियाणा में इडी की रेड**

**सोने के तीन बिस्कुट, 100 से अधिक विदेशी शराब की बोतलें और चार विदेशी राइफल मिलीं**

रही। प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत के आदेश पर सोनीपत से पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, करनाल के भाजपा नेता मनोज वधवा और यमुनानगर के इनेलो से पूर्व विधायक के ठिकानों पर छापा मारा था। ईडी के अधिकारियों ने दिलबाग सिंह के कार्यालय, फैजपुर स्थित फार्म हाउस सहित अन्य कारोबारी संजीव बिट्टा, इंद्रपाल सिंह बब्बल के घर और अन्य ठिकानों पर छापा मारा था।



दिलबाग सिंह 2009 में विधायक का चुनाव जीते थे। 2014 में उन्हें भाजपा के घनश्याम दास अरोड़ा से हार का सामना करना पड़ा था। अभय चौटाला के समधी इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह का खनन और माझा ट्रांसपोर्ट के नाम से बड़ा कारोबारी नेटवर्क है। उनका नेटवर्क हरियाणा के अलावा राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर फैला है।

# महर्षि वाल्मीकि के नाम पर होगा अयोध्या एयरपोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने और इसका नाम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार अयोध्या की आर्थिक क्षमता और वैश्विक तीर्थ स्थल के रूप में इसके महत्व को समझने, विदेशी तीर्थयात्रियों और

**कैबिनेट ने दी मंजूरी**



पर्यटकों के लिए दरवाजे खोलने के लिए अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है। हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धांजलि देता है, ऋषि ने महाकाव्य रामायण की रचना की, जिससे हवाई अड्डे की पहचान में एक सांस्कृतिक स्पर्श जुड़ गया। अपनी गहरी सांस्कृतिक जड़ों के साथ अयोध्या रणनीतिक रूप से एक प्रमुख आर्थिक केंद्र और तीर्थ स्थल बनने की स्थिति में है। अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और व्यवसायों को आकर्षित करने की हवाई अड्डे की क्षमता शहर की ऐतिहासिक प्रमुखता के अनुरूप है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि 7.3 % रहेगी

**नयी दिल्ली।** वैश्विक परिस्थियों के चुनौतीपूर्ण बने रहने के बावजूद केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय का अनुमान है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि होगी। एनएसओ का यह अनुमान आरबीआई के पिछले अनुमान से अधिक है। केंद्रीय ने दिसंबर में जीडीपी वृद्ध के अपने पहले के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ा कर सात प्रतिशत कर दिया था।

# ग्राम विकास के सपने को साकार कर रहे प्रधानमंत्री मोदी : बिरला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महात्मा गांधी के ग्राम विकास के सपने को साकार कर रहे हैं। बिरला शुक्रवार को संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों की महिला प्रतिनिधियों के लिए आयोजित

**▸▸ महिला प्रतिनिधियों के लिए पंचायत से संसद तक कार्यक्रम का लोकसभा अध्यक्ष ने किया उद्घाटन**

पंचायत से संसद तक कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संसद के नए भवन में आयोजित पहले ही सत्र में नारी शक्ति अधिनियम को पारित किया गया।

# अडानी फिर बने भारत के सबसे अमीर व्यक्ति

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी एक बार फिर सबसे अमीर भारतीय बन गए हैं। उन्होंने अमीरी के मामले में मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। विश्व स्तर पर भी अमीरों की सूची में वह मुकेश अंबानी से आगे चले गए हैं।

आर्थिक खबरों की वेबसाइट मिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स (बीबीआई) पर अडानी समूह की कंपनियों के चेयरपर्सन गौतम अडानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पछाड़कर भारत और एशिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं।

**▸▸ 97.6 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ अडानी ने मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा**

गौतम अडानी ने विश्व रैंकिंग में शीर्ष 12 में अपनी जगह बना ली है, वहीं मुकेश अंबानी सिर्फ उनसे एक पायदान नीचे 13वें स्थान पर हैं। दोनों ही पिछले साल से एक पायदान ऊपर चढ़े हैं। इससे पहले दिसंबर 2023 में, इस सूची में गौतम अडानी 15वें स्थान पर पहुंच गए थे और अंबानी उस समय 14वें स्थान पर थे।

97.6 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ, अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर व्यक्ति और सूची में सबसे अमीर भारतीय



और एशियाई हैं। उन्होंने इससे पहले की सूची के मुकाबले 7.67 बिलियन डॉलर की बढ़त हासिल की है और साल-दर-साल 13.3 बिलियन डॉलर अर्जित किए हैं। पिछले वर्ष की शुरूआत में, हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद अडानी समूह की नेटवर्थ में कई पायदान की गिरावट देखी गई थी। जनवरी 2023 में, न्यूयॉर्क स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी समूह पर लंबे समय तक स्टॉक में हेरफेर और लेखांकन से जुड़ी अनियमितताओं का आरोप लगाया था।

हिंडनबर्ग रिसर्च के दावों का अडानी समूह ने खंडन किया था लेकिन इन आरोपों के बाद, अडानी समूह की कंपनियों के शेयर की कीमतों में गिरावट आई थी। इसके कारण अडानी की संपत्ति में लगभग 60 प्रतिशत की भारी कमी आई थी। तब उनकी संपत्ति में 69 बिलियन डॉलर तक की गिरावट आई थी।

मिंट की यह रिपोर्ट कहती है कि गौतम अडानी के नेतृत्व में अहमदाबाद का अडानी समूह भारत में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा समूह के रूप में खड़ा है।

यह देश के सबसे बड़े निजी बंदरगाह का मालिक है और वैश्विक कोयला व्यापार में इसकी प्रमुख भूमिका है। अडानी समूह की प्रमुख कंपनी, अडानी एंटरप्राइजेज ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए 17 बिलियन डॉलर के राजस्व की घोषणा की थी।

गौतम अडानी की संपत्ति मुख्य रूप से उनके द्वारा स्थापित अडानी समूह और इससे संबद्ध छह सार्वजनिक रूप से कारोबार वाली कंपनियों में उनके स्वामित्व से आती है।

## एडीजी श्रीनिवास वर्मा बने सीबीआइ के संयुक्त निदेशक

**भोपाल।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ग्वालियर जोन डी श्रीनिवास वर्मा केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए हैं। उन्हें सीबीआइ के ज्वाइंट डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया। उनकी सेवाएँ कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पांच वर्ष अथवा अन्य आगामी आदेश तक, जो भी पहले सौंपी गई हैं। इस संबंध में गृह विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। मध्य प्रदेश कैडर के 1997 बैच के वर्मा करीब डेढ़ साल पहले स्थानांतरित होकर बतौर ग्वालियर जोन के एडीजी पदस्थ हुए थे। ग्वालियर में पदस्थ रहते हुए ही उन्होंने केंद्र में प्रतिनियुक्ति में जाने के लिए आवेदन दिया था।

## एक नजर में

### इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी की आने वाली वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ऑबराय नजर आने वाले हैं।इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है।ट्रेलर की शुरुआत में विवेक ओबेरॉय की आवाज गूंजती है,आज जो हुआ ये हमला किसी मार्केट पर नहीं हमारी हिम्मत, हमारे जज्बे पर हुआ है। सांप हमारे से खेलना चाहता है पर हम खेलते नहीं, दिल्ली पुलिस खेल खत्म करती है। इसके बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा पुलिस यूनिफॉर्म में नजर आते हैं। उनके साथ ही पुलिस यूनिफॉर्म में शिल्पा शेट्टी भी नजर आती हैं। इंडियन पुलिस फोर्स 19 जनवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### पाक में आतंकी कमांडर तूर समेत दो ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में दो दहशतगर्दों को मार गिराया। मारे गए लोगों में आतंकी संगठन का दुर्दांत कमांडर गुल यूसुफ तूर भी शामिल है। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज ने इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के शुक्रवार को जारी बयान के आधार पर यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षाबलों ने चार-पांच जनवरी की दरमियानी रात दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादी तूर टैंक और सीमावर्ती जिलों में दहशत का पर्याय था।

### अमेरिका : स्कूल में गोलीबारी, छात्र की मौत

**वाशिंगटन।** आयोवा प्रांत के पेरी हाईस्कूल में गुरुवार सुबह एक बंदूकधारी ने जमकर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में छठी के एक छात्र की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक घायलों में एक की हालत गंभीर है। द न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, विद्यार्थी अपनी शीतकालीन छुट्टियों के बाद वापस स्कूल आ रहे थे, तभी बंदूकधारी ने उन्हें निशाना बनाया। अखबार के अनुसार आयोवा डिवीजन ऑफ क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन के सहायक निदेशक मिच मोर्टवेट ने घटना की पुष्टि की है। मोर्टवेट ने कहा कि घायलों में चार छात्र और एक प्रशासक शामिल हैं। प्रशासक की पहचान ईस्टन वैली कम्युनिटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने डैन मार्बर्गर के रूप में की है। वह पेरी हाईस्कूल के प्रिंसिपल भी हैं।

### इजरायली गोलीबारी में 14 फिलिस्तीनियों की मौत

**बेरूत।** इजरायली गोलाबारी में गुरुवार को गाजा पट्टी के दक्षिण में नौ बच्चों सहित 14 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में अल मवासी शिविर पर हुए हमले में सभी 14 फिलिस्तीनी मारे गए।

### भारत में कोरोना के 761 नये मामले, 12 मरे

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी जारी है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 761 नए मामले सामने आए हैं और इससे 12 मरीजों की मौत हुई है। शुक्रवार को जारी स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना के 838 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मौजूदा समय में 4334 एक्टिव मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक और केरल में कोरोना के नए मामलों में लगातार बढ़ोतरी जारी है। यहां कोरोना से मरने वालों की संख्या भी अधिक है। कर्नाटक में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 4 मरीजों की मौत हुई है वहीं, केरल में 5 लोगों की मौत हुई है।

### 91 कोयला खदानों की हुयी नीलामी

**नयी दिल्ली।** देश में तीन साल पहले शुरू वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के तहत अबतक 91 खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है। इन आवंटित खदानों में से 6 वाणिज्यिक खदानों ने पहले ही कोयले का उत्पादन शुरू कर दिया है, जबकि अन्य तीन खदानों में जल्द ही उत्पादन शुरू होने की संभावना है। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 91 वाणिज्यिक कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है। इन खदानों में से 6 वाणिज्यिक खदानों ने कोयले का उत्पादन शुरू कर दिया है, जबकि अन्य तीन में जल्द ही उत्पादन शुरू होने की संभावना है। नीलाम की गई इन खदानों से कोयला खनन से उत्पादन के साथ 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।

### मंत्रिमंडल ने पृथ्वी विज्ञान को दी मंजूरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 4797 करोड़ रुपए की व्यापक योजना पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी) को शुक्रवार को मंजरी दे दी । प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशा की प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। पृथ्वी विज्ञान योजना को 2021-26 की अवधि के के लिए मंजूरी दी गई है। इस योजना में पांच उप-योजनाएँ , वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएँ , महासागर सेवाएँ, मॉडलिंग अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी , ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान , भूकंप विज्ञान तथा भूविज्ञान और अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच शामिल हैं। पृथ्वी योजना के प्रमुख उद्देश्यों में पृथ्वी प्रणाली और परिवर्तन के महत्वपूर्ण संकेतों को रिकॉर्ड करने के लिए वायुमंडल, महासागर, भूमंडल, क्रायोस्फीयर और ठोस पृथ्वी के दीर्घकालिक अवलोकनों का संवर्द्धन और रखरखाव। मौसम, महासागर और जलवायु खतरों को समझने और भविष्यवाणी करने और जलवायु परिवर्तन के विज्ञान को समझने के लिए मॉडलिंग सिस्टम का विकास।


VERMA PRESS

**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

**Verma's® Today®**

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!